किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक समाज जागरण

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 4 अंकः 164 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) बुधवार 25 मार्च 2026 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया

सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसलाः धर्म परिवर्तन पर खत्म होगा एससी दर्जा

समाज जागरण

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने धर्म परिवर्तन से जुड़े एक अहम मामले में स्पष्ट कर दिया है कि अनुसूचित जाति (एससी) का दर्जा केवल हिंदू, सिख और बौद्ध धर्म के अनुयायियों तक ही सीमित रहेगा। कोर्ट ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति इन धर्मों को छोड़कर ईसाई या किसी अन्य धर्म को अपनाता है, तो उसे एससी का दर्जा और उससे जुड़े कानूनी लाभ नहीं मिलेंगे।

यह महत्वपूर्ण फैसला जस्टिस पी. के. मिश्रा और जस्टिस एन. वी. अंजारिया की पीठ ने सुनाया। अदालत ने अपने निर्णय में स्पष्ट किया कि संविधान के तहत एससी की परिभाषा धार्मिक

आधार पर निर्धारित है, और इसका लाभ केवल उन्हीं समुदायों को मिल सकता है, जो निर्धारित दायरे में आते हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट के फैसले को भी सही ठहराते हुए कहा कि ईसाई धर्म अपनाने वाले व्यक्ति अपनी अनुसूचित जाति की पहचान बनाए नहीं रख सकते। कोर्ट ने कहा कि धर्म परिवर्तन के बाद व्यक्ति की सामाजिक और धार्मिक पहचान बदल जाती है, जिसका सीधा प्रभाव उसकी कानूनी स्थिति पर पड़ता है।

अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि एससी वर्ग को मिलने वाले विशेष अधिकार और संरक्षण, जैसे एससी/एसटी एक्ट के तहत मिलने वाले लाभ, धर्म परिवर्तन के साथ स्वतः समाप्त हो जाते हैं। यह फैसला उन मामलों में मील का पत्थर माना जा रहा है, जहां धर्म परिवर्तन के बाद भी एससी दर्जे का दावा किया जाता रहा है। इस निर्णय से अब इस संवेदनशील मुद्दे पर कानूनी स्थिति और अधिक स्पष्ट हो गई है, जिससे भविष्य में ऐसे मामलों के निपटारे में मार्गदर्शन मिलेगा। (इनपुटः आईएएनएस)

रिठाला-नरेला-कुंडली मेट्रो कॉरिडोर को मंजूरी, हरियाणा कैबिनेट का बड़ा फैसला

समाज जागरण

चंडीगढ़। नायब सिंह सैनी ने जानकारी दी कि हरियाणा कैबिनेट ने रिठाला-नरेला-कुंडली मेट्रो कॉरिडोर की संशोधित डीपीआर (विस्तृत परियोजना रिपोर्ट) को मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस परियोजना के तहत मेट्रो लाइन को नरेला से कुंडली तक विस्तारित किया जाएगा। इस विस्तार की लंबाई लगभग 2.726 किलोमीटर होगी, जिसमें कुंडली और नाथुपुर में दो एलिवेटेड (ऊंचाई पर बने) मेट्रो स्टेशन बनाए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि इस परियोजना के पूरा होने से दिल्ली-हरियाणा के बीच कनेक्टिविटी और अधिक मजबूत होगी, जिससे क्षेत्र के लोगों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी। साथ ही, यह कॉरिडोर औद्योगिक और आवासीय क्षेत्रों के विकास को भी गति देगा।

ट्रंप-मोदी वार्ताः पश्चिम एशिया संकट पर शांति और स्थिरता पर जोर

नई दिल्ली। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच डोनाल्ड ट्रंप और नरेंद्र मोदी के बीच अहम टेलीफोनिक बातचीत हुई है। इस दौरान दोनों नेताओं ने क्षेत्र की मौजूदा स्थिति पर गंभीर चर्चा करते हुए शांति, स्थिरता और वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति को सुरक्षित बनाए रखने पर जोर दिया।

प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया पर जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रपति ट्रंप के साथ पश्चिम एशिया के हालात पर सार्थक विचार-विमर्श हुआ। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत तनाव कम करने और शांति बहाली के प्रयासों का समर्थन करता है। साथ ही, होर्मुज जलडमरूमध्य को खुला, सुरक्षित और सुलभ बनाए रखना पूरी दुनिया के लिए बेहद आवश्यक है।

यह बातचीत ऐसे समय हुई है जब पश्चिम एशिया में अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच संघर्ष तेज है और करीब 25 दिनों से हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं। इस दौरान होर्मुज जलडमरूमध्य में हमलों और संभावित अवरोधों की वजह से वैश्विक तेल और गैस आपूर्ति प्रभावित हो रही है।

भारत के लिए यह स्थिति और भी अहम है, क्योंकि देश अपनी ऊर्जा जरूरतों का 60 फीसदी से अधिक हिस्सा इसी क्षेत्र से आयात करता है। ऐसे में किसी भी तरह की बाधा सीधे भारत की ऊर्जा सुरक्षा पर असर डाल सकती है। इससे पहले भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने भी इस बातचीत की जानकारी साझा की थी। भारत ने एक बार फिर स्पष्ट किया है कि वह सभी पक्षों–ईरान, इजरायल, अमेरिका और खाड़ी देशों–से लगातार संपर्क में है और विवादों के समाधान के लिए संवाद और कूटनीति को ही सबसे प्रभावी रास्ता मानता है। प्रधानमंत्री मोदी ने संसद में भी इस संकट को "चिंताजनक" बताते हुए कहा कि भारत वैश्विक शांति और स्थिरता के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। यह बातचीत मौजूदा युद्ध के बाद दोनों नेताओं के बीच पहली सीधी वार्ता है, जिसे क्षेत्रीय और वैश्विक स्तर पर महत्वपूर्ण कूटनीतिक पहल माना जा रहा है।

देश में ईंधन की कोई कमी नहींः रिफाइनरियां फुल कैपेसिटी पर, 18,700 टन कमर्शियल LPG सप्लाई

समाज जागरण

नई दिल्ली। वैश्विक हालात के बीच सरकार ने देश में ईंधन आपूर्ति को लेकर बड़ी राहत भरी जानकारी दी है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि देश की सभी गैस रिफाइनरियां पूरी क्षमता पर काम कर रही हैं और पेट्रोल, डीजल व गैस का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है।

अंतर-मंत्रालयी ब्रीफिंग में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि सोमवार तक देशभर में 18,700 टन कमर्शियल एलपीजी की आपूर्ति की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि किसी भी क्षेत्र में ईंधन की कमी नहीं है और सप्लाई पूरी तरह सामान्य बनी हुई है।

सरकार ने पाइप्ड नेचुरल गैस (PNG) कनेक्शन बढ़ाने के निर्देश भी दिए हैं। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड ने सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन कंपनियों से कहा है कि जहां सुविधा उपलब्ध हो, वहां 5 दिनों के भीतर स्कूलों, कॉलेजों और आंगनवाड़ी किचन में PNG कनेक्शन सुनिश्चित किया जाए।

सोमवार को देश के 110 प्रमुख क्षेत्रों में करीब 7,500 नए घरेलू और व्यावसायिक PNG कनेक्शन दिए गए। वहीं, मार्च के पहले तीन हफ्तों में 3.5 लाख से अधिक कनेक्शन जारी किए जा चुके हैं।

सरकार के अनुसार देश में 1 लाख से ज्यादा पेट्रोल पंप सामान्य रूप से संचालित हो रहे हैं, जहां पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है। एलएनजी भंडार भी पर्याप्त है और सप्लाई चेन पूरी तरह सक्रिय है।

हाइलाइट बॉक्स

- सभी गैस रिफाइनरियां 100% क्षमता पर संचालित
- 18,700 टन कमर्शियल LPG की सप्लाई
- देश में पेट्रोल-डीजल का भरपूर स्टॉक
- 110 क्षेत्रों में 7,500 PNG कनेक्शन जारी
- मार्च में 3.5 लाख से ज्यादा PNG कनेक्शन
- 1 लाख+ पेट्रोल पंप सामान्य रूप से चालू
- घरेलू PNG व CNG को 100% सप्लाई
- इंडस्ट्री को लगभग 80% गैस सप्लाई

सरकार ने जनता से अपील की है कि घबराहट में खरीदारी न करें, क्योंकि एलपीजी सिलेंडर की डिलीवरी सामान्य रूप से जारी है और स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है।

जरूरी सेवाओं को प्राथमिकता देते हुए घरेलू PNG और CNG ट्रांसपोर्ट को 100 प्रतिशत सप्लाई दी जा रही है, जबकि औद्योगिक और व्यावसायिक उपभोक्ताओं को लगभग 80 प्रतिशत आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है।

सरकार ने साफ किया है कि मौजूदा भू-राजनीतिक परिस्थितियों पर लगातार नजर रखी जा रही है और देश में ईंधन की उपलब्धता बनाए रखने के लिए हर संभव कदम उठाए जा रहे हैं।

दिल्ली को मिला ₹1.03 लाख करोड़ का 'ग्रीन बजट', पर्यावरण पर 21% खर्च

नई दिल्ली। रेखा गुप्ता ने मंगलवार को दिल्ली विधानसभा में वित्त वर्ष 2026-27 का बजट पेश करते हुए राजधानी के विकास के लिए कई बड़े ऐलान किए। इस बार ₹1,03,700 करोड़ का बजट पेश किया गया, जिसे "ग्रीन बजट" का नाम दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बजट की हर योजना में पर्यावरण संरक्षण और भविष्य की पीढ़ियों को ध्यान में रखा गया है। इसी के तहत कुल बजट का 21 प्रतिशत हिस्सा पर्यावरण से जुड़े कार्यों के लिए निर्धारित किया गया है।

राजस्व के स्रोतों पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि 900 करोड़ नॉन-टैक्स रेवेन्यू से आएंगे, जबकि 591 करोड़ केंद्रीय सड़क निधि से प्राप्त होंगे। इसके अलावा, केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के तहत लगभग 2,500 करोड़ मिलने की उम्मीद है। कुल बजट का 70.3 प्रतिशत हिस्सा राजस्व व्यय के लिए निर्धारित किया गया है। नगर निकायों को मजबूत करने के उद्देश्य से इस बार दिल्ली नगर निगम (MCD) को 11,666 करोड़ का बड़ा आवंटन किया गया है, जिसे अब तक का सबसे बड़ा प्रावधान माना जा रहा है। इंफ्रास्ट्रक्चर और शहरी विकास को भी प्राथमिकता दी गई है।

बिहार सरकार का अल्टीमेटमः 25 मार्च तक काम पर लौटें राजस्व अधिकारी, वरना सेवा होगी समाप्त

(समाज जागरण संवाददाताः वेद प्रकाश)

पटना। बिहार में हड़ताली राजस्व अधिकारियों के खिलाफ सरकार ने कड़ा रुख अपनाते हुए साफ चेतावनी दी है। विजय कुमार सिन्हा ने दो टूक कहा है कि 25 मार्च 2026 की शाम 5 बजे तक जो अधिकारी अपने पद पर वापस नहीं लौटेंगे, उनके खिलाफ सेवा समाप्त (Service Break) और वेतन कटौती जैसी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

उपमुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि 9 मार्च से बिहार राजस्व सेवा के कुछ अधिकारियों द्वारा लिया गया सामूहिक अवकाश पूरी तरह नियमों के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि सरकार जनहित और

प्रशासनिक व्यवस्था से कोई समझौता नहीं करेगी।

विभागीय सूत्रों के अनुसार, अपर सचिव आजीव वत्सराज द्वारा जारी पत्र में भी इस अनुपस्थिति को गंभीर लापरवाही माना गया है। सरकार का रुख इसलिए भी सख्त है क्योंकि इस समय नीतीश कुमार की 'समृद्धि यात्रा' और 'भूमि सुधार जनकल्याण संवाद' जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम चल रहे हैं, जिन पर इसका सीधा असर पड़ रहा है।

सरकार ने सख्ती के साथ राहत का विकल्प भी दिया है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि जो अधिकारी निर्धारित समय सीमा के भीतर ड्यूटी जॉइन कर लेंगे, उनके अवकाश को सहानुभूतिपूर्वक समायोजित करने पर विचार किया जाएगा।

हालांकि, तय समय सीमा के बाद भी अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई तय मानी जा रही है। सरकार ने साफ संकेत दिया है कि आम जनता को होने वाली परेशानी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

अब देखना होगा कि सरकार की सख्ती के बाद हड़ताली अधिकारी अपने रुख में बदलाव करते हैं या टकराव और बढ़ता है।

चैती छठ पर्व को लेकर पटना के उलार्क सूर्य मंदिर में जुटी श्रद्धालुओ की भीड़

समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश

पटना/ लोक आस्था का महापर्व चैती छठ पर्व के तीसरे दिन मंगलवार की शाम पटना जिले के दुल्हिन बाजार प्रखण्ड क्षेत्र के उलार गांव स्थित प्रसिद्ध उलार्क सूर्य मंदिर परिसर में स्थित चमत्कारी तालाब में डूबते सूर्य को अर्घ्य देने के लिए छठ ब्रतीयो की भीड़ उमड़ पड़ी।

प्राप्त सूचना के अनुसार दुल्हिन बाजार प्रखण्ड क्षेत्र के उलार गांव में विश्व प्रसिद्ध उलार्क सूर्य मंदिर स्थित है। जिसके परिसर में मंगलवार की शाम छठ ब्रतीयो की भीड़ उमड़ पड़ी। वही सुरक्षा को लेकर पुलिस टीम के साथ पालीगंज एसडीओ चंदन कुमार, एसडीपीओ 1 राजीवचन्द्र सिंह, एसडीपीओ 2 पंकज शर्मा, थानाध्यक्ष सोनू कुमार लगातार निरीक्षण करते रहे। वही बैंड बाजे के साथ छठ व्रती उलार सूर्य मंदिर पहुंचे। जहां ब्रतीयो ने सबसे पहले मंदिर परिसर में बने पौराणिक तालाब का परिक्रमा किया। उसके बाद तालाब में स्नान कर अस्तलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया। वही छठ ब्रतीयो ने मंदिर में प्रवेश किया व भाष्कर की प्रतिमा की पूजा अर्चना किया। अर्घ्य के दौरान तालाब में अप्रिय घटना से शुरक्षा के लिये बेरिकेटिंग के साथ एसडीआरएफ की टीम भी तैनात रही। मंदिर परिसर तथा आसपास में छठ ब्रतीयो व श्रद्धालुओ की सुविधा को लेकर प्रशासन की ओर से लाइटिंग, शौचालयों, चिकित्सीय व्यवस्था व पेयजल सहित अन्य सभी प्रकार की समुचित ब्यवस्था की गई है।

उलार्क सूर्य मंदिर में जुटे ब्रतीयो की भीड़ व निरीक्षण करती प्रशासन।

ज्ञात हो कि उलार्क सूर्यमन्दिर का सम्बन्ध द्वापर युग से है। शाम्ब पुराण में वर्णित कथाओं के अनुसार श्रीकृष्ण के जामवंती पुत्र राजा शाम्ब ने कुष्ठ रोग से मुक्ति के लिए यहां पर सर्वप्रथम सूर्योपासना व छठ ब्रत किया था। तब से आजतक यहाँ देश के कोने कोने से श्रद्धालु पहुंचते है तथा छठ ब्रत करते है। माना जाता है कि यहां जो भी मन्नते मानते है उनकी मन्नते पूरी हो जाती है। कुछ लोग मन्नते पूरी होने पर महिलाएं अपनी आँचल पर नेटुये का नाच भी कराती है।

यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में बड़े औद्योगिक निवेश को मंजूरी, हजारों को मिलेगा रोजगार

समाज जागरण संदीप गर्ग

नोएडा। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र में औद्योगिक विकास को गति प्रदान करते हुए विभिन्न कंपनियों को औद्योगिक इकाइयों की स्थापना हेतु भूमि आवंटित की गई है। इनवेस्ट यूपी की संस्तुति पर यह आवंटन किया गया है तथा संबंधित कंपनियों को शीघ्र ही आवंटन पत्र जारी किए जाएंगे।

प्राधिकरण के सेक्टर-10 में एस्कॉर्ट्स कुबोटा लिमिटेड को 154 एकड़ भूमि आवंटित की गई है। कंपनी यहां ट्रैक्टर एवं निर्माण उपकरण निर्माण इकाई स्थापित करेगी। इस परियोजना के अंतर्गत लगभग 2,029 करोड़ का निवेश किया जाएगा, जिससे लगभग 4,000 व्यक्तियों के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

इसी प्रकार सेक्टर-8डी में सीएनएच इंडस्ट्रियल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को 100 एकड़ भूमि आवंटित की गई है। कंपनी द्वारा ट्रैक्टर निर्माण इकाई स्थापित की जाएगी, जिसमें लगभग 1,219.81 करोड़ का निवेश होगा तथा करीब 1,200 लोगों को रोजगार प्राप्त होगा।

इसके अतिरिक्त सन ऑर्गेनिक

इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड को सेक्टर-8डी में 30,000 वर्गमीटर भूमि आवंटित की गई है। इस इकाई में ड्राई फ्रूट प्रसंस्करण एवं पैकेजिंग का कार्य किया जाएगा। इस परियोजना के माध्यम से 225.16 करोड़ का निवेश होगा तथा 569 व्यक्तियों को रोजगार उपलब्ध होगा।

इन औद्योगिक परियोजनाओं के माध्यम से क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियों को प्रोत्साहन मिलने के साथ ही बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन की संभावनाएं प्रबल हुई हैं। प्राधिकरण द्वारा औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने एवं निवेशकों के लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराने हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

ईरान के राजदूत का बयानः "युद्ध हमने शुरू नहीं किया, लेकिन अंत हम करेंगे"

समाज जागरण

नई दिल्ली। भारत में डॉ. मोहम्मद फथाली ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह युद्ध अभी जारी है और इसकी समाप्ति ईरान की शर्तों पर ही निर्भर करेगी। राजदूत ने कहा कि ईरान इस संघर्ष का आरंभकर्ता नहीं है, लेकिन इसे समाप्त करने में निर्णायक भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि युद्ध विराम तभी संभव है जब आक्रामक कार्रवाइयों को पूरी तरह रोका जाए, भविष्य में हमलों की पुनरावृत्ति न होने की विश्वसनीय गारंटी मिले



और हमलावरों को जवाबदेह ठहराया जाए।

उन्होंने यह भी कहा कि ईरान अपने वैध अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए हर संभव प्रयास करेगा। देश की संप्रभुता और सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

राजदूत ने ॡप्रतिरोधॡ की नीति को दोहराते हुए कहा कि उनके शहीद नेताओं ने सिखाया है कि दुश्मन के सामने झुकने की कीमत, प्रतिरोध की कीमत से कहीं अधिक होती है। यही सिद्धांत आगे ईरान की रणनीति को दिशा देगा।

उन्होंने कहा कि ईरानी जनता ने एकजुट होकर प्रतिरोध का रास्ता चुना है और देश का उज्ज्वल एवं सुरक्षित भविष्य उसकी दृढ़ता, एकता और धैर्य पर निर्भर करता है।

यह बयान ऐसे समय में आया है जब पश्चिम एशिया में तनाव चरम पर है और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हालात को लेकर चिंता बढ़ती जा रही है।

आस्था और दर्शन जीवन की दो धाराएँ मगर एक ही सत्य की खोज

मन मंदिर में दीप जले	आस्था का अटूट सहारा,
विश्वास ज्योति प्रखर हो ,	जीवन सहज पथ पर लाए
संदेह बादल हटें,	हृदय- बुद्धि का संगम हो,
अंतर्मन निर्मल सरोवर हो	सत्य का साक्षात्कार मिले,
दर्शन की दृष्टि मिले,	जीवन बन जाए साधना,
हर कण में ईश्वर दिख जाए,	श्वासों में प्रभु विस्तार दिखे।।

मनुष्य का जीवन केवल भौतिक उपलब्धियों तक सीमित नहीं है; वह भीतर से निरंतर किसी गहरे सत्य की तलाश में रहता है। यही तलाश उसे आस्था और दर्शन की ओर ले जाती है। आस्था वह विश्वास है जो बिना तर्क के भी हृदय में गहराई से स्थापित रहता है, जबकि दर्शन वह चिंतन है जो तर्क, अनुभव और विवेक के माध्यम से सत्य की खोज करता है। ये दोनों भले ही अलग प्रतीत होते हों, परंतु वास्तव में एक-दूसरे के पूरक हैं।

आस्था मनुष्य को संबल देती है। जब जीवन की राह कठिन हो जाती है, जब हर ओर निराशा का अंधकार छा जाता है, तब आस्था ही वह दीपक बनती है जो भीतर उम्मीद की लौ जलाए रखती है। यह आस्था ही है जो व्यक्ति को यह विश्वास दिलाती है कि हर कठिनाई के बाद सुख का सूर्योदय अवश्य होगा। आस्था हमें जोड़ती है- परमात्मा से, प्रकृति से और स्वयं अपने अंतर्मन से।

भारतीय दर्शन और जनमानस में आस्था और श्रद्धा दो ऐसे शब्द हैं, जिन्हें अक्सर एक-दूसरे का पर्यायवाची मान लिया जाता है। किंतु, यदि हम इनके मूल अर्थ और मनोवैज्ञानिक गहराई में उतरें, तो पाएंगे कि ये एक ही सिक्के के दो अलग-अलग पहलू हैं। जहाँ आस्था एक 'दृढ़ निश्चय' है, वहीं श्रद्धा एक 'समर्पण युक्त भाव' है। आस्था का अर्थ है, किसी विचार, सत्ता या सिद्धांत के प्रति अडिग विश्वास। यह विश्वास का वह परिपक्व रूप है जिसे तर्क या परिस्थितियों से हिलाया नहीं जा सकता। निश्चितताः आस्था में एक प्रकार की बौद्धिक और मानसिक स्थिरता होती है। शक्तिः यह मनुष्य को कठिन समय में संबल प्रदान करती है। उदाहरण के लिए, ईश्वर के प्रति आस्था व्यक्ति को यह यकीन दिलाती है कि "सब ठीक हो जाएगा।" प्रकृतिः आस्था बाहरी स्त्रोतों (जैसे धर्मग्रंथ, गुरु या परंपरा) से शुरू हो सकती है, जो बाद में व्यक्तिगत अनुभव में बदल जाती है।

श्रद्धा की बात करें तो श्रद्धा, आस्था से एक कदम आगे की स्थिति है। संस्कृत में कहा गया है- "श्रत सत्यं दधाति इति श्रद्धा" (जो सत्य को धारण करे, वही श्रद्धा है)। भावनात्मक गहराईः श्रद्धा में केवल विश्वास नहीं होता, बल्कि उसमें आदर, प्रेम और कृतज्ञता का भाव भी सम्मिलित होता है। समर्पणः जहाँ आस्था में 'मानना' मुख्य है, वहीं श्रद्धा में 'झुकना' (विनम्रता) मुख्य है। क्रियाशीलताः श्रद्धा हमें उस मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करती है जिसमें हम विश्वास रखते हैं।

कुल मिलाकर आस्था और श्रद्धा में मुख्य अंतर यह है कि आस्था जोएक वैचारिक या मानसिक दृढ़ता है। यह एक हृदयगत और भावनात्मक भाव है। यह ज्ञान या परंपरा पर आधारित हो सकती है। यह पूर्णतः सात्विक प्रेम और आदर पर टिकी होती है। आस्था प्रश्न पूछ सकती है या तर्क से गुजर सकती है। तो वही श्रद्धा तर्क से परे है; यह बिना शर्त होती है। यह सुरक्षा का भाव देती है। यह व्यक्ति के अहंकार को गलाकर उसे रूपांतरित करती है।

आज के भागदौड़ भरे और अनिश्चितता से भरे युग में, आस्था और श्रद्धा की प्रासंगिकता और बढ़ गई है। जब विज्ञान और तर्क थक जाते हैं, तब मनुष्य की आंतरिक शांति इन्हीं दो स्तंभों पर टिकी होती है। दूसरी ओर, दर्शन हमें प्रश्न करने की शक्ति देता है। यह हमें अंधविश्वास से दूर ले जाकर सत्य के मूल तक पहुंचने की प्रेरणा देता है। दर्शन कहता है कि हर विश्वास को समझना भी आवश्यक है। वह जीवन के गूढ़ प्रश्नों - मैं कौन हूँ?, इस संसार का उद्देश्य क्या है?..का उत्तर खोजने का मार्ग प्रशस्त करता है। दर्शन के माध्यम से मनुष्य अपने अस्तित्व की गहराइयों को समझने का प्रयास करता है।

यदि केवल आस्था हो और दर्शन न हो, तो मनुष्य अंधविश्वास में फंस सकता है। और यदि केवल दर्शन हो, आस्था न हो, तो जीवन में सूखा तर्क रह जाता है जिसमें संवेदनाओं की कमी होती है। अतः दोनों का संतुलन आवश्यक है। आस्था हृदय को शक्ति देती है, और दर्शन बुद्धि को दिशा देता है। जब हृदय और बुद्धि का यह संगम होता है, तब मनुष्य का जीवन संतुलित और सार्थक बनता है।

आज के आधुनिक युग में, जहाँ विज्ञान और तकनीक ने अपार प्रगति की है, वहाँ भी आस्था और दर्शन की प्रासंगिकता कम नहीं हुई है। बल्कि, तेजी से बदलते इस युग में मनुष्य को मानसिक शांति और आत्मिक संतुलन की पहले से अधिक आवश्यकता है। ऐसे में आस्था उसे स्थिरता देती है और दर्शन उसे सही मार्ग दिखाता है। अंततः, आस्था और दर्शन दोनों ही मनुष्य को उसके वास्तविक स्वरूप से परिचित कराते हैं। वे सिखाते हैं कि जीवन केवल बाहरी उपलब्धियों का नाम नहीं, बल्कि एक आंतरिक यात्रा भी है- एक ऐसी यात्रा, जहाँ हर कदम पर आत्मबोध और सत्य की अनुभूति होती है। जहां आस्था हमें 'खड़ा' होने की शक्ति देती है, तो श्रद्धा हमें 'चलने' की प्रेरणा। आस्था यदि बीज है, तो श्रद्धा वह जल है जो उसे वटवृक्ष बनाती है। इन दोनों के समन्वय से ही मनुष्य जीवन की सार्थकता को प्राप्त कर सकता है। आस्था मन का विश्वास है, श्रद्धा हृदय का समर्पण।"" श्रद्धाहीन ज्ञान बोझ है, और आस्थाहीन कर्म दिशाहीन।"" अंधश्रद्धा से बचें, विवेकपूर्ण आस्था को चुनें।"आस्था विश्वास बीज है तो श्रद्धा उसका पल्लवित रूप है।"

– सुरेश सिंह बैस शाश्वत

समाज जागरण - जन-जन की आवाज

समाज जागरण का संदेश निराला,
आवाज बने हर दिल का उजियाला।
आम जन की पीड़ा, खुशियों का रंग,
आंखों के सामने लाता हर प्रसंग।

आज की खबर, सच्चाई का आईना,
आशा जगाए, मिटाए हर अंधियारा कोना।
आवाज उठाए अन्याय के खिलाफ,
आम जनता को दे न्याय का अलाप।

आलेखों में छुपा समाज का सार,
आदर्शों से करता सबका उद्धार।
आगे बढ़ते कदम, कल की ओर,
आशा जगाए हर घर-हर द्वार।

आओ पढ़ें, समझें और अपनाएं,
आदर्श समाज की राह बनाएं।
समाज जागरण संग चलें हम सब,
आत्मबल से करें देश को सबल।

जुली झा

धर्म बदलते ही खत्म होगा एससी दर्जा, सुप्रीम कोर्ट ने दोहराया सख्त नियम

भारत के सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को एक ऐसा फैसला सुनाया जिसने सामाजिक न्याय की पूरी बहस को फिर से गरमा दिया है। अदालत ने साफ कहा कि हिंदू, सिख या बौद्ध धर्म के अलावा किसी और धर्म में जाने वाला व्यक्ति अनुसूचित जाति का दर्जा तुरंत खो देता है। यह फैसला आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट के पुराने आदेश को बरकरार रखते हुए आया, जिसमें गुंटूर जिले के चिंतादा आनंद नाम के एक पादरी की याचिका खारिज की गई थी। चिंतादा आनंद ने कुछ लोगों पर जातिगत गाली-गलौज और हमले का आरोप लगाते हुए एससी-एसटी अत्याचार निवारण कानून के तहत मुकदमा दर्ज कराया था, लेकिन आरोपियों ने कहा कि वह तो दशक से ज्यादा समय से ईसाई धर्म अपनाकर पादरी का काम कर रहे हैं, इसलिए उन्हें अब वह संरक्षण नहीं मिल सकता। हाईकोर्ट ने इस दलील को माना और अब सुप्रीम कोर्ट की दो जजों की पीठ ने भी वही रुख अपनाया। जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने कहा कि अपीलकर्ता के ईसाई बनने और सक्रिय रूप से प्रार्थनाएं कराने के सबूत साफ हैं, इसलिए एससी का दर्जा खत्म माना जाएगा।यह फैसला कोई नया कानून नहीं बनाता, बल्कि 1950 के संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश की धारा 3 को दोहराता है। उस आदेश में लिखा है कि अनुसूचित जाति का दर्जा सिर्फ उन लोगों को मिलता है जो हिंदू, सिख या बौद्ध धर्म मानते हैं। कोई अन्य धर्म अपनाने पर जन्म से मिला यह हक स्वतः खत्म हो जाता है। कोर्ट ने जोर देकर कहा कि यह प्रतिबंध पूर्ण है, इसमें कोई छूट या अपवाद नहीं। चाहे व्यक्ति का जन्म किसी भी दलित परिवार में हुआ हो, अगर वह ईसाई या मुस्लिम बन जाता है तो वह अब अनुसूचित जाति का सदस्य नहीं रहता। ईसाई धर्म में जाति की कोई व्यवस्था नहीं मानी जाती, इसलिए जातिगत अत्याचार का कानून भी उस पर लागू नहीं होता। चिंतादा आनंद गांव में घर-घर रविवार की प्रार्थनाएं कराते थे, पादरी के रूप में काम करते थे। कोर्ट ने इन तथ्यों को देखते हुए कहा कि घटना के समय वह ईसाई धर्म का पालन कर रहे थे, इसलिए एससी-एसटी एक्ट के तहत शिकायत का आधार ही नहीं बनता।

इस फैसले की गहराई समझने के लिए हमें संविधान की मूल भावना को याद करना होगा। डॉक्टर भीमराव आंबेडकर और संविधान सभा ने अनुसूचित जाति को विशेष दर्जा इसलिए दिया क्योंकि हिंदू समाज में सदियों से छुआछूत और अस्पृश्यता का भयानक अन्याय चला था। यह दर्जा ऐतिहासिक दमन की याद दिलाता है, न कि किसी व्यक्तिगत पसंद का। 1950 का आदेश शुरू में सिर्फ हिंदुओं के लिए था। बाद में सिखों को 1956 में और बौद्धों को 1990 में शामिल किया गया क्योंकि इन धर्मों में भी जातीय संरचना बनी रही। लेकिन इस्लाम और ईसाई धर्म खुद को जातिविहीन बताते हैं। कोर्ट ने कहा कि अगर कोई इनमें चला जाता है तो ऐतिहासिक पीड़ा का आधार भी खत्म हो जाता है। इसलिए आरक्षण, सरकारी नौकरियां, शिक्षा में सीटें, छात्रवृत्तियां और कानूनी सुरक्षा जैसे लाभ अब नहीं मिल सकते।फैसले के बाद सबसे बड़ा सवाल यह उठता है कि क्या इससे धर्मांतरण रुकेगा? अनुच्छेद 25 के तहत धर्म बदलना हर भारतीय का मौलिक अधिकार है। कोई भी व्यक्ति अपनी आस्था बदल सकता है, प्रचार कर सकता है। लेकिन क्या यह अधिकार राज्य द्वारा दिए गए आरक्षण जैसे लाभों पर भी लागू होता है? सुप्रीम कोर्ट ने जवाब दिया नहीं। लाभ उस धर्म में झेली गई पीड़ा से जुड़े हैं, न कि व्यक्ति की नई आस्था से। अगर कोई दलित ईसाई बनकर भी पुराना एससी सर्टिफिकेट दिखाकर फायदा उठाता रहे तो असली हिंदू दलितों का हक छिन जाएगा। कोटा सीमित है, संसाधन सीमित हैं। नई आबादी जुड़ने से मौजूदा लाभार्थियों का हिस्सा कम हो जाएगा। राजनीति में भी असर पड़ेगा। आरक्षित सीटों पर उम्मीदवारों का चरित्र बदल सकता है। जो लोग धर्म बदलकर लाभ लेते रहे, उनके लिए अब रास्ता बंद हो गया।

लेकिन यह मुद्दा इतना सरल भी नहीं है। लंबे समय से एक बड़ा विवाद चल रहा है क्या ईसाई और मुस्लिम दलितों को भी अनुसूचित जाति का दर्जा देना चाहिए? 2007 में रंगनाथ मिश्रा आयोग ने सिफारिश की थी कि सभी धर्मों के दलितों को आरक्षण मिले क्योंकि सामाजिक पिछड़ापन धर्म बदलने से नहीं मिटता। लेकिन केंद्र सरकार ने इस रिपोर्ट को खारिज कर दिया। सरकार का कहना था कि आयोग ने बिना जमीनी अध्ययन के सिफारिश कर दी। अब पूर्व मुख्य न्यायाधीश के जी बालकृष्णन की अध्यक्षता में नया आयोग इस पूरे मसले पर गहराई से विचार कर रहा है। सुप्रीम कोर्ट में भी कई याचिकाएं लंबित हैं। इस फैसले ने उस बहस को और तेज कर दिया है। फिलहाल कोर्ट ने कहा कि बदलाव अगर करना है तो संसद करे, अदालत नहीं। 1950 का आदेश अभी पूरी तरह लागू है।सामाजिक रूप से देखें तो धर्मांतरण अक्सर बेहतर जीवन की तलाश में होता है। कई दलित परिवार सोचते हैं कि हिंदू समाज में मिलने वाला अपमान ईसाई या मुस्लिम बनकर कम हो जाएगा। लेकिन हकीकत में कई जगहों पर जाति की छाया उन नए धर्मों में भी दिखती है। फिर भी कानून साफ है। अगर कोई व्यक्ति वापस हिंदू हो जाता है और उसका समुदाय उसे स्वीकार कर लेता है तो दर्जा बहाल हो सकता है। लेकिन एक साथ दो धर्मों का पालन करके एससी का दावा नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने इस मामले में सबूतों पर जोर दिया। अगर कोई पादरी का काम कर रहा है, प्रार्थनाएं आयोजित कर रहा है तो वह ईसाई ही माना जाएगा। चिंतादा आनंद के मामले में यही हुआ।

आरक्षण का मकसद सामाजिक समानता लाना है, न कि धर्म बदलने को बढ़ावा देना। अगर बदलने से भी लाभ मिलते रहें तो मूल उद्देश्य ही खत्म हो जाएगा। सरकारी नौकरियों, विधानसभाओं और लोकसभा में सीटें उन लोगों के लिए आरक्षित हैं जिन्होंने हिंदू समाज में दमन झेला। ईसाई या मुस्लिम बनकर वे अब उस दमन की श्रेणी से बाहर हो जाते हैं। हालांकि वे ओबीसी या आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग में शामिल हो सकते हैं अगर उनका समुदाय सूची में है, लेकिन एससी का विशेष दर्जा नहीं मिलेगा। यह फैसला उन लोगों के लिए भी चेतावनी है जो धर्मांतरण को सिर्फ फायदे का साधन बनाते हैं। सच्चा परिवर्तन आस्था से होना चाहिए, आरक्षण के लालच से नहीं।देश की एकता के नजरिए से भी यह फैसला अहम है। भारत विविधताओं का देश है, लेकिन संविधान ने सामाजिक न्याय को कुछ धर्मों तक सीमित रखा है। अगर हर धर्म को एससी दर्जा दे दिया जाए तो पूरी आरक्षण व्यवस्था चरमरा सकती है। कोटा बढ़ाने से पहले आर्थिक और सामाजिक सर्वेक्षण जरूरी है। सरकार ने यही रुख अपनाया है। नया आयोग इसी दिशा में काम कर रहा है। फैसले से दलित समाज में दो धड़ों में बंटाव हो सकता है एक वे जो हिंदू रहकर संघर्ष कर रहे हैं, दूसरे वे जो धर्म बदल चुके हैं। लेकिन कोर्ट ने कहा कि कानून सबके लिए बराबर है। कोई भी व्यक्ति दो श्रेणियों का लाभ एक साथ नहीं ले सकता।

इस फैसले ने एक बार फिर साबित किया कि संविधान सर्वोच्च है। अदालत न भावनाओं से प्रभावित होती है, न राजनीतिक दबाव से। उसने 1950 के आदेश को दोहराया और कहा कि यह पूर्ण प्रतिबंध है। अब अगर बदलाव करना है तो संसद करे। चिंतादा आनंद की याचिका खारिज होने से उनका मुकदमा भी प्रभावित होगा। लेकिन इससे बड़े सवाल पर बहस शुरू हो गई है क्या सामाजिक पिछड़ापन धर्म से ऊपर है? जवाब अभी लंबित है, लेकिन फिलहाल संविधान की मूल भावना जीत गई।भारत जैसे देश में सामाजिक न्याय की राह हमेशा कठिन रही है। एक तरफ आरक्षण जरूरी है पिछड़ेपन को मिटाने के लिए, दूसरी तरफ इसके दुरुपयोग को रोकना भी उतना ही जरूरी। इस फैसले ने दुरुपयोग की एक बड़ी खिड़की बंद कर दी। अब जरूरत है कि सरकार और समाज मिलकर उन दलितों की मदद करें जो बिना धर्म बदले संघर्ष कर रहे हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार की योजनाएं और मजबूत हों। जातिगत भेदभाव पर सख्ती बढ़े। तभी सच्चा बदलाव आएगा।सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला सिर्फ कानूनी नहीं, नैतिक भी है। यह कहता है कि संविधान की रक्षा करो, उसकी भावना को मत तोड़ो। धर्म परिवर्तन व्यक्तिगत आस्था का मामला है, लेकिन राज्य के लाभ संवैधानिक सीमाओं में बंधे रहेंगे। यह फैसला देश को याद दिलाता है कि न्याय की राह पर चलते हुए संतुलन बनाए रखना होगा न तो धर्म की आड़ में लाभ लूटने दो, न ही असली दलितों का हक किसी को छीनने दो। सामाजिक न्याय की यह लड़ाई अभी जारी रहेगी, लेकिन संविधान की दीवार मजबूत बनी रहेगी।

अजय कुमार

भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में गणेश शंकर विद्यार्थी की पत्रकारिता

भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का इतिहास केवल राजनीतिक आंदोलनों और सशस्त्र क्रांतियों का इतिहास नहीं है, बल्कि यह उस 'चौथे स्तंभ' के जागरण की भी गाथा है, जिसने ब्रिटिश साम्राज्यवाद के खिलाफ जनमत बनाने में अभूतपूर्व भूमिका निभाई। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में जब भी 'कलम के सिपाहियों' का जिक्र होता है, तो गणेश शंकर विद्यार्थी का नाम सबसे ऊपर चमकता है। वे केवल एक पत्रकार नहीं थे, बल्कि एक ऐसी संस्था थे जिन्होंने पत्रकारिता को 'मिशन' बनाया और अपनी लेखनी से ब्रिटिश साम्राज्य की चूलें हिला दीं।

गणेश शंकर विद्यार्थी का जन्म 26 अक्टूबर, 1890 को इलाहाबाद (अब प्रयागराज) में हुआ था। उनके व्यक्तित्व में एक अजीब सी कशिश थी एक तरफ वे गांधीजी के अहिंसात्मक आंदोलनों के समर्थक थे, तो दूसरी तरफ क्रांतिकारी भगत सिंह और चंद्रशेखर आजाद के मददगार और मार्गदर्शक भी थे। उनकी पत्रकारिता इन दोनों धाराओं का संगम थी।

गणेश शंकर विद्यार्थी की पत्रकारिता की यात्रा का केंद्र बिंदु उनका साप्ताहिक पत्र 'प्रताप' था। 1913 में, केवल 23 वर्ष की आयु में, उन्होंने कानपुर से 'प्रताप' का प्रकाशन शुरू किया। उस दौरान देश में असंतोष की लहर थी, लेकिन साथ ही साम्प्रदायिकता के बीज भी बोए जा रहे थे। कानपुर उस समय व्यापारिक गतिविधियों का केंद्र था और यहां उदारवादी और प्रगतिशील विचारों की सख्त जरूरत थी।

'प्रताप' का उद्देश्य साफ था सत्य का प्रचार और अन्याय का प्रतिकार। उस समय के अधिकांश समाचार पत्र या तो अंग्रेजों की तारीफ में लिखते थे या फिर बहुत ही सीमित बौद्धिक वर्ग तक सीमित थे। विद्यार्थी जी ने 'प्रताप' को जनता की आवाज बनाया। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह पत्र निर्देशित नहीं होगा, बल्कि स्वयं एक निर्देशक बनेगा। उनके संपादकीयों में एक तीक्ष्णता थी, एक आक्रोश था, लेकिन साथ ही एक गहरा दर्द भी था। वे केवल खबरें देने वाले पत्रकार नहीं थे, वे समाज के मार्गदर्शक थे।

विद्यार्थी जी की पत्रकारिता की सबसे बड़ी विशेषता उनकी लेखन शैली थी। उनकी भाषा सीधी-साधी, ठेठ देशज और बेबाक थी। वे कठिन शब्दों का प्रयोग नहीं करते थे, बल्कि ऐसे शब्दों का चयन करते थे जो सीधे पाठक के दिल पर चोट करें। उनका लेखन 'जनवादी' था। वे जानते थे कि स्वतंत्रता का सपना तभी साकार होगा जब किसान, मजदूर और आम जनता इसे अपना मानेगी।

ब्रिटिश शासन के दमन के खिलाफ लिखते समय उनकी कलम से आग झरती थी। वे कभी भी अलंकारों में बात नहीं कहते थे। जब भी कोई अन्याय होता, चाहे वह ब्रिटिश सरकार द्वारा किसानों पर लगाया गया अत्याचार हो या किसी रियासत में प्रजा का शोषण, विद्यार्थी जी उसे बेधड़क उठाते थे। उनके संपादकीय न केवल सरकार की नीतियों की आलोचना करते थे, बल्कि जनता को झकझोर कर जगाते थे। उनकी पत्रकारिता में 'कर्तव्य' का भाव था। वे मानते थे कि पत्रकार का कर्तव्य है कि वह सत्य को प्रकाश में लाए, चाहे इसके लिए उसे कितनी भी कीमत चुकानी पड़े।

स्वतंत्रता संग्राम के दौरान ब्रिटिश सरकार ने प्रेस पर कड़े प्रतिबंध लगाए हुए थे। 'वर्नाक्युलर प्रेस एक्ट' जैसे काले कानूनों के तहत सरकार पत्रकारों को जेल भेज सकती थी और पत्रों का जमानत बंद कर सकती थी। ऐसे में अधिकांश पत्रकार डरकर सरकार की खुशामद में लग गए थे, लेकिन गणेश शंकर विद्यार्थी झुकने वालों में से नहीं थे।

उन्होंने ब्रिटिश नीतियों, विशेषकर 'रोलेट एक्ट' के विरोध में ऐसे तीखे लेख लिखे कि सरकार हमेशा उनके पीछे पड़ी रहती थी। उन पर मुकदमे चलाए गए, जुमार्ने लगाए गए, और कई बार उन्हें जेल जाना पड़ा। लेकिन जेल जाना उनके लिए वीरता का पदक था। जब भी वे जेल से लौटते, 'प्रताप' को और अधिक तेजी से लिखना शुरू करते। उन्होंने यह दिखाया कि सच्ची पत्रकारिता भय से परे होती है। वे कहा करते थे कि "अगर सच बोलने के लिए जेल जाना पड़े, तो वह जेल स्वर्ग से कम नहीं।" उनके इस निडर रवैये ने कानपुर और उसके आसपास के

क्षेत्रों के युवाओं को प्रेरित किया और स्वतंत्रता आंदोलन में भारी जनसहभागिता बढ़ी।

भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के प्रारंभिक दौर में राष्ट्रीय आंदोलन का नेतृत्व मुख्य रूप से शिक्षित मध्यम वर्ग के हाथों में था। किसान और मजदूर वर्ग इसके किनारे खड़े थे। गणेश शंकर विद्यार्थी शायद पहले उन पत्रकारों में से थे जिन्होंने समझा कि आजादी की लड़ाई को तभी जीता जा सकता है जब यह लड़ाई आम आदमी की लड़ाई बन जाए।

'प्रताप' ने किसानों की पीड़ा को व्यक्त किया। विद्यार्थी जी ने किसानों पर हो रहे शोषण, लगान की मनमानी व्यवस्था और पुलिस के अत्याचारों को बड़े ही विस्तार से उजागर किया। उन्होंने मजदूरों के अधिकारों के लिए भी आवाज उठाई। कानपुर उस समय एक बड़ा औद्योगिक शहर था और यहां मजदूरों की स्थिति दयनीय थी। विद्यार्थी जी ने 'प्रताप' के माध्यम से मजदूरों में जागरूकता फैलाई और उन्हें संगठित होने की सलाह दी।

इस प्रकार की पत्रकारिता उस समय के लिए अभूतपूर्व थी। यह 'राजनीतिक पत्रकारिता' से आगे बढ़कर 'सामाजिक पत्रकारिता' थी। उन्होंने दिखाया कि स्वतंत्रता का अर्थ है- भूखे को रोटी मिलना और नंगे को कपड़ा। उनके पत्र में किसानों और मजदूरों की खबरें प्रमुखता से छापी जाती थीं, जिससे वे वर्ग अपने आपको राष्ट्रीय आंदोलन से जुड़ा हुआ महसूस करने लगा। यह एक रणनीतिक सफलता थी जिसने आंदोलन को व्यापक बनाया।

गणेश शंकर विद्यार्थी की पत्रकारिता का एक महत्वपूर्ण पक्ष उनका क्रांतिकारियों के प्रति समर्थन था। यद्यपि वे स्वयं महात्मा गांधी के अहिंसक आंदोलन से प्रभावित थे और कांग्रेस के कार्यकर्ता थे, लेकिन उन्होंने क्रांतिकारियों के साहस की भी सराहना की। जब भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव ने अपनी कार्रवाई की, तो मुख्यधारा के मीडिया ने उन्हें 'आतंकवादी' कहा, लेकिन 'प्रताप' ने उन्हें 'देशभक्त' और 'स्वतंत्रता सेनानी' कहा।

विद्यार्थी जी ने अपने संपादकीयों में क्रांतिकारियों के बलिदान को जनता तक पहुंचाया। उन्होंने लिखा कि ये नौजवान देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर रहे हैं और उनका त्याग महान है। उन्होंने काकोरी कांड के अभियुक्तों के समर्थन में भी कई लेख लिखे। इसके लिए ब्रिटिश सरकार ने उन पर कड़ी नजर रखी और कई बार उन्हें 'देशद्रोह' का आरोप लगाया, लेकिन उन्होंने अपनी नीति नहीं बदली। उनकी पत्रकारिता ने जनता को यह समझने में मदद की कि स्वतंत्रता के लिए कई रास्ते हो सकते हैं और हर रास्ते पर चलने वाला देशभक्त है। उन्होंने क्रांतिकारी विचारों को मानसिक रूप से समर्थन देकर युवाओं के बीच देशभक्ति की जो लहर पैदा की, वह इतिहास में दर्ज है।

स्वतंत्रता संग्राम के दौरान अंग्रेजों की 'फूट डालो और राज करो' की नीति के कारण देश में सांप्रदायिकता तेजी से फैल रही थी। ऐसे में गणेश शंकर विद्यार्थी की पत्रकारिता एक सेतु की तरह थी। 'प्रताप' ने हिंदू-मुस्लिम एकता को बनाए रखने के लिए लगातार प्रयास किए।

विद्यार्थी जी का मानना था कि अगर देश बंटा तो आजादी व्यर्थ है। उन्होंने अपने अखबार के माध्यम से सांप्रदायिक दंगों की निंदा की और लोगों से अपील की कि वे एक-दूसरे के घरों का सम्मान करें। उन्होंने उन अफवाहों का पदार्फाश किया जो समुदायों के बीच नफरत फैला रही थीं। उनकी पत्रकारिता का यह पक्ष बहुत संवेदनशील था। वे कभी भी ऐसी खबरें नहीं छापते थे जो सांप्रदायिक तनाव बढ़ाए। इसके विपरीत, वे उन घटनाओं को प्रमुखता से प्रकाशित करते थे जिनमें हिंदू और मुस्लिम एक-दूसरे की मदद करते थे।

इसी सांप्रदायिक सद्भाव के प्रति समर्पण के कारण उन्हें अपने जीवन की कीमत चुकानी पड़ी। उन्होंने केवल लिखकर ही नहीं, बल्कि अपने कर्मों से भी यह सिद्ध किया कि पत्रकारिता सिर्फ दफ्तर में बैठकर नहीं की जाती, बल्कि मैदान में उतरकर होती है। जब 1931 में कानपुर में भीषण दंगे हुए, तो वे अपनी सुरक्षा की परवाह किए बिना जनता के बीच गए और शांति स्थापित करते हुए शहीद हो गए। उनकी मृत्यु ने यह संदेश दिया कि एक सच्चा पत्रकार अपने सिद्धांतों के लिए मर भी सकता है।

यदि हम इतिहास के पन्नों को पलटें, तो पाएंगे कि 'प्रताप' अखबार ने कानपुर क्षेत्र में स्वतंत्रता आंदोलन को न केवल दिशा दी, बल्कि इसे गति भी प्रदान की। 1920 के दशक में जब महात्मा गांधी का असहयोग आंदोलन चल रहा था, तो 'प्रताप' ने इसे आम जनता तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विद्यार्थी जी ने लोगों को विदेशी वस्तुओं का त्याग करने और खादी को अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने ब्रिटिश प्रशासन की नाकामियों, भ्रष्टाचार और जुल्म को बेनकाब किया। उनके लेखों ने जनता के मन में शासन के प्रति विद्रोह की भावना भरी, जो कानून तोड़ने से नहीं, बल्कि एक नैतिक जीत की इच्छा से उपजी थी। विद्यार्थी जी कांग्रेस के अंदरूनी मामलों से भी वाकिफ थे। उन्होंने पार्टी की नीतियों की आलोचना भी की जब उन्हें लगा कि जनता के हितों की अनदेखी हो रही है। इससे यह स्पष्ट हुआ कि उनकी पत्रकारिता किसी दल या व्यक्ति की ज़िम्मेदार नहीं थी, बल्कि वह 'राष्ट्र' की थी।

गणेश शंकर विद्यार्थी अपने नाम के सच्चे अर्थों में विद्यार्थी थे। वे जीवन पर्यन्त सीखते रहे। उन्होंने पत्रकारिता के जो मानक स्थापित किए, वे आज भी प्रासंगिक हैं। वे किसी भी राजनीतिक दल या विचारधारा के कैदी नहीं थे। उन्होंने कांग्रेस की गलतियों को भी बेबाक होकर उजागर किया। वे स्वयं बड़े सादगीपूर्ण जीवन जीते थे। पत्रकारिता को उन्होंने कमाई का जरिया नहीं, बल्कि सेवा का माध्यम बनाया। 'प्रताप' के कार्यालय में सादगी ही समृद्धि थी। उन्होंने सिखाया कि पत्रकार को भयमुक्त होना चाहिए। चाहे सत्ता हो या समाज के शक्तिशाली तत्व, पत्रकार को सत्य के साथ खड़ा रहना होता है।

गणेश शंकर विद्यार्थी की पत्रकारिता उस युग का दर्पण थी, जिसमें देश गुलामी की अंधेरी रात में रोशनी की तलाश में था। उन्होंने अपनी कलम से वह रोशनी फैलाई। उनका जीवन और उनका अखबार 'प्रताप' स्वतंत्रता संग्राम का एक अभिन्न अंग था। उन्होंने पत्रकारिता को एक व्यवसाय से उठकर एक 'मिशन' बनाया।

आज जब भारत स्वतंत्र है और पत्रकारिता एक सशक्त संस्था के रूप में विकसित हो चुकी है, तब विद्यार्थी जी के मूल्यों को याद करना और भी अधिक आवश्यक हो जाता है। वर्तमान समय में जब पत्रकारिता पर वाणिज्यिकरण और पक्षपात के आरोप लगते हैं, विद्यार्थी जी का जीवन हमें याद दिलाता है कि पत्रकारिता का धर्म क्या है।

उन्होंने अपने द्वारा स्थापित मानकों के अनुसार जीवन और मृत्यु दोनों को निभाया। 25 मार्च 1931 को दंगा प्रभावित क्षेत्र में जाकर शांति स्थापित करने का प्रयास, वास्तव में उनकी पत्रकारिता की अंतिम और सबसे बड़ी कहानी थी–एक कहानी जो बिना शब्दों के लिखी गई थी, खून से लिखी गई थी। गणेश शंकर विद्यार्थी की पत्रकारिता हमें सिखाती है कि शब्दों की ताकत अनंत है, और यदि उनका उपयोग सत्य, न्याय और मानवता के लिए किया जाए, तो वे साम्राज्यों को भी गिरा सकते हैं। वे हमेशा एक आदर्श के रूप में प्रेरित करते रहेंगे, एक ऐसे 'विद्यार्थी' के रूप में जिसने जीवन भर सत्य की परीक्षा में उत्तीर्ण होते रहने का प्रयास किया।

महेन्द्र तिवारी

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

जारचा पुलिस ने अवैध तमंचे के साथ युवक को दबोचा

समाज जागरण संदीप गर्गः नोएडा। थाना जारचा पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस और बीट पुलिसिंग की मदद से अवैध शस्त्र के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान सोहेल पुत्र हनीफ (20 वर्ष) निवासी ग्राम नूरपुर, थाना जारचा, जनपद गौतमबुद्धनगर के रूप में हुई है। उसे थाना क्षेत्र के खुरशेदपुरा जाने वाले रास्ते से पकड़ा गया।

तलाशी के दौरान आरोपी के पास से .12 बोर का अवैध तमंचा और .12 बोर का एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी के खिलाफ आयुध अधिनियम की धारा 9/25 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि अभियुक्त के आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है और आगे की वैधानिक कार्रवाई जारी है।

पॉक्सो एक्ट में सख्त सजा: दो दोषियों को 20-20 साल कारावास, जुमार्ना भी

समाज जागरण पीलीभीत

पीलीभीत। पीलीभीत पुलिस द्वारा महिला संबंधी अपराधों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान 'ऑपरेशन कन्विक्शन' के तहत बड़ी सफलता हासिल हुई है। पुलिस और अभियोजन विभाग के संयुक्त प्रयास से न्यायालय ने पॉक्सो एक्ट के एक मामले में दो अभियुक्तों को दोषी ठहराते हुए 20-20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है।

मिशन शक्ति 5.0 का आगाज: महिला पुलिस की भव्य स्कूटी रैली से जागरूकता अभियान शुरू

समाज जागरण संदीप गर्ग

नोएडा। लक्ष्मी सिंह के निर्देशन में पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर की महिला पुलिस इकाई द्वारा भव्य स्कूटी रैली निकालकर 'मिशन शक्ति 5.0' (द्वितीय चरण) का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर पुलिस आयुक्त ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस दौरान पुलिस उपायुक्त यातायात शैलेन्द्र कुमार सिंह, प्रभारी डीसीपी महिला सुरक्षा अनुकृति शर्मा एवं एसीपी-2 नोएडा स्वतंत्र कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

रैली में महिला पुलिसकर्मियों ने 'स्वयं सिद्धा' मोबाइल, एंटी रोमियो स्क्वाड, पीआरवी वाहन और पिंक बूथ की आकर्षक झांकियों के माध्यम से सहभागिता की। शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए उन्होंने आमजन, विशेषकर महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा, अधिकारों और आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूक किया।

इस दौरान मिशन शक्ति केंद्र के माध्यम से महिलाओं को उपलब्ध कराई जा रही सहायता सेवाओं की जानकारी दी गई। साथ ही

मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, वूमेन पावर लाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, आपातकालीन सेवा 112 और साइबर हेल्पलाइन 1930 का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया।

अधिकारियों ने बताया कि कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर द्वारा लगातार मिशन शक्ति अभियान, महिला सुरक्षा कार्यक्रम, बाल सुरक्षा जागरूकता, स्कूल-कॉलेज आउटरीच, एंटी रोमियो स्क्वाड और साइबर सुरक्षा अभियान संचालित किए जा रहे हैं। मिशन शक्ति केंद्र और वन स्टॉप सेंटर के माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओं को त्वरित सहायता, परामर्श और सुरक्षा सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

साथ ही उत्तर प्रदेश सरकार की

कन्या सुमंगला योजना, मिशन वात्सल्य और अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी भी साझा की गई, जो महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य और आत्मनिर्भरता की दिशा में सशक्त बना रही हैं।

अधिकारियों ने कहा कि इस प्रकार के जनजागरूकता कार्यक्रम समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के साथ महिलाओं और बच्चों के प्रति सुरक्षा व सम्मान की भावना को मजबूत करते हैं। यह रैली महिला सशक्तिकरण और सुरक्षा के प्रति जन-जन को जागरूक करने का एक प्रभावी प्रयास साबित हुई।

अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार
दैनिक समाज जागरण मे

जेवर एयरपोर्ट उद्घाटन की तैयारियों का डीएम ने लिया जायजा, दिए आवश्यक निर्देश

समाज जागरण संदीप गर्ग

नोएडा। नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा के प्रस्तावित लोकार्पण कार्यक्रम को लेकर जिलाधिकारी ने कार्यक्रम स्थल का स्थलीय निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मंच व्यवस्था, रैली स्थल, पार्किंग, जनसामान्य, वीआईपी एवं वीवीआईपी आवागमन, सुरक्षा प्रबंधन तथा यातायात व्यवस्था का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में आने वाले

अतिथियों एवं आमजन की सुविधा सर्वोपरि होनी चाहिए।

जिलाधिकारी ने स्वच्छता, पेयजल, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था सहित सभी मूलभूत सुविधाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही पार्किंग स्थलों, प्रवेश एवं निकास मार्गों पर साइनेज, सीसीटीवी निगरानी एवं सुरक्षा व्यवस्था को और प्रभावी बनाने को कहा।

उन्होंने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि कार्यक्रम का आयोजन सफल, सुव्यवस्थित एवं गरिमामय ढंग से संपन्न हो सके।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) मंगलेश दुबे, उप जिलाधिकारी जेवर दुर्गेश सिंह, मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रदीप कुमार चौबे, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता कंचन सहित जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

जेवर एयरपोर्ट उद्घाटन की तैयारियां तेज, उच्च स्तरीय बैठक में बनी रणनीति

समाज जागरण संदीप गर्ग

नोएडा। नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा के भव्य लोकार्पण को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष पंकज चौधरी एवं संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह की उपस्थिति में एक उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई।

बैठक में गौतम बुद्ध नगर के सांसद डॉ. महेश शर्मा, नोएडा विधायक पंकज सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी, जिला अध्यक्ष अभिषेक शर्मा सहित अलीगढ़ एवं गाजियाबाद के जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। साथ ही संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने भी सहभागिता की।

बैठक में लोकार्पण कार्यक्रम की

विस्तृत रूपरेखा, जनसहभागिता, सुरक्षा व्यवस्था एवं विभिन्न जिम्मेदारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। पदाधिकारियों को उनके दायित्व सौंपते हुए निर्देश दिए गए कि आयोजन पूर्णतः सुव्यवस्थित, सुरक्षित एवं ऐतिहासिक स्वरूप में संपन्न हो।

इस अवसर पर जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने कहा कि 28 मार्च का दिन जेवर एवं पूरे क्षेत्र के लिए स्वर्णिम अवसर होगा, जब नरेंद्र मोदी एवं योगी आदित्यनाथ जेवर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का लोकार्पण करेंगे।

उन्होंने कहा कि यह केवल एक एयरपोर्ट का उद्घाटन नहीं, बल्कि विकास, रोजगार और नई संभावनाओं के द्वार खोलने वाला ऐतिहासिक क्षण होगा। यह कार्यक्रम जेवर के इतिहास में नया अध्याय जोड़ेगा और क्षेत्र को वैश्विक पहचान दिलाने में मील का पत्थर साबित होगा।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि कार्यक्रम की सफलता के लिए व्यापक स्तर पर जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा तथा सभी व्यवस्थाओं पर निरंतर निगरानी रखी जाएगी। साथ ही नागरिकों से अपील की गई कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस ऐतिहासिक अवसर के साक्षी बनें।

फोर्टिस नोएडा में समग्र ओबेसिटी क्लीनिक शुरू, मोटापे के इलाज को मिलेगी नई दिशा

समाज जागरण संदीप गर्ग

नोएडा। फोर्टिस हॉस्पिटल नोएडा ने बढ़ती जीवनशैली संबंधी बीमारियों, विशेषकर मोटापे से निपटने के लिए एक समग्र ओबेसिटी क्लीनिक की शुरूआत की है। यह क्लीनिक अधिक वजन और उससे जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे मरीजों को बहु-विषयक (मल्टीडिसीप्लिनरी) चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराएगा।

इस क्लीनिक में इंटरनल मेडिसिन, जनरल सर्जरी, एंडोक्राइनोलॉजी, पीडियाट्रिक्स, पल्मोनोलॉजी, मानसिक स्वास्थ्य तथा क्लीनिकल डायटेटिक्स एवं न्यूट्रिशन से जुड़े विशेषज्ञों की टीम द्वारा उपचार प्रदान किया जाएगा। यहां बॉडी कंपोजीशन विश्लेषण और व्यक्तिगत (पर्सनलाइज्ड) ओबेसिटी मैनेजमेंट कार्यक्रम भी उपलब्ध होंगे।

विशेषज्ञों के अनुसार, यह पहल साक्ष्य-आधारित और मरीज-केंद्रित उपचार प्रणाली पर आधारित है, जिसमें मोटापे को केवल जीवनशैली की समस्या नहीं, बल्कि एक गंभीर दीर्घकालिक (क्रोनिक) रोग के रूप में देखा जाता है, जिसके लिए निरंतर चिकित्सकीय प्रबंधन आवश्यक है।

क्लीनिक का शुभारंभ डॉ. अजय अग्रवाल, डॉ. शानू शर्मा, डॉ. वी. एस. चौहान, डॉ. नितिन झा, डॉ. अनुपम बिस्वास, डॉ. आशीष डोडमानी, डॉ. नमिता नादर एवं कैप्टन नीलम देशवाल सहित अन्य विशेषज्ञों की उपस्थिति में किया गया।

इस अवसर पर डॉ. अजय अग्रवाल ने कहा कि मोटापा

आज विश्व स्तर पर एक गंभीर स्वास्थ्य चुनौती बन चुका है। विभिन्न अध्ययनों के अनुसार, वर्ष 2050 तक भारत में करोड़ों लोग मोटापे या अधिक वजन की समस्या से प्रभावित हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि मोटापा कई गैर-संचारी रोगों (एनसीडी) का प्रमुख कारण है, जिससे हृदय रोग, मेटाबॉलिक विकार, कैंसर और हड्डियों से संबंधित समस्याएं उत्पन्न होती हैं।

वहीं, मोहित सिंह ने बताया कि इस क्लीनिक के माध्यम से मरीजों को आधुनिक जांच सुविधाएं, विशेषज्ञ परामर्श और व्यक्तिगत आहार व जीवनशैली मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे वे अपने स्वास्थ्य पर बेहतर नियंत्रण रख सकें।

अस्पताल प्रबंधन के अनुसार, यह पहल न केवल उपचार बल्कि रोकथाम (प्रिवेंटिव हेल्थकेयर) को भी बढ़ावा देगी और लोगों को स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करेगी।

फोर्टिस हेल्थकेयर लिमिटेड देश के अग्रणी स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं में से एक है, जो देशभर में अस्पताल, डायग्नॉस्टिक और डे-केयर सेवाओं के माध्यम से व्यापक स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान कर रहा है।

डीएनडी पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का भव्य स्वागत, कार्यकताओं में दिखा उत्साह

समाज जागरण संदीप गर्ग / नोएडा

नोएडा। भारतीय जनता पार्टी नोएडा महानगर द्वारा डीएनडी पर जिला अध्यक्ष महेश चौहान के नेतृत्व में पंकज चौधरी का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान पार्टी कार्यकताओं में खासा उत्साह देखने को मिला।

स्वागत कार्यक्रम में गौतमबुद्ध नगर के सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. महेश शर्मा तथा भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं नोएडा विधायक पंकज सिंह ने प्रदेश अध्यक्ष को पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया।

प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी जेवर एयरपोर्ट के उद्घाटन समारोह में नरेंद्र मोदी की प्रस्तावित रैली की तैयारियों की समीक्षा के लिए जेवर पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने कार्यकताओं से व्यापक जनसंपर्क कर अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया, ताकि रैली को ऐतिहासिक बनाया जा सके।

24 मार्च को आयोजित इस स्वागत कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जिला महामंत्री चंदगीराम यादव, अमित त्यागी, ओमवीर अवाना, महेश अवाना, डिम्पल आनंद, विनोद शर्मा, संजय बाली, राजकुमार बंसल, उमेश त्यागी, अशोक मिश्रा, प्रमोद बहल, प्रज्ञा पाठक, हरिओम जाटव, पंकज झा, बबलू यादव, मीनाक्षी चौहान, पुष्पा रावत, मनीष बाल्मीकि, धर्मेन्द्र गुप्ता, प्रदीप चौहान, रामकिशन यादव, मनीष तिवारी, शशिधर उपाध्याय, नीरज चौधरी, मुक्तानंद शर्मा, उमेश पहलवान, एहसान खान, मास्टर अनिल, अशोक यादव, चंद्रमा प्रधान, नरेश उपाध्याय, संदीप शर्मा, शीतल शुक्ला, रेनू बाला शर्मा सहित अनेक कार्यकताओं ने सहभागिता कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

कार्यक्रम के दौरान कार्यकताओं ने जोरदार स्वागत कर पार्टी नेतृत्व के प्रति अपनी प्रतिबद्धता और उत्साह का प्रदर्शन किया।

मां कल्याणी देवी मंदिर में गूंजा जयकारा, मां कात्यायनी के दिव्य स्वरूप के दर्शन

समाज जागरण

नोएडा। नवरात्रि महोत्सव के षष्ठम दिवस पर मां कल्याणी देवी मंदिर में श्रद्धा और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। प्रातःकाल मंगला आरती के साथ माता कात्यायनी का आह्वान किया गया, जिसके बाद दिनभर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। महामंत्री पंडित श्याम जी पाठक द्वारा विधि-विधान पूर्वक मंगला आरती संपन्न कराई गई। मंदिर प्रांगण में श्रद्धालुओं ने दर्शन-पूजन किया तथा बच्चों के कर्णछेदन और मुंडन संस्कार भी संपन्न हुए। साथ ही शतचंडी महायज्ञ में भाग लेकर भक्तों ने आहुतियां अर्पित कर परिक्रमा की। शाम 6 बजे माता के श्रृंगार दर्शन के लिए पट खोले गए, जहां मां कल्याणी देवी ने चतुभुर्जी रूप में माता कात्यायनी के दिव्य स्वरूप में भक्तों को दर्शन दिए। माता के अलौकिक श्रृंगार को देखकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे और पूरे मंदिर परिसर में जयकारों की गूंज सुनाई दी। इसके पश्चात सायं 7 बजे महाआरती एवं रात्रि 12:30 बजे शयन आरती विधिवत संपन्न कराई गई। मंदिर समिति के अध्यक्ष पंडित सुशील कुमार पाठक ने बताया कि सप्तम दिवस पर माता का श्रृंगार कालरात्रि स्वरूप में किया जाएगा। मेले के सफल संचालन हेतु महामंत्री श्याम जी पाठक, संयोजक अनिल पाठक, दिलीप पाठक सहित सैकड़ों स्वयंसेवक एवं पुलिस बल तैनात रहे। इस अवसर पर आयोजित श्री राम कथा में कथा व्यास डा. अनिरुद्ध जी महाराज ने राम-रावण युद्ध प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि ह्लधैर्य ही भक्ति की प्राप्ति का आधार है।ह्व उन्होंने बताया कि मां जानकी भक्ति की प्रतीक हैं, जिन्हें प्राप्त करने के लिए भगवान श्रीराम ने धैर्य और विश्वास बनाए रखा।

चैती छठ पर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य, श्रद्धालुओं ने की पूजा-अर्चना

समाज जागरण नोएडा

नोएडा। चैत्र शुक्ल पक्ष षष्ठी के अवसर पर चैती छठ पर्व श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने सायंकाल अस्ताचलगामी भगवान सूर्यदेव को अर्घ्य अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

अखिल भारत हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. मुन्ना कुमार शर्मा ने बताया कि छठव्रतियों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार पकवान, लड्डू, बताशा, अगरबत्ती, सिंदूर एवं विभिन्न फलों को सूप में सजाकर भगवान सूर्यदेव को अर्घ्य अर्पित किया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं उनके परिजन उपस्थित रहे।

उन्होंने बताया कि छठ महापर्व के

तहत अगले दिन चैत्र शुक्ल पक्ष सप्तमी की प्रातःकालीन बेला में उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया जाएगा, जिसके साथ यह पावन पर्व संपन्न होगा।

डॉ. शर्मा ने कहा कि भगवान सूर्य की उपासना का यह महान पर्व वर्ष में दो बार—चैत्र और कार्तिक माह में—मनाया जाता है। छठव्रती नदी, तालाब अथवा कृत्रिम जलाशयों में खड़े होकर अर्घ्य अर्पित करते हैं। यह पर्व विशेष रूप से बिहार, पूर्वांचल, झारखंड और पश्चिम बंगाल सहित देश के विभिन्न हिस्सों में रहने वाले लोगों द्वारा बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। इस अवसर पर पूरे क्षेत्र में भक्ति और श्रद्धा का वातावरण बना रहा।

उद्यमियों की समस्याओं पर नोएडा प्राधिकरण सख्त, सीईओ की अध्यक्षता में अहम बैठक

समाज जागरण संदीप गर्ग

नोएडा। नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी की अध्यक्षता में उद्यमियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए सोमवार को प्राधिकरण सभाकक्ष में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में नोएडा एंटरप्रेन्योर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों सहित क्षेत्र के उद्यमियों और निवेशकों ने भाग लिया।

बैठक में प्राधिकरण के महाप्रबंधक (नियोजन, जल, सीवर, सिविल, जन स्वास्थ्य), सहायक महाप्रबंधक (औद्योगिक) सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। इस दौरान उद्यमियों ने कई महत्वपूर्ण समस्याएं और मांगें प्राधिकरण के समक्ष रखीं।

उद्यमियों की प्रमुख मांगों में भूखंडों पर भेजे जा रहे नोटिसों की वापसी प्रक्रिया को सरल बनाना, यूनिफाइड नीति में पुत्रवधु का नाम शामिल करना, अंतरण शुल्क एवं समयवृद्धि

शुल्क में कमी, परियोजना परिवर्तन प्रक्रिया का सरलीकरण, औद्योगिक क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं का विकास तथा कार्यशीलता की समयावधि बढ़ाने जैसे मुद्दे शामिल रहे। इसके अलावा भू-भाटक को मूल आवंटन दर पर लिए जाने और पशुचर भूमि से संबंधित तहसील के नोटिसों के निस्तारण की मांग भी उठाई गई।

मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने उद्यमियों को आश्वस्त किया कि वाणिज्यिक गतिविधियों से जुड़े नोटिसों की वापसी प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए प्रस्ताव आगामी बोर्ड बैठक में प्रस्तुत किया जाएगा। साथ ही यूनिफाइड नीति में संशोधन, परियोजना परिवर्तन प्रक्रिया में सरलीकरण तथा शुल्कों में राहत जैसे विषयों पर प्राधिकरण स्तर पर शीघ्र निर्णय लिया जाएगा।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि औद्योगिक सेक्टरों में लंबित कार्यों और मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र समाधान किया जाए। बैठक के अंत में औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने समस्याओं के समाधान के प्रति सकारात्मक पहल के लिए मुख्य कार्यपालक अधिकारी का आभार व्यक्त किया।

95वें बलिदान दिवस पर शहीदों को श्रद्धांजलि, देशभक्ति से गूंजा कार्यक्रम

समाज जागरण दिल्ली

दिल्ली। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के तत्वावधान में भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव के 95वें बलिदान दिवस पर आर्य समाज संदेश विहार, पीतमपुरा में भव्य श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में दिल्ली एवं आसपास से सैकड़ों आर्य समाजियों ने पहुंचकर शहीदों को नमन किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ ब्रह्मा आचार्य ज्ञान जी द्वारा वैदिक यज्ञ के साथ किया गया। इस अवसर पर परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा कि देश की आजादी में क्रांतिकारियों का अमूल्य योगदान रहा है। महर्षि दयानंद की प्रेरणा से हजारों युवाओं ने स्वतंत्रता संग्राम में भाग लिया और अपने प्राणों की आहुति दी।

उन्होंने कहा कि शहीद राष्ट्र की अमानत होते हैं और उनके बलिदान पर ही राष्ट्र की नींव टिकी होती है। नई पीढ़ी को उनके त्याग और बलिदान से अवगत कराना आवश्यक है, ताकि उनमें राष्ट्रभक्ति की भावना विकसित हो सके।

निगम पार्षद अजय रवि हंस ने कहा कि आर्य समाज से जुड़ने वाला व्यक्ति सामाजिक बुराइयों से दूर

रहता है। वहीं समारोह अध्यक्ष सुरेश आर्य ने युवाओं को स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास से जोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया।

आर्य समाज के प्रधान दुर्गेश आर्य ने कहा कि संगठन सदैव देशभक्तों के बलिदान को याद करता है। कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध गायक नरेंद्र आर्य सुमन, प्रवीण आर्या पिंकी, प्रवीण आर्य (गाजियाबाद) एवं नरेश खन्ना द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति गीतों ने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। आचार्य गवेन्द्र शास्त्री ने कहा कि आर्य समाज युवा शक्ति को निरंतर प्रेरित करता रहा है। परिषद के राष्ट्रीय महासचिव महेन्द्र भाई ने सभी अतिथियों का अभिनंदन किया।

कार्यक्रम में रवि चड्ढा, वेद प्रकाश आर्य, संजीव महाजन, अशोक गुप्ता, अंजू जावा, देवेन्द्र भगत, धर्मपाल आर्य, वरुण आर्य सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

साइबर ठगी के संगठित गिरोह का भंडाफोड़, 5 आरोपी गिरफ्तार

समाज जागरण बलरामपुर

बलरामपुर। बलरामपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए करोड़ों रुपये की साइबर ठगी में शामिल एक संगठित गिरोह का पदार्फाश किया है। पुलिस ने इस मामले में पांच आ-रोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार, यह गिरोह संगठित तरीके से साइबर अपराध को अंजाम देता था। आरोपी लोगों को लालच देकर उनके बैंक खाते और सिम कार्ड किराये पर लेते थे और फिर ऑनलाइन ठगी एवं सट्टा जैसी गतिविधियों से प्राप्त धनराशि को इन्हीं खातों के माध्यम से इधर-उधर ट्रांसफर करते थे। जांच में सामने आया है कि आरोपियों से जुड़े बैंक खातों पर देशभर में कुल 14 ऑनलाइन शिकायतें दर्ज हैं, जिनमें लगभग 58 करोड़ की ठगी का मामला सामने आया है।

ग्राम आटा में मंडलायुक्त की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल आयोजित, योजनाओं की समीक्षा व समस्याओं के समाधान के निर्देश

समाज जागरण

बहजोई। विकासखंड बनियाखेड़ा के ग्राम आटा स्थित पीएम श्री संविलित विद्यालय में मंगलवार को मंडलायुक्त मुरादाबाद मंडल आंजनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय की छात्राओं द्वारा स्कूल बैंड के माध्यम से स्वागत कर की गई।

मंडलायुक्त ने सर्वप्रथम विद्यालय के साइंस लैब का निरीक्षण करते हुए बच्चों द्वारा तैयार किए गए विज्ञान मॉडल्स की सराहना की। इसके साथ ही उन्होंने एजुकेशनल पार्क और खगोल विज्ञान लैब का अवलोकन कर छात्रों से अंतरिक्ष संबंधी जानकारी ली तथा शिक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कक्षाओं में पहुंचकर उन्होंने बच्चों से संवाद कर शिक्षा की गुणवत्ता का भी आकलन किया।

विद्यालय परिसर स्थित राजा हरिश्चंद्र सभागार में मंडलायुक्त ने नवदुर्गा पूजन के साथ मां सरस्वती की मूर्ति का अनावरण किया। इसके बाद गांव की समस्या, गांव में समाधान थीम के अंतर्गत ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया, जिसमें अतिथियों का स्वागत पुस्तक, पुष्पकली एवं श्रीअन्न उत्पाद किट भेंट कर किया गया।

कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूहों एवं लखपति दीदी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया, वहीं ग्रामीण आवास योजना के लाभार्थियों को आवास की चाबियां भी वितरित की गईं। विद्यालय के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर कार्यक्रम में रंग भर दिया।

मंडलायुक्त ने आंगनवाड़ी केंद्रों की स्थिति की समीक्षा करते हुए बच्चों की उपस्थिति, पंजीकरण एवं शिक्षण पद्धति की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिया कि बच्चों को खेल-खेल में सिखाने के लिए नवाचार अपनाए जाएं। जिला कार्यक्रम अधिकारी (आईसीडीएस) को आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण के निर्देश भी दिए गए। साथ ही पुष्टाहार वितरण की स्थिति पर ग्रामीणों से संवाद किया।

ग्राम चौपाल के दौरान राशन कार्ड, आवास योजना, अवैध कब्जा, वृद्धावस्था पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन, जल निगम, पीएम किसान सम्मान निधि एवं विद्युत आपूर्ति जैसी समस्याओं पर चर्चा कर संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए गए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि गांव की समस्याओं का निस्तारण गांव स्तर पर ही सुनिश्चित किया जाए।

इस अवसर पर मंडलायुक्त ने गर्भवती महिलाओं की गोद भराई एवं बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार भी संपन्न कराया। इसके बाद उन्होंने आयुष्मान आरोग्य मंदिर का निरीक्षण कर प्रसव कक्ष, टीकाकरण कक्ष एवं दवा उपलब्धता की स्थिति का जायजा लिया।

कार्यक्रम के समापन पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

इस मौके पर जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया, अपर आयुक्त अरुण कुमार सिंह, उप आयुक्त गजेंद्र प्रताप सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, जिला विकास अधिकारी राम आशीष, ब्लॉक प्रमुख डॉ. सुगंधा सिंह, डिप्टी कलेक्टर वंदना मिश्रा, उप जिलाधिकारी आशुतोष तिवारी, खंड विकास अधिकारी ज्योत्सना त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

नगीना यातायात पुलिस द्वारा चलाया गया चेकिंग अभियान

टी एस आई संजीव कुमार व टीम में शामिल सुरेंद्र कुमार व ओंकार सिंह द्वारा नगीना में विभिन्न स्थानों पर चलाया गया चेकिंग अभियान

दैनिक समाज जागरण
ब्यूरो शमीम सिद्दीकी

जनपद बिजनौर नगीना। संजीव कुमार टी एस आई के नेतृत्व में उनकी टीम में शामिल सुरेंद्र कुमार व ओंकार सिंह के द्वारा सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के पालन हेतु सघन चेकिंग अभियान चलाया गया । ये अभियान मुख्य रूप से ओवरलोडिंग, बिना हेलमेट, बिना सीटबेल्ट, शराब पीकर गाड़ी चलाने और अवैध पार्किंग के खिलाफ चलाया गया । इसमें वाहनों के कागजात (DL, RC, Insurance) की जांच कर चालान काटे गये और भारी जुमार्ना वसूला गया ।

एसपी बिजनौर अभिषेक झां के निर्देश पर यातायात पुलिस द्वारा यातायात प्रभारी के नेतृत्व में थाना नगीना क्षेत्र स्थित रेलवे स्टेशन सामने ,चित्तौड़गढ़ चौकी नगीना बुन्दकी चौराहे पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान ओवर स्पीड से वाहन चलाने वाले चालकों एवं यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ चालान किए गए। टी एस आई संजीव कुमार ने मिडिया कर्मी को जानकारी देते हुए बताया कि हमने यह मुहिम सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाई गई। सड़क पर वाहन चालकों द्वारा तेज रफ्तार एवं लापरवाह ड्राइविंग के कारण आए दिन हादसों की संभावना बनी रहती है। यातायात प्रभारी संजीव कुमार ने कहा कि जनपद में सड़क सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। यातायात नियमों का पालन न करने वाले किसी भी वाहन चालक को बख्शा नहीं जाएगा। नियम तोड़ने वालों पर लगातार चालान और कानूनी कार्रवाई की जाएगी, ताकि सड़क पर अनुशासन और सुरक्षा दोनों कायम रह सकें।

नगीना यातायात प्रभारी संजीव कुमार ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि वह गति सीमा का पालन करें, सीट बेल्ट और हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें। शराब पीकर वाहन न चलाएं। यातायात जागरूकता अभियान के अंतर्गत लोगों को चौराहों पर ट्रैफिक संचालन के विषय में बताते हुए जागरूक किया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले लगभग 60 वाहनों के चालान किए गए। इनमें दो पटाखा' साइलेंसर लगी वाली बुलेट गाड़ी के चलान किया गया तथा ओवर स्पीड , बिना हेलमेट नो पार्किंग , सीट बेल्ट दो पहिया वाहन पर तीन सवारी प्रदूषण बिना परमिट वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग आदि वाहनों के चालान किए गए ।

खेत में गन्ना छील रही महिला पर गुलदार का हमला, गंभीर रूप से घायल

समाज जागरण मुस्कान खान

जनपद बिजनौर अफजलगढ़। थाना क्षेत्र के गांव हिदायतपुर चौहड़वाला में मंगलवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब खेत में काम कर रही एक महिला पर अचानक गुलदार ने हमला कर दिया। घटना से पूरे गांव में दहशत का माहौल है और ग्रामीणों ने वन विभाग से तत्काल गुलदार को पकड़ने की मांग की है। जानकारी के अनुसार गांव हिदायतपुर चौहड़वाला निवासी करीब 50 वर्षीय राजो देवी पत्नी होरी सिंह मंगलवार सुबह अपने खेत पर गन्ना छीलने गई थीं। उसी दौरान खेत में करीब दो दर्जन मजदूर भी गन्ना छीलने का काम कर रहे थे। तभी अचानक झाड़ियों से निकले गुलदार ने राजो देवी पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। महिला की चीख-पुकार सुनकर आसपास काम कर रहे मजदूरों में अफरा-तफरी मच गई। मजदूरों ने शोर मचाया तो गुलदार महिला को छोड़कर जंगल की ओर भाग निकला। इसके बाद परिजनों और ग्रामीणों ने घायल अवस्था में राजो देवी को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अफजलगढ़ में भर्ती कराया।

सीएचसी में तैनात डॉक्टर खालिद अख्तर ने बताया कि महिला को प्राथमिक उपचार दिया गया है और वह फिलहाल खतरे से बाहर हैं। एहतियात के तौर पर उन्हें एंटी-रेबीज सीरम के लिए जिला अस्पताल बिजनौर रेफर किया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई और क्षेत्र में तलाशी अभियान शुरू कर दिया। वन दरोगा सत्यवीर यादव ने बताया कि गुलदार को पकड़ने के लिए टीम लगातार प्रयास कर रही है और जल्द ही उसे रेस्क्यू कर लिया जाएगा। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कई दिनों से खेतों के आसपास गुलदार लगातार दिखाई दे रहा है, जिससे किसानों और मजदूरों में भय का माहौल बना हुआ है। ग्रामीण रमेश कुमार सिंह, कृष्ण पाल सिंह, ऋषिपाल सिंह, महेंद्र सिंह, करन सिंह और सुनील कुमार समेत अन्य लोगों ने वन विभाग से गांव के आसपास पिंजरा लगाकर गुलदार को जल्द पकड़ने की मांग की है। वन विभाग के अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि क्षेत्र में निगरानी बढ़ा दी गई है और जल्द ही गुलदार को पकड़कर ग्रामीणों को राहत दिलाई जाएगी।

जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में सख्त निर्देश, आयुष्मान कार्ड और टीकाकरण पर विशेष जोर

समाज जागरण मुस्कान खान

जनपद बिजनौर जिलाधिकारी जसजीत कौर के निदेर्शों के अनुपालन में मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश जारी किए गए। मुख्य विकास अधिकारी ने छूटे हुए लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड शीघ्र बनाने के निर्देश दिए और स्पष्ट किया कि इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि केवल पात्र व्यक्तियों के ही आयुष्मान कार्ड बनाए जाएं और अपात्र लोगों को किसी भी स्थिति में

लाभ न मिले। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को सीएचओ के लंबित भुगतान की समीक्षा कर तत्काल निस्तारण कराने और भविष्य में भुगतान में देरी न होने के निर्देश दिए। कार्य के अनुरूप प्रोत्साहन आधारित भुगतान भी निर्धारित मानकों के अनुसार देने पर जोर दिया गया। बैठक में शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों का शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने, बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं के रूटीन टीकाकरण और कुपोषण की नियमित जांच करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही जिला चिकित्सालय एवं सभी सीएचसी/पीएचसी में आधारभूत सुविधाओं की कमी को तत्काल दूर करने के निर्देश भी दिए गए। स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता पर जोर देते हुए कहा गया कि जनसामान्य को बेहतर और मानक के अनुरूप स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है। बैठक के दौरान चिकित्सालयों में जीवन रक्षक दवाओं, एंटी-स्नेक इंजेक्शन की उपलब्धता, आशाओं के भुगतान, आयुष्मान भारत योजना और प्रधानमंत्री जननी सुरक्षा योजना के तहत लाभार्थियों के भुगतान की भी समीक्षा की गई। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर कौशलेंद्र सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर मनोज सेन, डॉ उर्मिला कार्या सहित सभी अपर मुख्य चिकित्साधिकारी और एमओआईसी उपस्थित रहे।

मिशन नारी सशक्तिकरण का प्रचार प्रसार व एंटी रोमियो की चैकिंग

दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान

जनपद बिजनौर मंडावर। मंडावर थाना क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिये पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है।इसी क्रम में एंटी रोमियो टीम ने धार्मिक स्थलो, स्कूलों पर चैकिंग अभियान चलाया।

मंगलवार को नारी मिशन शक्ति केंद्र प्रभारी एसआई प्रेरणा यादव के नेतृत्व में मुख्य आरक्षी रेनू , रीता , जावित्री ने धार्मिक स्थलो, स्कूलों, गांव गांव जाकर महिलाओं और बालिकाओं से संवाद स्थापित किया। उन्हें सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण हैलपलाइन नंबरों की जानकारी दी। जिनमें 1090 वूमेन पावर लाइन,1098 चाइल्ड हेल्पलाइन,112आपातकालीन सेवा,108 स्वास्थ्य सेवा,1930 साइबर हैलपलाइन को महिलाओं और बालिकाओं को जरूरत पड़ने पर इन नंबरों का उपयोग करने जागरूक किया। ग्रामीणों महिलाओं ने मिशन में हिस्सा लिया।

बारात की खुशियां पलभर में मातम में बदलीं, बैंक्विट हॉल में हार्ट अटैक से 50 वर्षीय व्यक्ति की मौत

दैनिक समाज जागरण
ब्यूरो शमीम सिद्दीकी

जनपद बिजनौर अफजलगढ़। थाना क्षेत्र के गांव जिकरीवाला स्थित एक बैंक्विट हॉल में आई बारात उस समय गम में बदल गई, जब बारात में शामिल एक व्यक्ति की अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया और शादी की खुशियां मातम में तब्दील हो गईं। प्राप्त जानकारी के अनुसार ठाकुरद्वारा थाना क्षेत्र के गांव सूरजननगर निवासी मेजर सिंह पुत्र स्वर्गीय ओमप्रकाश सिंह का विवाह जसपुर थाना क्षेत्र के गांव रामनगर वन निवासी छत्रपाल सिंह की पुत्री के साथ तय हुआ था। सोमवार की देर शाम मेजर सिंह की बारात अफजलगढ़ थाना क्षेत्र के गांव जिकरीवाला स्थित क्रिस्टल बैंक्विट हॉल में पहुंची थी, जहां शादी की रस्में चल रही थीं और बारातियों का स्वागत-सत्कार किया जा रहा था। इसी दौरान बारात में शामिल सूरजननगर निवासी करीब 50 वर्षीय निर्मल सिंह पुत्र मंगल सिंह अपने पुत्र विवेक सिंह के साथ समारोह में शामिल हुए थे। परिजनों के अनुसार भोजन करने के बाद विवेक सिंह अपने पिता निर्मल सिंह को आराम के लिए बारात में आई बस में बैठाकर चला गया। कुछ देर बाद जब वह वापस लौटा तो देखा कि निर्मल सिंह की तबीयत अचानक बिगड़ चुकी थी। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों और अन्य बारातियों में अफरा-तफरी मच गई। आनन-फानन में निर्मल सिंह को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अफजलगढ़ ले जाया गया, जहां मौजूद चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। चिकित्सकों के अनुसार प्रथम दृष्टया मौत का कारण हृदय गति रुकना बताया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और पूरे मामले की जानकारी ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल बिजनौर भेज दिया है, ताकि मौत के सही कारणों की पुष्टि हो सके। मृतक के बहनोई सत्यवीर सिंह ने बताया कि निर्मल सिंह पूरी तरह स्वस्थ थे और खुशी-खुशी बारात में शामिल होने आए थे, लेकिन अचानक हुई इस घटना ने पूरे परिवार को झकझोर कर रख दिया। उधर थानाध्यक्ष बिजेंद्र सिंह राठी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस घटना के बाद जहां एक ओर शादी की रस्में सादगी के साथ पूरी की गईं, वहीं मृतक के परिवार में शोक की लहर दौड़ गई है।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में 21 शिकायतें प्राप्त, एक का मौके पर हुआ निस्तारण

दैनिक समाज जागरण
ब्यूरो शमीम सिद्दीकी

जनता बिजनौर नजीबाबाद तहसील नजीबाबाद में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। इस दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 21 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से एक शिकायत का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने उपस्थित फरियादियों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि शेष शिकायतों का गुणवत्तापरक एवं समयबद्ध तरीके से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही यह भी कहा गया कि शिकायतों के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करना प्राथमिकता है, इसलिए सभी विभागीय अधिकारी प्राप्त शिकायतों का शीघ्र एवं संतोषजनक निस्तारण सुनिश्चित करें। अधिकारियों ने फरियादियों को भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है और प्राप्त शिकायतों पर आवश्यक कार्रवाई करते हुए जल्द से जल्द उनका निस्तारण कराया जाएगा।

सड़क हादसे में युवक की मौत, मां गंभीर घायल

दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान

जनपद बिजनौर स्योहारा। ग्राम चकमहदूद सानी निवासी 19 वर्षीय युवक की ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर में मौत, परिजनों के आग्रह पर नहीं हुआ पोस्टमार्टम, एक स्कूटी पर मां और मृतक सवार थे जबकि पिता और बहन दूसरी बाइक पर सवार थे। सोमवार की देर रात्रि 19 वर्षीय आयन पुत्र मोहम्मद अनवर निवासी मौहल्ला इस्लामनगर हाल निवासी ग्राम चकमहदूद सानी व अपनी मां रिहाना के साथ स्कूटी से सहसपुर से अपनी नानी के यहां से ईद मिल कर वापस अपने घर आ रहा था बताया जा रहा है कि बगवाड़ा गैंडाजुड़ के निकट सड़क किनारे खड़ी गाने से लदी ट्रैक्टर ट्राली में उसकी स्कूटी जा घुसी जिस के कारण आयन गंभीर रुप से घायल हो गया जबकि उसकी मां रिहाना के भी काफी चोट आई। बताया जा रहा है कि दूसरी बाइक पर मृतक का पिता अनवर और उसकी पुत्री सवार थे, घटना के बाद राहगीरों सहित पिता ने अपनी पत्नी रिहाना और पुत्र आयन को सीएचसी पहुंचा गया जहां से प्रथम उपचार के बाद रिहाना और आयन को रेफर कर दिया गया जहां रास्ते में आयन की मौत हो गई जबकि रिहाना को गंभीर हालत में भर्ती कराया गया है, परिजनों के आग्रह पर पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की, शव का। दफिना कर दिया गया है।

पुलिस ने चलाया बाइकर्स युवकों के खिलाफ अभियान

दैनिक समाज जागरण अजमल अंसारी

जनपद बिजनौर किरतपुर। नगर में पिछले काफीदिनों से नेशनल हाईवे और मुख्य बाजार में तेज आवाज पटाखे वाली बाइके बुलेट काफी संख्या में घूम रही है। जिसमें युवा पीढ़ी स्टंट और बिना किसी पुलिस के भय के पटाखे छोड़ती हुई नजर आती है। जिससे नगर वासी और बाजार में बैठे दुकानदार काफी परेशानी होती हैं। नगर वासियों द्वारा कार्यवाही हेतु जिसकी शिकायत थाना प्रभारी से की गई। थाना प्रभारी द्वारा मामले को शीघ्र संज्ञान में लेते हुए देर शाम पैदल पुलिस गस्त के दौरान जो बाइक तेज आवाज पटाखा छोड़ रही थी या तेज आवाज साइलेंसर वाली या जिन बाइक पर तीन सवारी बैठी हुई थी उन बाइकों को रोककर उनके चालान एवं आवश्यक कार्यवाही की गई। जिनमें एक बुलेट मोटरसाइकिल एवं एक मोटरसाइकिल शाहीन रजिस्ट्रेशन संख्या को कार्यवाही करते हुए सीज कर दिया गया। जिससे बाइक चालकों में हड़कंप मच गया। थाना प्रभारी की इस कार्यवाही से नगर वासी और बाजार में बैठे दुकानदारों द्वारा थाना प्रभारी की काफी प्रशंसा की गई थाना प्रभारी द्वारा बताया गया कि वह प्रतिदिन चेकिंग अभियान चलाकर ऐसे वाहनों को खिलाफ कार्रवाई करने से बिल्कुल भी पीछे नहीं हटेंगे।

पुलिस का सख्त एक्शन: प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार की अगुवाई में 1.780 किलो गांजा के साथ शातिर तस्कर गिरफ्तार

दैनिक समाज जागरण
ब्यूरो शमीम सिद्दीकी

जनपद बिजनौर स्योहारा । में अपराध और नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत स्योहारा पुलिस ने एक बार फिर शानदार सफलता हासिल की है। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार के कुशल नेतृत्व, तेज कार्यशैली और सख्त निगरानी का ही परिणाम है कि पुलिस टीम ने एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार कर बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित मादक पदार्थ बरामद किया।

पुलिस अधीक्षक बिजनौर के निर्देशन में चल रही सख्त कार्रवाई के बीच स्योहारा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अभियुक्त हुसैन जहां पत्नी फरियाद, निवासी ग्राम सदाफल को दबोच लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 1.780 किलोग्राम गांजा पत्ती बरामद हुई, जिसे अवैध रूप से रखा और सप्लाई किया जा रहा था।

इस संबंध में स्योहारा थाना पर मु0अ0सं0 84/2026 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। जांच में सामने आया कि गिरफ्तार अभियुक्त का पहले भी आपराधिक इतिहास रहा है और वह पहले भी एनडीपीएस एक्ट के मामलों में संलिप्त रह चुका है, जिससे उसके नशा तस्करी के नेटवर्क से जुड़े होने की आशंका और गहरी हो गई है। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार की सक्रियता बनी मिसाल प्रभारी संजय कुमार अपने कर्तव्यनिष्ठ, ईमानदार और सख्त पुलिसिंग के लिए क्षेत्र में लगातार सराहे जा रहे हैं। उनके नेतृत्व में स्योहारा पुलिस लगातार अपराधियों पर शिकंजा कस रही है और नशा तस्करों के खिलाफ प्रभावी अभियान चला रही है। उनकी कार्यशैली से आम जनता में सुरक्षा का भरोसा मजबूत हुआ है, वहीं अपराधियों में भय का माहौल बना हुआ है।

टीमवर्क से मिली सफलता

इस कार्रवाई को सफल बनाने में उ0नि0 अशोक कुमार, उ0नि0 काजल तेवतिया, का0 राहुल, का0 सुरेंद्र राणा एवं का0 अमित भाटी की अहम भूमिका रही, जिन्होंने पूरी मुस्तैदी और समर्पण के साथ अभियान को अंजाम दिया।

पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में नशे के कारोबार को किसी भी हाल में पनपने नहीं दिया जाएगा और ऐसे तत्वों के खिलाफ लगातार कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

स्योहारा पुलिस की इस कार्रवाई ने यह साबित कर दिया है कि प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार के नेतृत्व में कानून का शिकंजा अब और भी मजबूत हो चुका है।

खाद्य विभाग की टीम ने लिए मिठाइयों के नमूने, दुकानदारों में मचा हड़कंप

दैनिक समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी

जनपद बिजनौर हल्दौर। नगर में उस समय मिठाई वालों में हड़कंप मच गया, जब पोखर बाजार स्थित खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीम पहुंची नगर में उस समय मिठाई वालों में हड़कंप मच गया जब पोखर बाजार स्थित खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीम ने लगभग दो मिठाई की दुकानों से नमूने लिए। ज्ञात रहे कि काफी दिनों से हल्दौर से भी नकली मिठाई की शिकायत जा रही थीं। दुकानदार अपनी अपनी दुकान बन्द करके भाग गये। काफी देर तक पोखर बाजार स्थितअफरा-तफरी का माहौल बना रहा। अभी फिलहाल दो दिन पहले थाना क्षेत्र के गांव पावटी में गगन गुटका तंबाकू बनाने की एक बैकट हाल में नकली फैक्ट्री पर छापा मारकर काफी भारी तादाद में नकली पाउच और कच्चा अन्य नकली सामान पकड़ा। खाद्य सुरक्षा प्रशासन के सहायक आयुक्त नादिर अली अपनी पूरी टीम के साथ जिसमें आर के सिंह फूड इंस्पेक्टर, रेनू सिंह फूड इंस्पेक्टर, नरेश कुमार, अनुपम यादव आदि शामिल रहे।

विद्यार्थियों के नेतृत्व में सजा निपुण चैंपियन मेला, धुरैटा विद्यालय में दिखी प्रतिभा की चमक

समाज जागरण

संभल। पीएमश्री उच्च प्राथमिक विद्यालय, धुरैटा, पवांसा में निपुण चैंपियन मेला एवं लेगेसी ट्रांसफर समारोह का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बेसिक शिक्षा विभाग के सहयोग से इन्वॉल्व लर्निंग सॉल्यूशन फाउंडेशन द्वारा संपन्न कराया गया। कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि इसका संपूर्ण संचालन, आयोजन, मंच संचालन तथा विभिन्न प्रस्तुतियाँ पूरी तरह से विद्यार्थियों द्वारा की गईं।

इस कार्यक्रम में पवांसा ब्लॉक के 17 प्राथमिक एवं कंपोजिट विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। विद्यार्थियों ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, सोशल मीडिया का नकारात्मक प्रभाव, वृक्ष लगाओ, जीवन बचाओ सहित अनेक समसामयिक एवं प्रेरणादायी विषयों पर आकर्षक गतिविधियों और प्रस्तुतियों के माध्यम से अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना के साथ हुआ। प्रारंभ में इन्वॉल्व के प्रतिनिधि पुलकित दोशी ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस पहल का मुख्य लक्ष्य बच्चों में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास, जिम्मेदारी और सहयोगात्मक अधिगम की भावना को विकसित करना है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी, पवांसा, विनोद कुमार रहे। उनके साथ एआरपी संजीव कुमार, प्रह्लाद शैलेन्द्र कुमार एवं ओमपाल सिंह सहित विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाध्यापक/प्रधानाध्यापिकाएँ, शिक्षक एवं टीम इन्वॉल्व के सदस्य भी रहे।

अपने संबोधन में खंड शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार ने कहा कि उन्होंने पहली बार ऐसा कार्यक्रम देखा है, जिसका संचालन और आयोजन विद्यार्थियों द्वारा इतने प्रभावशाली ढंग से किया गया हो। उन्होंने कहा कि यह आयोजन इस बात का सशक्त प्रमाण है कि यदि बच्चों को अवसर, मार्गदर्शन और विश्वास दिया जाए, तो वे न केवल उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हैं, बल्कि नेतृत्व की भूमिका भी सफलतापूर्वक निभा सकते हैं।

यह आयोजन विद्यार्थियों की प्रतिभा, रचनात्मकता, नेतृत्व क्षमता तथा सामूहिक सीखने की भावना का उत्कृष्ट उदाहरण बनकर उभरा। निपुण चैंपियन मेला ने यह सिद्ध किया कि विद्यालय केवल शिक्षा प्राप्त करने का स्थान नहीं, बल्कि बच्चों के व्यक्तित्व विकास, सामाजिक जागरूकता और नेतृत्व निर्माण का सशक्त मंच भी है

टीबी मुक्त अभियान में शामली की बड़ी उपलब्धि

--9 ग्राम पंचायतें घोषित, पोषण किट वितरण व स्वास्थ्य जागरूकता पर जोर

समाज जागरण
शामली।(फुरकान जंग)

नवीन कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एमएलसी वीरेन्द्र सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष रामजी लाल कश्यप तथा प्रभारी जिलाधिकारी,अपर जिला धिकारी सत्येन्द्र सिंह ने संयुक्त रूप से की। इस दौरान जनपद की 9 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक संस्थाओं–
अजुमन खिदमत , आस्था नर्सिंग होम, अवर इंडिया फाउंडेशन, इनर व्हील क्लब, रेड क्रॉस सोसायटी व मंदिर महादेव शिवालय–द्वारा 10-10 टीबी मरीजों को गोद लेकर पोषण पोटली किट वितरित की गई।मुख्य अतिथि एमएलसी वीरेन्द्र सिंह ने कहा कि स्वस्थ शरीर ही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने बदलती जीवनशैली और खानपान को बीमारियों का प्रमुख कारण बताते हुए लोगों से सजग रहने की अपील की। साथ ही ग्राम प्रधानों और स्वयंसेवी संस्थाओं से आग्रह किया कि टीबी के लक्षण दिखने पर मरीजों को तुरंत सरकारी अस्पताल पहुंचाया जाए, ताकि समय रहते उपचार मिल सके।
कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों–विनीता, लाली तोमर, वीरेंद्र, शालिनी और तनिष्का सैनी–को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सीएमएस डॉ किशोर आहुजा सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

झिंझाना पुलिस की कार्रवाई: शातिर चोर अवैध तमंचे व नकदी सहित गिरफ्तार

समाज जागरण
शामली।(फुरकान जंग)

पुलिस अधीक्षक एन.पी. सिंह के निर्देश पर चलाए जा रहे संदिग्ध व्यक्ति व वाहन चेकिंग अभियान के तहत झिंझाना पुलिस के सफलता हाथ लगी है। थाना झिंझाना पुलिस ने एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध तमंचा, जिंदा कारतूस और नकदी बरामद की है।पुलिस के अनुसार, अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन और क्षेत्रा धिकारी कैराना के नेतृत्व में चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान पुलिस टीम ने संदिग्ध अवस्था में एक युवक को पकड़ा। तलाशी लेने पर उसके पास से एक अवैध 315 बोर का तमंचा, एक जिंदा कारतूस और 1850 रुपये नगद बरामद हुए।पूछताछ में आरोपी की पहचान आकाश पुत्र पप्पू निवासी मोहल्ला ताडवाला, थाना झिंझाना, जनपद शामली के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।पुलिस अभिलेखों के अनुसार, आरोपी का आपराधिक इतिहास भी रहा है और उसके खिलाफ पहले से कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस का कहना है कि आरोपी से पूछताछ कर अन्य घटनाओं के संबंध में भी जानकारी जुटाई जा रही है।इस कार्रवाई को अंजाम देने वाली टीम में उपनिरीक्षक पवन कुमार, कांस्टेबल अनुज कुमार और कांस्टेबल गुलफाम शामिल रहे।

पर्यावरण, गंगा स्वच्छता व वृक्षारोपण पर सख्ती, जल गुणवत्ता जांच हर माह अनिवार्य

समाज जागरण
शामली।(फुरकान जंग)

प्रभारी जिलाधिकारी,अपर जिला धिकारी सत्येन्द्र सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला गंगा समिति, जिला पर्यावरण समिति एवं जिला वृक्षारोपण समिति की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में पर्यावरण संरक्षण, जल गुणवत्ता, गंगा स्वच्छता और वृक्षारोपण से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए।अपर जिलाधिकारी ने सभी नगर निकायों को निर्देशित किया कि वे प्रत्येक माह जल गुणवत्ता की अनिवार्य रूप से जांच कराएं। सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर प्रभावी रोक लगाने के लिए व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाने और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ अर्थदंड की कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।बैठक में जैव विविधता पंजिका तैयार कर उसे नियमित रूप से अद्यतन रखने, कोल्हू एवं ईंट भट्टों के खिलाफ की गई कार्रवाई की रिपोर्ट प्रदूषण विभाग को भेजने तथा सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) की नियमित जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। छोटी नदियों के जीर्णोद्धार एवं संरक्षण को लेकर अलग से समीक्षा बैठक आयोजित करने की भी बात कही गई।इसके अलावा, 16 मार्च से 31 मार्च 2026 तक आयोजित होने वाले गंगा स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए सभी नगर निकायों और खंड विकास अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। वृक्षारोपण कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए ग्रीन चौपाल आयोजित करने, आगामी वृक्षारोपण की कार्ययोजना भेजने और विभागवार नोडल अधिकारियों का विवरण उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए।बैठक में सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

जानलेवा हमले का आरोपी गिरफ्तार, अवैध तमंचा-कारतूस बरामद

समाज जागरण
कैराना।(फुरकान जंग)

कैराना पुलिस ने जानलेवा हमले की घटना में वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध तमंचा और कारतूस बरामद किया है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अपराधियों के खिलाफ चल रहे अभियान को मजबूती मिली है। पुलिस के अनुसार, कस्बा कैराना के मोहल्ला आलकलां निवासी अर्जुन सिंह ने पंकज पुत्र मदन सिंह के साथ मारपीट की थी और जान से मारने की नीयत से फायरिंग की थी। इस मामले में पीड़ित की तहरीर के आधार पर थाना कैराना में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था।पुलिस अधीक्षक शामली एन.पी. सिंह के निर्देश पर फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा था। इसी क्रम में संदिग्ध व्यक्ति और वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने आरोपी अर्जुन सिंह को गिरफ्तार कर लिया।तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 315 बोर का एक अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ।

पुलिस ने बरामदगी के आधार पर आरोपी के खिलाफ सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर जेल भेज दिया है ।गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक अनिरुद्ध कुमार, हेड कांस्टेबल प्रमेश और कांस्टेबल निशांत शामिल रहे।

धोखे से शादी के बाद विवाहिता को जलाने का प्रयास

समाज जागरण

कैराना। धोखे से शादी करने के बाद विवाहिता के साथ मारपीट और जलाने का प्रयास किया गया। मामले में चार आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया है। मोहल्ला बेगमपुरा निवासी सहरून ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया। बताया कि कांधला के मोहल्ला शेखजादगान निवासी आसिफ ने खुद को अविवाहित बताकर उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाकर 17 नवंबर 2025 को सब-रजिस्ट्रार कार्यालय में शादी कर ली। वह मोहल्ले में ही किराए के कमरे में रहती है। उसके तीन माह की बच्ची है और गर्भवती भी है। पीड़िता का आरोप है कि बाद में उसे पता चला कि आरोपी पहले से शादीशुदा है और चार बच्चों का पिता है। विरोध करने पर आरोपी पति आसिफ, देवर गुलजार व फरहान और सास नूरनिशा उसके साथ मारपीट करने लगे। शनिवार सुबह करीब 11 बजे आरोपी पति और सास उसके घर पहुंचे और उस पर पेट्रोल डालकर जलाने का प्रयास किया। इस दौरान पति ने लाठी से उसके हाथ पर वार किया, जिससे उसकी हड्डी टूट गई। घटना के बाद आरोपी धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने मामले में अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

बिजलीघर पर उमड़ रही उपभोक्ताओं की भीड़

समाज जागरण

कैराना।(फुरकान जंग) कनेक्शन काटे जाने के बाद बिजलीघर पर उपभोक्ताओं की भीड़ उमड़ रही है।
क्षेत्र में करीब पांच हजार उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन काटे जा चुके हैं। मंगलवार को बिजलीघर पर उपभोक्ताओं की भारी भीड़ देखने को मिली। इस दौरान शोएब मलिक ने बताया कि ईद से पहले ही उनके घरों की बिजली गुल हो गई थी, जिसके चलते त्योहार पर उन्हें मोमबत्ती के सहारे काम चलाना पड़ा। उपभोक्ताओं का आरोप है कि बिल जमा करने के बावजूद भी मीटर से आगे बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हो रही है, जिससे उनकी परेशानियां और बढ़ गई हैं।

विधायक ने नवनियुक्त जिला अध्यक्ष व कार्यकारिणी का किया स्वागत

समाज जागरण

शामली।(फुरकान जंग) सदर विधायक प्रसन्न चौधरी द्वारा अपने कैंप कार्यालय पर भाजपा के नव नियुक्त जिलाध्यक्ष रामजीलाल कश्यप एवं उनकी जिला कार्य कारिणी के सम्मान में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पहुंचने पर विधायक एवं उनके समर्थकों द्वारा जिलाध्यक्ष व कार्य कारिणी सदस्यों का फूल-मालाएं पहनाकर भव्य स्वागत किया गया।
मंगलवार को राष्ट्रीय लोकदल के विधायक प्रसन्न चौधरी के कैंप कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता लिसाड़ खाप चौधरी मनोज कश्यप ने की, जबकि संचालन मास्टर नीटू कश्यप द्वारा किया गया। इस दौरान जिला कार्यकारिणी के सदस्यों सहित अन्य वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए और संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया। विधायक प्रसन्न चौधरी एवं जिलाध्यक्ष रामजीलाल कश्यप ने एनडीए सरकार की उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंच रहा है। कार्यक्रम के अंत में विधायक द्वारा जिलाध्यक्ष, खाप चौधरियों एवं बाबा थांबेदारों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बाबा राजकुमार कश्यप, बाबा श्यामू कश्यप, बाबा वीरा कश्यप, बाबा बेदू कश्यप, ऋषिपाल सिंह, छोटन कश्यप, संजीव कश्यप, अरविंद झाल, वीर सिंह मलिक, पवन कश्यप सेंहटा, डॉ. कंवरपाल कश्यप टिटौली, महेंद्र सिंह कश्यप झाल आदि मौजूद रहे।

कार रोककर मारपीट व फायरिंग का आरोप

समाज जागरण

कैराना। कार रोककर मारपीट और फायरिंग करने का आरोप लगा है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जनपद मेरठ के थाना इंचोली क्षेत्र के गांव मीठेपुर निवासी काजिम ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह रविवार को बंजारा बस्ती में आयोजित बिरादरी की मीटिंग में शामिल होने आया था। देर रात करीब 11 बजे वह अपने पिता दतिया, हुसैनी व अन्य लोगों के साथ कार से वापस लौट रहा था। आरोप है कि रास्ते में बंजारा बस्ती निवासी तसलीम व बुट्टा तथा मेरठ जनपद के थाना सरधना क्षेत्र के गांव नानू निवासी पीरु, कायम, शहजाद उर्फ पदीना, यामीन व शौकीन ने उनकी कार को रोक लिया। इसके बाद आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट की और फायरिंग कर दी। मारपीट में वह और उसके पिता घायल हो गए। घटना के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बाइकों की भिड़ंत में बच्चों समेत घायल

समाज जागरण

कैराना।(फुरकान जंग)दो बाइकों की जोरदार भिड़ंत में दंपति और बच्चों सहित पांच लोग घायल हो गए। घायलों में दो को रेफर कर दिया।
मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे क्षेत्र के गांव भूरा के निकट दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में एक बाइक पर सवार सालिम, उसकी पत्नी रिहाना, पुत्र सुफियान व पुत्री सोफिया के अलावा दूसरी बाइक चालक साबिर समस्त निवासीगण गांव भूरा घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। राहगीरों ने घायल रिहाना को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जबकि सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से अन्य चार घायलों को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद साबिर और सालिम की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि साबिर की हालत चिंताजनक बनी हुई है।

राशन कार्ड काटने पर उपभोक्ताओं का हंगामा एसडीएम को सोपा ज्ञापन

समाज जागरण

शामली।(फुरकान जंग) तहसील क्षेत्र के गांव चंदेनामाल के ग्रामीणों ने राशन कार्ड कटने की समस्या को लेकर एसडीएम सदर को शिकायती पत्र सौंपते हुए मामले की जांच कराने की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि बिना किसी जांच-पड़ताल के गांव के एक दर्जन से अधिक पात्र लोगों के राशन कार्ड काट दिए गए हैं, जिससे उनके सामने भरण-पोषण का संकट खड़ा हो गया है।
ग्रामीणों का कहना है कि राशन डीलर और जिला खाद्य आपूर्ति विभाग के अधिकारियों की कथित मिलीभगत से यह कार्रवाई की गई है। आरोप है कि जिन लोगों ने राशन वितरण में घटतौली का विरोध किया और अंत्योदय कार्ड धारकों को कम राशन दिए जाने पर आवाज उठाई, उन्हीं के राशन कार्ड काट दिए गए। शिकायत में यह भी कहा गया है कि गांव की राशन कार्ड सूची में करीब 150 से 200 फर्जी यूनिट जोड़े गए हैं, जिससे वास्तविक पात्र लाभार्थियों का हक प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों ने इस पूरे प्रकरण को गंभीर बताते हुए उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। ग्रामीणों ने एसडीएम से मांग की कि अपात्र व्यक्तियों की निष्पक्ष जांच कर उनके राशन कार्ड निरस्त किए जाएं तथा जिन पात्र लोगों के कार्ड काटे गए हैं, उन्हें पुनः बहाल कराया जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। इस अवसर पर सुनील, कुलदीप, सोनू कुमार, प्रीति, संगीता, पप्पू, सतीश शर्मा, तेजपाल आदि मौजूद रहे।

मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

समाज जागरण

शामली।(फुरकान जंग) जनपद में मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत छात्राओं को सशक्त बनाने और उनमें आत्मविश्वास विकसित करने के उद्देश्य से एक दिन का अधिकारी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी

पहल के तहत सरस्वती शिशु विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की 11वीं कक्षा की छात्रा एकता जांगिड़ को एक दिन के लिए डीआईओएस बनाया गया। कार्यक्रम के दौरान एकता जांगिड़ ने डीआईओएस कार्यालय पहुंचकर वहां के कार्यों को नजदीक से समझा। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों से बातचीत की तथा शिक्षा विभाग के कामकाज, कार्यालय प्रणाली और शिकायत निस्तारण प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी ली। डीआईओएस ऐश्वर्या जायसवाल ने छात्रा को विभागीय प्रक्रियाओं से अवगत कराया और कार्यालय का निरीक्षण भी करवाया। उन्होंने बताया कि मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत छात्राओं को प्रशासनिक कार्यों का अनुभव देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इस अवसर पर छात्रा एकता जांगिड़ के पिता प्रमोद जांगिड़ उर्फ राजू मेम्बर, विद्यालय के प्रधानाचार्य रविन्द्र कुमार तथा लिपिक धर्मेंद्र कुमार भी उपस्थित रहे।

अखिल भारतीय जाट महासभा, ने विभिन्न समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री को भेजा पत्र

समाज जागरण

शामली।(फुरकान जंग) अखिल भारतीय जाट महासभा के युवा जिलाध्यक्ष मुकुल चौधरी के नेतृत्व में जनपद की विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा गया। ज्ञापन में आम जनता और किसानों से जुड़ी कई गंभीर सम स्याओं का उल्लेख करते हुए उनके शीघ्र समाधान की मांग की गई है।
ज्ञापन में बताया गया कि क्षेत्र में घरेलू गैस सिलेंडर की भारी किल्लत बनी हुई है, जिसके चलते काला बाजारी खुलेआम हो रही है। आम उपभो क्ताओं को मजबूरी में अधिक कीमत पर गैस सिलेंडर खरीदना पड़ रहा है, जिससे आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। इसके अलावा किसानों को डीएपी और एनपीके खाद समय पर उपलब्ध नहीं हो पा रही है। खाद की कमी के कारण खेती कार्य प्रभावित हो रहा है और यदि स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो आगामी फसल उत्पादन पर भी असर पड़ सकता है। ज्ञापन में आवारा पशुओं की समस्या को भी प्रमुखता से उठाया गया है। बताया गया कि क्षेत्र में आवारा पशु किसानों की फसलों को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं, जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति लगातार कमजोर हो रही है। इस समस्या के स्थायी समाधान की मांग की गई है। वहीं, जनपद शामली के बाईपास मार्गों पर बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को लेकर भी चिंता जताई गई है। आए दिन हो रहे हादसों में जनहानि की घटनाएं बढ़ रही हैं। ज्ञापन में इन मार्गों पर स्पीड ब्रेकर, स्ट्रीट लाइट और पुलिस निगरानी की व्यवस्था सुनिश्चित कराने की मांग की गई है। ज्ञापन में जनप्रतिनिधियों की सुरक्षा का मुद्दा भी उठाया गया। हाल ही में एक जनप्रतिनिधि को मिली धमकी को गंभीर बताते हुए कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाए गए हैं और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की गई है। इस अवसर पर मुकुल चौधरी, पप्पू लपराना, विरेन्द्र, मुकुल चौधरी, परमवीर, बहादुर, अमजद खान, अरविन्द खोडसमा, विनय कुमार, हर्ष, सोराम प्रधान आदि मौजूद रहे।

नाबालिगो को बंधक बनाकर ईंट भट्टे पर मजदूरी कराने का आरोप

समाज जागरण

शामली।(फुरकान जंग) शहर कोतवाली क्षेत्र के गांव बुटराडी स्थित एक ईट भटटे पर दो नाबालिंग बच्चों को बंधक बनाकर मजदूरी कराने का मामला सामने आया है। जब दोनों बच्चे ईट भटटे से जान छुडाकर भाग रहे थे तो ईट भटटे के मुनीम व कर्मचारी द्वारा उनको पकडकर ले जाने का प्रयास किया गया, लेकिन आसपास मौजूद लोगों द्वारा मामले की सूचना पुलिस को दी गई।
शामली कोतवाली क्षेत्र के गांव गांधीगंज मंडी में उस समय हंगामा खडा हो गया, जब दो व्यक्ति दो छोटे बच्चों को पकडकर ले जा रहे थे। बच्चों द्वारा शोर शराबा किए जाने पर आसपास मौजूद व्यापारियों व लोगों ने उनको रोककर बच्चों से पूछताछ की तो उनके होश उड गए। बच्चों ने बताया कि उनको बंधक बनाकर ईट भटटे पर मजदूरी कराई जा रही है और वह वहां से अपनी जान बचाकर भागे है। अब ईट भटटे का मुनीम और एक अन्य व्यक्ति उनको पकडकर दोबारा ईट भटटे पर लेकर जा रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए लोगों ने शहर कोतवाली पुलिस को मामले की सूचना दी। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने दोनों बच्चों को अपने साथ ले लिया और कोतवाली ले आई। वही बच्चों ने बताया कि वह बिहार के गांव बेबु सराह के निवासी है, जिनको लंबे समय से बंधन बनाकर मजूदरी कराई जा रही है। मंगलवार को वह मौका पाकर भाग आये थे और स्टेशन पर जाते समय उनको पकड लिया गया। बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया था। ईट भटटे के मुनीम ने बताया कि उक्त श्रमिक बच्चों ने 80 हजार पेशगी ले रखी है। इसके लिए उनको कार्य कराने के लिए ले जा रहे थे। कोतवाली प्रभारी सचिन शर्मा का कहना था कि मामले की जानकारी श्रम परिवर्तन अधिकारी को दी गई। मामले की जांच के बाद कार्यवाही की जायेगी।

उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने की बैठक, वर्तमान समस्याओं पर चर्चा

समाज जागरण

शामली।(फुरकान जंग) उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश की शामली इकाई की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेश अध्यक्ष लोकेश अग्रवाल ने व्यापारियों की वर्तमान समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में व्यापारी वर्ग को अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, ऐसे में एकजुटता के साथ-साथ व्यापारिक कानूनों की सही जानकारी होना बेहद आवश्यक है। शाहर के रॉक गोल्ड एकेडमी में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लोकेश अग्रवाल ने कहा कि आज व्यापारी लगभग 28 विभागों के दबाव और उत्पीड़न का सामना कर रहा है, जिससे व्यापार करना दिन-प्रतिदिन कठिन होता जा रहा है। उन्होंने स्मार्ट मीटर के मुद्दे पर बोलते हुए कहा कि बिजली विभाग को पहले अपने सर्वर सिस्टम को दुरुस्त करना चाहिए, उसके बाद ही स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया शुरू करनी चाहिए। कहा कि वर्तमान समय में व्यापारी की छवि एक अपराधी के रूप में प्रस्तुत की जा रही है, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों फिल्म, प्रशासनिक, राजनीतिक, सामाजिक और धार्मिक का भी योगदान रहा है। उन्होंने इस सोच को बदलने पर जोर देते हुए व्यापारियों के सम्मान की रक्षा की बात कही। प्रदेश अध्यक्ष ने यह भी आरोप लगाया कि ऑनलाइन व्यापार और बड़े उद्योग घरानों के लिए अलग नियम बनाए गए हैं, जबकि छोटे व्यापारियों के लिए नियम अधिक कठोर हैं। इससे छोटे व्यापारियों को प्रतिस्पर्धा में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा बार-बार सैंपल भरकर व्यापारियों को परेशान किया जा रहा है, जबकि सैंपलिंग के स्पष्ट मानक तय नहीं हैं। उन्होंने यह भी कहा कि खेतों में पानी और कीटनाशकों के उपयोग को लेकर भी स्पष्ट दिशानिर्देश नहीं हैं, जिससे व्यापारियों पर अनावश्यक दबाव बनता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल चेयरमैन सुनील गोयल ने की, जबकि संचालन प्रदेश संयुक्त महामंत्री गौरव रुहेला ने किया। इस अवसर पर अरविंद कुमार, डॉ. राजेंद्र गोयल, हिमांशु जैन मौजूद रहे।

शहीदों के बलिदान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

समाज जागरण

शामली।(फुरकान जंग) हिंदी साहित्य भारती शाखा शामली के तत्वावधान में भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव के बलिदान दिवस के अवसर पर एक भव्य काव्य संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संस्था के जिलाध्यक्ष एवं वरिष्ठ साहित्यकार प्रदीप मायूस के आवास पर संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता ओजस्वी कवि प्रीतम सिंह प्रीतम ने की, जबकि संयोजन एवं संचालन प्रदीप मायूस द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदे के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। काव्य संध्या में नगर के कवियों ने देशभक्ति और सामाजिक सरोकारों से जुड़ी रचनाएं प्रस्तुत कर वातावरण को ओज और भावनाओं से भर दिया।
कार्यक्रम में प्रमुख रूप से देशभक्ति की रचनाएं प्रस्तुत की गईं, जिन्हें श्रोताओं ने खूब सराहा। इस अवसर पर प्रदीप मायूस, शिवम सम्राट, कवि श्रीकांत शर्मा, अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रीतम सिंह प्रीतम ने इंकलाब के नारों के साथ श्रोताओं में जोश भर दिया, जिस पर जमकर तालियां बजीं। कार्यक्रम में सोनू चावला, लवली सिंह टांक, वरदान कुमार, मांगे राम सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रभक्ति के उत्साह और शहीदों को नमन के साथ हुआ।

जनपद में 14 करोड़ से सड़कों के विकास को नई रफ्तार

सांसद के प्रयासों से 2 सड़कों का होगा कायाकल्प ग्रामीण क्षेत्रों को जोड़ने के लिए करोड़ों की योजनाओं से बदलेगी तस्वीर

समाज जागरण बागपत। जनपद में विकास की रफ्तार तेज होती नजर आ रही है, जहां 8.21 करोड़ रुपये और 5.87 करोड़ रुपये की लागत से दो प्रमुख सड़कों के नवीनीकरण की स्वीकृति ने क्षेत्र में नई उम्मीदें जगा दी हैं।

जनपद में आधारभूत ढांचे को मजबूत करने की दिशा में सांसद डॉ राजकुमार सांगवान के प्रयासों से मुजफ्फरनगर-बुढ़ाना-बड़ौत मार्ग और रमाला-टांडा मार्ग के नवीनीकरण के लिए कुल लगभग 14.09 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। मुजफ्फरनगर-बुढ़ाना-बड़ौत मार्ग के लिए 8.21 करोड़ रुपये की राशि निर्धारित की गई है। यह मार्ग

लंबे समय से जर्जर होने के कगार पर था, जिससे किसानों, व्यापारियों और आमजन को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। इस सड़क के सुधरने से न केवल यातायात सुगम होगा, बल्कि क्षेत्रीय व्यापार को भी मजबूती मिलेगी। इसके साथ ही रमाला-टांडा मार्ग के लिए 5.87 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है। यह सड़क ग्रामीण इलाकों को मुख्य मार्गों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसके निर्माण और मरम्मत से गांवों की कनेक्टिविटी बेहतर होगी और लोगों को सुरक्षित व सुगम यात्रा का लाभ मिलेगा। विशेषज्ञों का मानना है कि सड़क नेटवर्क के मजबूत होने से क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियां तेज होंगी। किसानों को अपनी फसल बाजार तक पहुंचाने में आसानी होगी, जिससे उनकी आय में वृद्धि की संभावना बनेगी।

क्षेत्रवासियों ने इस पहल के लिए सांसद का आभार जताते हुए उम्मीद जताई है कि भविष्य में भी ऐसे विकास कार्य जारी रहेंगे, जिससे बागपत जिले की तस्वीर पूरी तरह बदल जाएगी।

माता कात्यायनी पूजन करने से दूर होती है विवाह बाधा, संकटों से मिलता है छुटकारा

समाज जागरण बागपत।

माता भगवती का छठां अवतार कात्यायनी देवी है। माता कात्यायनी को निर्भकता और साहस की देवी कहा जाता है। उनका पूजन करने से जातक को शत्रुओं का भय नहीं रहता है अदभुत शक्ति का संचार होता है। माता भगवती यह रूप महिषासुर और शत्रुओं का विनाश करने वाला है। मां कात्यायनी की पूजा करने से अर्थ, कर्म और मोक्ष की प्राप्ति होती।

ज्योतिषाचार्य पंडित राजकुमार शास्त्री ने बताया कि कात्य गोत्र में जन्म लेने के कारण देवी भगवती माता कात्यायनी कहलाई। देवी कात्यायनी का स्वरुप अत्यंत विशाल एवं दिव्य है। स्वर्ण के समान चमकदार शरीर वाली कात्यायनी माता की चार भुजाएं हैं। इनके दो हाथों में तलवार एवं कमल पुष्प सुशोभीत हैं, जबकि दो हाथ वर और अभय मुद्रा में अपने भक्तों को

आशीर्वाद देते हुए हैं। देवी कात्यायनी का वाहन सिंह है। माता कात्यायनी की पूजा करने से भक्तों के सभी कष्ट दूर हो जाते हैं विवाह में आ रही बाधाएं दूर होती है। माता कात्यायनी को निर्भकता और साहस की देवी माना जाता है। इनका पूजन करने से अदभुत शक्ति का संचार होता है। बुधवार को माता के सातवें रूप कालरात्रि का पूजन किया जाएगा। माता कालरात्रि को तंत्र-मंत्र की देवी कहा जाता है। माता को गुड़हल का पुष्प अर्पित करने और गुड़ का दान करने से गृह बाधाओं से छुटकारा मिलता है।

मंगलवार को बाबा जानकीदास मंदिर में पूजन के बाद दुर्गा सप्तशती का पाठ और फिर आरती के बाद प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर भगवान देई, आचार्य सुनील जोशी, सुबोध तिवारी, पंडित हर्ष कुमार शास्त्री, अनन्या, शिवा मौजूद रहे।

मैक्स हॉस्पिटल , शालीमार बाग ने बड़ौत में ऑथोर्पेडिक स्पाइन सर्जरी ओपीडी सेवाओं की शुरूआत की

समाज जागरण

बड़ौत। मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, शालीमार बाग ने आज बड़ौत मेडिसिटी हॉस्पिटल में अपनी ऑथोर्पेडिक स्पाइन सर्जरी ओपीडी सेवाओं की शुरूआत की। इन ओपीडी सेवाओं का शुभारंभ मैक्स हॉस्पिटल, शालीमार बाग के ऑथोर्पेडिक स्पाइन सर्जरी विभाग के प्रिंसिपल कंसल्टेंट एवं यूनिट हेड - डॉ. जितेश मंघवानी, की उपस्थिति में किया गया। डॉ. जितेश मंघवानी ने कहा, "लगातार पीठ या गर्दन में दर्द, हाथों या पैरों में झनझनाहट या सुन्नता, कमजोरी या चलने में कठिनाई अक्सर स्पाइन से जुड़ी समस्याओं के शुरूआती संकेत हो सकते हैं और इन्हें कभी नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।" डॉ. जितेश ने आगे कहा, "आज के समय में उपचार काफी एडवांस हो चुका है,

जिसमें फिजियोथेरेपी, लाइफस्टाइल मॉडिफिकेशन और पेन मैनेजमेंट शामिल हैं, जबकि सर्जरी केवल आवश्यक होने पर ही की जाती है। सर्जरी की जरूरत 5% से भी कम मामलों में होती है और मिनिमली इनवेसिव स्पाइन सर्जरी जैसी आधुनिक तकनीकों के जरिए अब मरीजों को तेजी से रिकवरी, कम दर्द और बेहतर लॉन्ग-टर्म रिजल्ट मिल रहे हैं।" मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, शालीमार बाग अत्याधुनिक तकनीक और सहयोग के माध्यम से पेशेंट सेंट्रिक सेवाओं को और मजबूत करने के अपने संकल्प को लगातार आगे बढ़ा रहा है। बड़ौत में इन नई ओपीडी सेवाओं के जरिए अस्पताल का उद्देश्य मरीजों को उनके घर के करीब समय पर, विशेषज्ञ और व्यापक स्पाइन केयर उपलब्ध कराना है, जिससे बेहतर इलाज और जीवन की गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके।

ओम योगी विशाल भारद्वाज ने रचा इतिहास, स्थापित किया पांचवां विश्व रिकॉर्ड

समाज जागरण बागपत।

ऋषिकेश में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग महोत्सव में ओम योगी विशाल भारद्वाज ने माथे पर प्रज्वलित दीपक रखकर मात्र 2 मिनट में 25 योगासन पूर्ण कर एक नया विश्व रिकॉर्ड स्थापित किया। इस अद्वितीय प्रदर्शन के लिए उन्हें अंतर्राष्ट्रीय योग रत्न पुरस्कार 2026 से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पुष्कर सिंह धामी (मुख्यमंत्री उत्तराखंड), लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (उत्तराखंड राज्यपाल),सतपाल महाराज (पर्यटन मंत्री उत्तराखंड), अंतर्रा ष्ट्रीय योग गुरु स्वामी जितानंद महाराज, अवधेशानंद गिरि महाराज, रविशंकर स्वामी और अन्य महान विभूतियाँ उपस्थित थी। यह कार्यक्रम ऋषिकेश के पावन गंगा तट पर स्थित गंगा

रिजॉर्ट ऋषिकेश में आयोजित किया गया था। इसका आयोजन उत्तराखंड पर्यटन विकास बोर्ड एवं गढ़वाल मंडल विकास निगम द्वारा उत्तराखंड सरकार के सहयोग से किया गया था। ओम योगी विशाल भारद्वाज इससे पूर्व भी अनेक विश्व कीर्तिमान स्थापित कर चुके है और विभिन्न प्रतिष्ठित सम्मानों से सम्मानित हो चुके हैं। उनका जीवन केवल उपलब्धियों तक सीमित नहीं, बल्कि एक महान आध्यात्मिक अभियान है।

तीन अभियुक्तों को दोषमुक्त किया गया

समाज जागरण

बागपत। न्यायालय अपर सिविल जज सीनियर डिवीजन बागपत प्रज्ञा द्वारा सरकार बनाम सागर आदि अंतर्गत धारा 414 आईपीसी थाना बालैनी में अभियुक्त सूरज पुत्र ऋषिपाल, अंकित उर्फ मोटा पुत्र सुनील और सागर पुत्र रजनेश को दोषमुक्त किया गया।अभियुक्तों के खिलाफ आरोप था कि उन्होंने 28 नवंबर 2018 को चोरी की मोटर साइकिल बेचने के लिए ले जा रहे थे। पुलिस ने उन्हें नवादा मोड़ पर पकड़ लिया था। पुलिस ने तीनों अभियुक्तों को मोटर साइकिलों सहित

पकड़ लिया था और उनके खिलाफ मामला दर्ज किया था। अभियुक्त पक्ष के अधिवक्ता समोद कुमार पंवार ने बताया कि अभियोजन पक्ष की ओर से तीन गवाह पेश किए गए, लेकिन उन्हें ठोश नहीं माना गया। गवाहों के बयानों में विरोधाभास था और अभियोजन पक्ष अपने आरोपों को साबित नहीं कर पाया। इसलिए न्यायालय ने अभियुक्तों को दोषमुक्त किया। न्यायालय ने अपने निर्णय में कहा कि अभियोजन पक्ष के गवाहों के बयानों में विरोधाभास है और अभियुक्तों के खिलाफ पर्याप्त सबूत नहीं हैं। इसलिए न्यायालय ने अभियुक्तों को दोषमुक्त किया गया।

भाजपा ने सम्मानित किया डॉ जितेन्द्र मलिक को

समाज जागरण

बड़ौत। भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी पवन शर्मा ने चिकित्सा के क्षेत्र में अपना योगदान दे रहे बाल रोग विशेषज्ञ डॉ जितेन्द्र मलिक को उत्तर प्रदेश सरकार की सूचना डायरी-2026 देकर सम्मानित किया। चिकित्सा क्षेत्र में

उत्कृष्ट योगदान को सम्मानित करने के लिए दिया गया है। पवन शर्मा ने कहा कि डॉ मलिक का चिकित्सा क्षेत्र में योगदान सराहनीय है। उन्होंने कहा कि डॉ मलिक ने अपने चिकित्सा कौशल और समर्पण से समाज की सेवा की है, जिसके लिए वे सम्मान के पात्र हैं। पवन शर्मा ने कहा कि समय-समय पर भारतीय जनता पार्टी समाज के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित करती रहती है। इस दौरान उपस्थित लोगों ने डॉ मलिक को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कांग्रेस किसान स्वाभिमान महापंचायत का आयोजन

समाज जागरण

बड़ौत। बामनोली गांव में कांग्रेस किसान स्वाभिमान महापंचायत का आयोजन किया गया, जिसमें भारी संख्या में क्षेत्र के लोगों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। जवाहर इंटर कॉलेज में आयोजित इस महापंचायत में कांग्रेस के उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे और प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने शिरकत की। अविनाश पांडे ने कहा कि भाजपा सरकार किसानों के साथ घोर अन्याय कर रही है और गरीबों के साथ खिलवाड़ करने का काम भी भाजपा सरकार कर रही है। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है उत्तर प्रदेश में कांग्रेस का कांग्रेस हर वर्ग को साथ लेकर चलने का काम कर रही है। अजय राय ने किसानों से आह्वान किया कि सभी किसान कांग्रेस का साथ देकर कांग्रेस को आगे बढ़ने

का काम करें और भाजपा सरकार उखाड़ फेंकने का काम करें। उन्होंने कहा कि तभी जाकर किसानों का भला हो सकता है।किसान महा पंचायत में बड़ी संख्या में जन सैलाब उमड़ पड़ा। कार्यक्रम में पूर्व प्रदेश महासचिव एवं पूर्व जिला अध्यक्ष चौधरी रामकुमार सिंह, बड़ौत शहर अध्यक्ष रामहरि पवार, मीडिया प्रभारी ओंकार शर्मा, देवेंद्र सिंह, किसान कांग्रेस कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र राणा, किसान कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महासचिव अशोक शर्मा, बृजमोहन शर्मा, परवेज चौधरी, इरशाद चौधरी, शौकेंद्र तोमर, आवेश मलिक के अलावा भारी संख्या में कांग्रेस पार्टी कार्यकताओं ने कार्यक्रम को संबोधित किया।

जनता वैदिक महाविद्यालय में कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

समाज जागरण

बड़ौत। जनता वैदिक महाविद्यालय में कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत 90 दिनों का सिलाई एवं कढ़ाई प्रशिक्षण पूर्ण कर चुकी छात्राओं को प्रमाणपत्र वितरित किए गए।समारोह में प्रबंधन समिति के अध्यक्ष चौधरी बिरेंद्रपाल सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने छात्राओं को प्रमाणपत्र प्रदान किए तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें जीवन में आगे बढ़ने, स्वावलंबी एवं सशक्त बनने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर वीरेंद्र प्रताप सिंह ने छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएँ देते हुए उन्हें हार्दिक

बधाई दी तथा कार्यक्रम के सफल आयोजन की सराहना की। कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि सभी छात्राओं ने वही परिधान पहने थे, जिन्हें उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान स्वयं अपने हाथों से तैयार किया था, जो आकर्षण का केंद्र बना। इसके अतिरिक्त, पूरे प्रशिक्षण कार्यक्रम की झलक प्रस्तुत करने हेतु एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म भी प्रदर्शित की गई, जिसमें प्रशिक्षण के दौरान की गई गतिविधियों को दशार्या गया।

जमीअत उलेमा हिंद ने डीएम और पुलिस अधिकारियों को दी ईद की बधाई

ईद की मुबारकबाद देने पहुंचे जमीअत उलेमा हिंद के वफद

समाज जागरण

बागपत। जमीअत उलेमा हिंद के एक वफद ने आज डीएम ऑफिस पहुंचकर डीएम अस्मिता लाल जी को ईद की मुबारकबाद पेश की। इस अवसर पर उन्हें शाल देकर सम्मानित किया गया और उनके अच्छे कामों की सराहना की गई। इसके बाद वफद ने कप्तान साहब और एडिशनल एसपी साहब को

भी ईद की मुबारकबाद पेश की और उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर हाफिज कासिम साहब, जनरल सीक्रेट्री जमीअत उलेमा हिंद जिला बागपत, शहर काजी करी हबीबुर्रहमान साहब, नायब सदर जमीअत उलेमा जिला बागपत, हाफिज मुजफ्फर हुसैन, सीक्रेट्री जमीअत उलेमा शहर बागपत, मौलाना नईम साहब, हाफिज हामिद भाई और फिरोज साथ रहे।

किशोरी की पहले मांग भरी और उसके बाद तमंचे के बल पर किया दुष्कर्म, बागपत पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

समाज जागरण

बड़ौत। एक युवक ने किशोरी की पहले मांग भरी और उसके बाद तमंचे के बल पर उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपित ने धमकी देते हुए कहा कि यदि इस घटना के बारे में किसी को जानकारी दी तो वह उन्हें जान से मार देगा। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। शहर की एक कालोनी में रहने वाली किशोरी स्वजन के साथ सोमवार को कोतवाली पहुंची। किशोरी ने बताया कि ईद के दिन वह अपनी छोटी दो बहनों के साथ शहर में मेला देखने के लिए आई थी। दोपहर बाद लौट रही थी तो रास्ते में कालोनी का रहने वाला एक युवक कार लिए मिला। उसने उन्हें रोकते हुए कालोनी में छोड़ने की बात कही। वह उसकी कार में बैठ गई। पीड़िता ने बताया कि आरोपित कालोनी में न जाकर उन्हें जंगल में ले गया। आरोपित ने उसकी दोनों छोटी बहनों को कार में ही लाक कर दिया और उसे तमंचे के बल पर खेत में एक नलकूप पर ले गया और उसकी मांग भर दी। उसके बाद आरोपित ने उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपित ने मोबाइल से उसके साथ वीडियो बनाते हुए कहा कि उसने उसकी मर्जी से मांग भरी है। उसके बाद आरोपित ने उन्हें भट्ठे के पास छोड़ दिया और चला गया। वह घर पहुंची तो परिवार के सदस्य कहीं गए हुए थे। मंगलवार को पीड़िता अपनी मां के साथ कोतवाली पहुंची और पुलिस को जानकारी दी। कोतवाली प्रभारी दीक्षित कुमार त्यागी ने बताया कि आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। डेढ़-दो साल से किशोरी और युवक एक-दूसरे को नजदीक से जानते हैं। मांग भरने वाली बात किशोरी ने न तहरीर में बताई और न ही इस संबंध में बयान दिए हैं।

डॉ गीता रानी ने लखनऊ में राष्ट्रीय सेवा योजना सम्मेलन में व्यक्त किए विचार

लखनऊ में आयोजित हुआ राष्ट्रीय सेवा योजना का राज्य स्तरीय सम्मेलन

समाज जागरण

बड़ौत। जनता वेदिक डिग्री कॉलेज बड़ौत की हिन्दी विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ गीता रानी ने लखनऊ में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के राज्य स्तरीय सम्मेलन में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित होकर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति में अपार ऊर्जा और संभावनाएं निहित हैं, आवश्यकता है उसे सही दिशा देने की। डॉ गीता रानी ने कहा कि विकसित भारत 2047 का सपना तभी साकार होगा, जब युवा वर्ग पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ राष्ट्र निर्माण में योगदान देगा। उन्होंने NSS द्वारा संचालित विभिन्न सामाजिक

एवं जनकल्याणकारी गतिविधियों की सराहना करते हुए इसे समाज परिवर्तन का प्रभावी माध्यम बताया। सम्मेलन में माय भारत पोर्टल, स्वच्छता अभियान, पर्यावरण संरक्षण , स्वास्थ्य जागरूकता, नशा मुक्ति, डिजिटल साक्षरता एवं ग्रामीण विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा एवं विचार-विमर्श किया गया। विभिन्न ज़िलों से पधारे कार्यक्रम समन्वयक एवं कार्यक्रम अधिकारियों ने ने अपने अनुभव साझा किए तथा समाज सेवा के क्षेत्र में किए गए नवाचारों को प्रस्तुत किया। इस भव्य एवं सार्थक आयोजन में विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप में सम्मिलित होने का अवसर मेरे लिए अत्यंत गौरव एवं आत्म संतोष का विषय रहा। यह सम्मेलन केवल एक आयोजन नहीं, अपितु युवा चेतना के जागरण और राष्ट्र निर्माण की दिशा में एक सशक्त प्रेरणा-पुंज सिद्ध हुआ।

ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल मवीकला का परीक्षा परिणाम हुआ घोषित

समाज जागरण बागपत।

ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल मवीकलां खेकड़ा बागपत में परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नीरज शर्मा भाजपा जिलाध्यक्ष बागपत, ज्ञान दीप पब्लिक स्कूल मवीकलां के प्रबंधक जय सिंह शर्मा, देवेंद्र त्यागी जिला पंचायत सदस्य बागपत, रामकुमार शर्मा प्रबंधक ज्ञान ज्योति सीनियर सेकेंडरी स्कूल घिटोरा, विद्यालय के प्रिंसिपल ब्रिजेश कुमार शर्मा, कुलदीप भारद्वाज भाजपा उपाध्यक्ष बागपत, देवदत्त शर्मा अध्यक्ष ज्ञान दीप पब्लिक स्कूल मवीकलां, कमल त्रिपाठी प्रबंध समिति एम एम कॉलेज खेकड़ा, उमाशंकर शर्मा, संजय शर्मा उपप्रबंधक एम एम डिग्री कॉलेज खेकड़ा, दिनेश शर्मा एम एम कॉलेज खेकड़ा, संतराम धामा प्रबंधक सीडीएस पब्लिक स्कूल मसूरी ने संयुक रूप से बकिया। प्रत्येक कक्षा में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान

पर आए बच्चों को मेडल पहनाकर व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आए बच्चों को भी पुरस्कार वितरित किए गए। इस मौके पर विद्यालय परिवार के रामकिशोर शर्मा, ओमबीरी , संगीता शर्मा, शिवानी कश्यप, मानसी ठाकुर, शालू धामा, इंदु शर्मा, रवि मलिक, दीपा जैन, दीपाली, राखी शर्मा, मंजू आदि का सहयोग रहा।

गैलेक्सी स्कूल के छात्र मन्नान का नवोदय विद्यालय में हुआ चयन

समाज जागरण बागपत।

पांची गांव के गैलेक्सी पब्लिक स्कूल में पढ़ने वाले छात्र मन्नान पुत्र निशार का चयन नवोदय विद्यालय में हो गया है। इसको लेकर घर-परिवार व स्कूल में खुशी की लहर है और सभी लोग मन्नान की इस उपलब्धि पर उसे बधाई

दे रहे है। विद्यालय की प्रिंसिपल फरहीन गुलजार ने कहा कि मन्नान शुरू से ही स्कूल का मेधावी छात्र रहा है और उसका चयन नवोदय विद्यालय में होना सभी के लिए बहुत ही गर्व की बात है।डायरेक्टर गुलजार अहमद ने कहा कि सभी को मनन से प्रेरणा लेना लेनी चाहिए और मन लगाकर पढ़ना लिखना चाहिए। कहा कि जो बच्चे पूरे मन से और
टाइम टेबल बनाकर पढ़ाई करते हैं तो निश्चित रूप से उन्हें सफलता मिलती है। इस मौके पर मन्नान को उसके माता-पिता व स्कूल के सभी स्टाफ ने मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस दौरान रुखसाना बेगम, खुशी, वर्षा, पूनम, फारूक, निसार, देवी सिंह , सलमा, पंकज त्यागी आदि उपस्थित रहे।

साइबर ठगी के शिकार युवक को मिली राहत, कांधला पुलिस ने 54 हजार रुपये कराए वापस

समाज जागरण
कांधला।(फुरकान जंग)

थाना क्षेत्र में साइबर ठगी का शिकार हुए युवक को पुलिस ने बड़ी राहत दिलाते हुए उसकी पूरी धनराशि वापस करा दी। पुलिस की तकार्रवाई से पीड़ित ने राहत की सांस ली और पुलिस का आभार जताया। थाना क्षेत्र के गांव मलकपुर निवासी तहसीन उर्फ तासीन पुत्र अब्बास के साथ विगत 2 जनवरी को साइबर ठगी की घटना हुई थी। अज्ञात ठगों ने उनके मोबाइल में एपीके फाइल इंस्टॉल कराकर फोन को हैक कर लिया और ऑनलाइन माध्यम से उनके खाते से

54 हजार रुपये निकाल लिए। मामले में पीड़ित की तहरीर पर थाने पर मुकदमा दर्ज किया गया था।पुलिस अधीक्षक एन.पी. सिंह के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व तथा क्षेत्राधिकारी कैराना के पर्यवेक्षण में थाने की साइबर सेवा केंद्र की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पीड़ित की पूरी 54 हजार रुपये की धनराशि वापस करा दी।धनराशि वापस मिलने पर पीड़ित ने पुलिस अधिकारियों और साइबर टीम का आभार व्यक्त किया है।पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी अज्ञात कॉल, मैसेज, नौकरी, लॉटरी या निवेश के लालच में न आएं। किसी भी संदिग्ध ऑनलाइन लेनदेन या साइबर ठगी की स्थिति में तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें या साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

रसूलपुर गुजरान में भाजपा का आभार एवं सम्मान समारोह आयोजित

--एमएलसी समेत पदाधिकारियों का पगड़ी व फूल मालाओं से भव्य स्वागत, सैकड़ों ग्रामीण रहे मौजूद

समाज जागरण
कांधला।(फुरकान जंग)

विकासखंड क्षेत्र के गांव रसूलपुर गुजरान में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं द्वारा आभार व्यक्त कार्यक्रम एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों और नवनियुक्त सभासदों का ग्रामीणों द्वारा पगड़ी पहनाकर तथा फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों उपस्थिति रहे।भारतीय जनता पार्टी द्वारा जारी सूची में कई सक्रिय कार्यकताओं को पार्टी में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपते हुए पद ग्रहण कराया गया है तथा कुछ को नामित सभासद बनाया गया है। इसी के उपलक्ष्य में गांव में आभार कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे भाजपा एमएलसी एवं पूर्व मंत्रीवीरेंद्र सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष तेजेंद्र निर्वाल, जिला मंत्री बबीता चौहान व नवनियुक्त सभासद अलका चौहान सहित कई पदाधिकारी मंच पर मौजूद रहे। सभी अतिथियों का

स्वागत कर सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में एमएलसी वीरेंद्र सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी प्रदेश में बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य कर रही है और समाज के हर वर्ग को साथ लेकर आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि पार्टी की नीतियां जनहित में हैं और सरकार विकास की गंगा बहाने के लिए लगातार कार्य कर रही है।जिला मंत्री बबीता चौहान ने कहा कि भाजपा ने हमेशा जमीनी स्तर के कार्यकताओं को महत्व दिया है और उन्हें संगठन में जिम्मेदारी देकर यह साबित किया है कि पार्टी सभी समाजों को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है।नवनियुक्त सभासद अलका चौहान ने अपने विचार रखते हुए कहा कि पार्टी द्वारा उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे वह पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाएंगी। उन्होंने कहा कि वह जनता के बीच रहकर भाजपा की नीतियों का प्रचार-प्रसार करेंगी और सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाएंगी।इस दौरान कई अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए पार्टी की उपलब्धियों और योजनाओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष प्रतिभा और सिमरन, प्रधान राजपाल सिंह, संदीप फौजी, कपिल चौहान, किसान नेता मैनपाल चौहान,आलोक चौहान,श्रीपाल आर्य, अभय गुर्जर, सतपाल सिंह,सहित सैकड़ों ग्रामीणों व पार्टी कार्यकताओं की उपस्थिति रही।

अपंजीकृत श्रमिक की मृत्यु अथवा अपंगता की स्थिति में दी जाती है 2.50 लाख रुपये तक वित्तीय मदद

समाज जागरण

सिरसा/कालांवाली 24 मार्च (सुरेश जोरासिया) हरियाणा सरकार के श्रम विभाग द्वारा अपंजीकृत श्रमिकों के हित में एक महत्वपूर्ण योजना चलाई जा रही है, जिसके तहत कार्यस्थल पर दुर्घटना की स्थिति में श्रमिकों या उनके परिजनों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। इस योजना का उद्देश्य असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना है।
योजना के अंतर्गत यदि किसी अपंजीकृत श्रमिक की कार्यस्थल पर दुर्घटना के कारण मृत्यु हो जाती है, तो उसके कानूनी वारिस या आश्रित परिवार के सदस्य को 2 लाख 50 हजार रुपये की वित्तीय सहायता दी जाती है। वहीं, दुर्घटना में घायल होकर अपंगता की स्थिति में भी श्रमिक को एकमुश्त आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है, जो अपंगता की प्रतिशतता के आधार पर निर्धारित होती है। श्रमिक के 50 प्रतिशत तक अपंगता होने पर 75 हजार रुपये, 51 से 75 प्रतिशत तक अपंगता होने पर 1 लाख रुपये तथा 76 प्रतिशत या उससे अधिक अपंगता होने पर 1 लाख 50 हजार रुपये की वित्तीय मदद प्रदान की जाती है।
इस योजना के तहत वित्तीय मदद प्राप्त करने के लिए संबंधित अधिकारी द्वारा जांच उपरांत अनुशंसा रिपोर्ट, मृत्यु प्रमाण पत्र (मृत्यु की स्थिति में), कानूनी उत्तराधिकारी का प्रमाण पत्र, नियोक्ता द्वारा दुर्घटना संबंधी बयान, एफआईआर की प्रति तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट (जहां लागू हो) शामिल हैं। वहीं, अपंगता के मामलों में वित्तीय मदद प्राप्त करने हेतु श्रमिक को निर्धारित प्रारूप (फॉर्म-22) में आवेदन करना होता है। इसके साथ ही क्षेत्रीय अधिकारी की जांच रिपोर्ट, सरकारी चिकित्सक बोर्ड द्वारा जारी अपंगता प्रमाण पत्र तथा दुर्घटना संबंधी नियोक्ता का कथन भी प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
श्रम विभाग की यह योजना असंगठित क्षेत्र के श्रमिक परिवारों के लिए राहत साबित हो सकती है। इससे दुर्घटना की स्थिति में प्रभावित परिवारों को आर्थिक संबल मिलता है और उनके जीवन यापन में सहारा मिलता है।

मानव जीवन को आध्यात्मिक एवं सामाजिक नैतिक कार्यों से सार्थक करें : महंत राजेंद्र दास महाराज

अपनी जड़ों से जुड़े रहें और सनातन धर्म एवं संस्कृति को पहचान इस पर गर्व करें : महंत श्री राजेंद्र दास महाराज

समाज जागरण, जिला संवाददाता। (महेन्द्र जावला बहल)

भिवानी । मानव जीवन दुबारा नहीं मिलता है इसलिए, राम नाम की कमाई करते हुए पुण्य एवं प्रकृति एवं जीव सेवा करते हुए अपने जीवन के उद्देश्य को सार्थक करें। यह विचार तपोभूमि जटेला धाम आश्रम के पीठाधीश्वर महंत श्री राजेंद्र दास महाराज ने स्थानीय वर्धमान ज्वैलर्स पर जिले के गणमान्य पर्यावरण प्रमियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहे। उन्होंने कहा कि प्रकृति एवं सभी जीवों से मैत्रीपूर्ण भाव रखें और जैव विविधता का संरक्षण करें। उन्होंने कहा कि स्वामी नितानंद दयाल की वाणी पर शोध हो रहा है और अनेक विश्वविद्यालयों ने उनकी वाणी को अपने पाठ्यक्रम में भी लागू किया है।स्वामी नितानंद महाराज के 225 वें निर्वाण दिवस पर आश्रम द्वारा 225 बेड के हॉस्पिटल की नींव रखी गई और उनके निर्वाण दिवस के उपलक्ष्य में माननीय मुख्यमंत्री श्री नायब सैनी के कर कमलों से पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेकर अब तक एक लाख आठ हजार पेड़ देश भर के कई राज्यों में उन राज्यों के वन एवं पर्यावरण मंत्री की गरिमामय उपस्थिति में लगाकर पर्यावरण संरक्षण की अलख जगाकर एक मिसाल कायम की है। स्वामी नितानंद की वाणी आज बहुत प्रासंगिक एवं सार्थक साबित हो रही है। उन्होंने उपस्थित लोगों को भिवानी जिले की पर्यावरण टोली बनाकर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण की अलख जगाने का आह्वान किया। उन्होंने आरएसएस के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं राष्ट्रीय चिंतक श्री इंद्रेश कुमार के आतिथ्य में आयोजित 02 अप्रैल को आश्रम में सिंधु यात्रा कुंभ कार्यक्रम एवं पूर्णिमा महोत्सव के लिए सादर आमंत्रित किया। इस अवसर पर अनुसूचित आयोग के उपाध्यक्ष विजेंद्र बड़गुज्जर ने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि महंत श्री राजेंद्र दास महाराज का परम सानिध्य प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि जटेला धाम आश्रम द्वारा अध्यात्म,शिक्षा,चिकित्सा,योग,आयुर्वेद के साथ पर्यावरण संरक्षण , नशा मुक्त हरियाणा की अलख जगा कर एक नई मिसाल कायम कर रहा है। वर्धमान ज्वैलर्स के एमडी श्री सचिन जैन ने पीठाधीश्वर महंत श्री राजेंद्र दास महाराज का स्वागत एवं अभिनंदन किया। उन्होंने जटेला धाम आश्रम द्वारा संचालित अध्यात्म एवं समाज कल्याण कार्यों की सराहना की। पीआरओ ऋषि शर्मा ने आतिथ्य सत्कार एवं परिचय प्रस्तुत किया और मंच का संचालन किया। इस अवसर पर वर्धमान ज्वैलर्स के एमडी सचिन जैन, एससी आयोग के उपाध्यक्ष विजेंद् बड़गुज्जर, पीआरओ ऋषि शर्मा, सरपंच मागेराम भगत जी, ईश्वर शर्मा, राजेश स्योरण, ईश्वर शर्मा प्रधान, संदीप मैनेजर एचडीएफसी, एस के सिंह, आर पी ओला,महेंद्र ,विष्णु, देवेंद्र अत्री, दीपक जांगड़ा, दिनेश सैनी दुलहेड़ी, कमलेश दुलेहड़ी, प्रदीप शर्मा धरेड़ू, रघबीर थानेदार, दीपक, राजेश बिष्ट, रवि भारद्वाज, कविता, निर्मला जैन आदि मौजूद थे।

ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी द्वारा योग प्रकोष्ठ का गठन, मंजू चोपड़ा बनीं जिला अध्यक्ष

समाज जागरण

फतेहाबाद, 24 मार्च। ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी के राष्ट्रीय कार्यालय में संगठनात्मक बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में समाज की मजबूती और स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से योग प्रकोष्ठ का गठन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष धर्मपाल चावला और महिला

जिला अध्यक्ष डॉ. सुमन बजाज ने संयुक्त रूप से की। बैठक में संगठन के प्रति सक्रियता को देखते हुए सर्वसम्मति से सूर्यवंशी मंजू चोपड़ा को योग प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष मंजू चोपड़ा ने पदभार संभालते ही अपनी टीम का विस्तार किया। उन्होंने योग के प्रचार-प्रसार के लिए पवन नारंग, ज्योति बजाज, आशीष कुमार बंसल तथा अर्चना शर्मा को कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया। इस अवसर पर ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सूर्यवंशी साहब दयाल वधवा ने नई टीम को बधाई दी। उन्होंने आशा व्यक्त की कि योग प्रकोष्ठ समाज के हर वर्ग को मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ बनाने में अहम भूमिका निभाएगा।
हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश चुघ ने भी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए समाज हित में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। अपनी नियुक्ति पर मंजू चोपड़ा ने राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रदेश अध्यक्ष का आभार जताते हुए कहा कि संगठन ने मुझ पर जो भरोसा जताया है, वह उस जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ निभाएंगी। उनका लक्ष्य योग को घर-घर तक पहुँचाना और समाज के लोगों को एक स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करना है। इस कार्यक्रम के दौरान समुदाय के अन्य गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे, जिन्होंने नई टीम का स्वागत किया और समाज की एकता पर बल दिया।

महाशक्ति ट्रस्ट द्वारा बलिदान दिवस पर नशे के खात्मे का संकल्प लेना बड़ा सन्देश :तरुण भंडारी

समाज में से नशे की दलदल को हटाकर ही दम लेंगे :भवानी सिंह

समाज जागरण

फतेहाबाद, 24 मार्च : हमें शहीदों व महापुरूषो के जन्म दिवस व बलिदान दिवस को त्योहारों के रूप में मनाना चाहिए तांकि हमारी भावी पीढ़ी जागृत हो। यह विचार हरियाणा के मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव तरूण भंडारी महाशक्ति चैरीटेबल ट्रस्ट के प्रथम वर्षगांठ के उपलक्ष में वीर शहीदी दिवस के अवसर पर नशे के खिलाफ एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस अवसर पर डेरा बाबा भूमण शह केप्रमुख बाबा ब्रहम दास, राजेश्वरी देवी, भगत राजेन्द्र, महंत नटवर लाल, विज्ञान प्रेमा नंद, माता सत्यम देवा विशेष रूप से उपस्थित थी। समरोह की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण जोडा.ने की। इस अवसर पर सुभाष खिचड़, चेयरमेन जगजीत हुड्डा, आई सी एस से परमिल कुमार, दलबीर भारती, साहिब दयाल राष्ट्रीय अध्यक्ष सूर्यवंशी संगठन, उपाध्यक्ष सविता टुटेजा, कंवल चैधरी, नरेश सरदाना, सुमन बजाज, राजीव बतरा, गुरचरण सिंह खोखर, साहित्यकार डॉ नैब सिंह मंडेर, शर्मा चंद लाली, मदन ठाकुर, प्राचार्य डॉ गुरचरण दास, अमन सिंह राघव, कपिल शर्मा, पारस सिंगला सहित हजारों की संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।
तरूण भंडारी ने कहा कि शहीद भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरू को नमन करते हुए कहा कि वीर शहीदों के बलिदान स्वरूप ही हम आजादी की खुली हवा में सांस ले रहें हैं। उन्होने कहा कि नशे की समस्या आज एक विकराल रूप ले चुकी है। उन्होने कहा कि एक वर्ष पूर्व महाशक्ति चैरीटेबल ट्रस्ट का लगाया गया पौधा आज एक वृक्ष का रूप ले चुका है जिसका मकसद आम आदमी को नशे से छुटकारा दिलवाना है। उन्होने महाशक्ति चैरीटेबल ट्रस्ट के प्रधान भवानी सिंह व उनके परिवार को बधाई देते हुए कहा कि धन्य है उनके माता पिता जिनका बेटा आज फतेहाबाद ही नहीं समूचे हरियाणा व भारत के युवाओं की लड़ाई मजबूती से लड़ रहा है। उन्होने कहा कि स्वयं के लिए लोग खुद लड़ते हैं लेकिन भवानी सिंह आप सभी की लड़ाई मजबूती से लड़ रहा है। रहाहै। समारोह में पूर्व केन्द्रीय मंत्री व वरिष्ठ भाजपा नेता अनुराग ठाकुर ने वीडियो कान्फ्रेस के माध्यम से जनसभा को अपना संदेश दिया। पूर्व केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि युवा हमारे देश के सच्चे कर्णधार है। उन्होने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रखने की मुहिम भवानी सिंह के नेतृत्व में महा शक्ति चैरीटेबल ट्रस्ट कार्य कर रहा है वह अपने आप में एक मुश्किल लड़ाई है लेकिन आप लोगो का जोश व भारी भीड़ इस बात का प्रमाण है कि आप लोग जरूर मंजिल को प्राप्त करेंगे। उन्होने अपनी शुभकामनाएं महा शक्ति चैरीटेबल ट्रस्ट को दी।
डेरा बाबा भूमण शाह के संत बाबा ब्रहम दास जी ने संबोधित करते हुए कहा कि डेरा बाबा भूमण शाह ने हमेशा ही नशे के खिलाफ आवाज उठाई है। उन्होने कहा कि आज हर परिवार को अपने बच्चों की खुद देखभाल करनी होगी व नशे के खिलाफ इस मुहिम में साथ भी देना होगा। उन्होने कहा कि भवानी सिंह जो लड़ाई लड़ रहें है वे केवल फतेहाबाद ही नहीं समूचे प्रद्रेश के हर जिले में लेकर जाना चाहिए व डेरा पूर्ण रूप से उनका सहयोग करेगा।
महाशक्ति चैरीटेबल ट्रस्ट के प्रधान भवानी सिंह ने उपस्थित महापुरूषों व हजारों की संख्या में उपस्थित जनसमूह का धन्यवाद करते हुए कहा कि आपने अपने बेटे पर जो विश्वास किया है वह आपके विश्वास को टूटने नहीं देगा। उन्होने कहा कि नशे के खिलाफ वे अकेले चले थे लेकिन हजारों की संख्या का यह कारवां एक मिशन का रूप ले चुका है जिसका मकसद फतेहाबाद ही नहीं नशामुक्त हरियाणा व नशामुक्त भारत ही लक्ष्य है। उन्होने कहा कि नशे को रोकने के लिए उन्हें हजारों धमकियां मिली लेकिन आज की भीड़ इस बात परिणाम है कि भवानी अकेला नहीं है। उन्होने कहा कि यदि युवा बचेगा तो ही देश बचेगा। भवानी सिंह ने कहा कि महाशक्ति चैरीटेबल ट्रस्ट नशे ने एक वर्ष के दौरान हजारों युवाओं को नशे से बचाया है। उन्होने कहा कि नशे के आदि लोगो का फ्री ईलाज करवाया जा रहा है। भवानी सिंह ने कहा कि आप लोगो का आशीर्वाद ही मुझे ताकत दे रहा है।इस अवसर पर मंच संचालन की अहम भूमिका डॉ नैब सिंह मंडेर ने बखूबी अदा की विशाल चेतना यात्रा अनाज मंडी से शहीद स्मारक तक पहुंची व शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किए इस मौके पर ओम प्रकाश चुघ, धर्मपाल चावला, नेहा मितल, प्रोफ नितिन सचदेवा, श्रुति, कुलदीप कम्बोज, सुन्दर लाल मुसाफिर, कुलदीप कमाना सहित हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे

ल जीवन मिशन 2.0 के तहत आंध्र प्रदेश और ओडिशा के साथ सुधार से जुड़े समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

समाज जागरण

जल जीवन मिशन 2.0 के अंतर्गत सुधार से जुड़े कार्यान्वयन के देशव्यापी विस्तार को जारी रखते हुए, आंध्र प्रदेश और ओडिशा राज्यों ने आज केंद्र सरकार के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए, जिसके तहत निरंतर, पारदर्शी और समुदाय-आधारित ग्रामीण पेयजल सेवा वितरण के लिए एक संरचित सुधार ढांचे के प्रति प्रतिबद्धता जताई गई।
आंध्र प्रदेश के साथ एमओयू पर जल शक्ति मंत्रालय के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग (ड-ीडीडब्ल्यूएस) में आयोजित बैठक में केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री श्री सी.आर. पाटिल और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री नारा चंद्रबाबू नायडू, उपमुख्यमंत्री एवं पंचायत राज, ग्रामीण विकास, पर्यावरण, वन और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री श्री के. पवन कल्याण ने राज्य के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ इस कार्यक्रम में वर्चुअल रूप से भाग लिया।
आंध्र प्रदेश के लिए समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर पेयजल और स्वच्छता विभाग (डीडीडब्ल्यूएस) में संयुक्त सचिव (जल) श्रीमती स्वाति मीना नाइक और आंध्र प्रदेश स-रकार के विशेष मुख्य सचिव श्री शशि भूषण कुमार ने हस्ताक्षर किए और उनका आदान-प्रदान किया
केन्द्र-राज्य सहयोग में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में, ओडिशा राज्य के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर आज दोपहर 12:30 बजे औपचारिक रूप से हस्ताक्षर किए गए। यह कार्यक्रम ओडिशा के मुख्यमंत्री श्री मोहन चरण माझी, ओडिशा सरकार के ग्रामीण विकास, पंचायती राज और पेयजल मंत्री श्री रबी नारायण नाइक, मुख्य सचिव श्रीमती अनु गर्ग, विकास आयुक्त और अपर मुख्य सचिव श्री देओरंजन कुमार सिंह, वित्त सचिव श्री संजीव कुमार मिश्रा तथा राज्य के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की वर्चुअल उपस्थिति में आयोजित हुआ।
समझौता ज्ञापन पर डीडीडब्ल्यूएस की संयुक्त सचिव (जल) श्रीमती स्वाति मीना नाइक, और पीआर एवं डीडब्ल्यू विभाग के आयुक्त और सचिव श्री गिरिश एस.एन के बीच हस्ताक्षर किए गए, तथा ओडिशा के रेजीडेंट कमीश्नर श्री विशाल गगन द्वारा इसका आदान-प्रदान किया गया।
सभा को संबोधित करते हुए, केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री श्री सी.आर. पाटिल ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत करोड़ों ग्रामीण प-

रवारों को पहले ही नल से जल कनेक्शन प्रदान किए जा चुके हैं, वहीं जे.जे.एम. 2.0 के अंतर्गत ध्यान मौजूदा अवसंरचना की कमियों को दूर करने, शेष परिवारों को कवर करने तथा निरंतर और विश्वसनीय जल आपूर्ति प्रणालियों को सुनिश्चित करने पर है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पूर्ण हो चुकी योजनाओं के उचित दस्तावेजीकरण के साथ समुदायों को औपचारिक हस्तांतरण किया जाए और प्रभावी संचालन एवं रखरखाव सुनिश्चित करने के लिए समुदाय-आधारित जल प्रबंधन प्रणालियों को मजबूत किया जाए। उन्होंने महिलाओं को फील्ड टेस्ट किट के माध्यम से जल गुणवत्ता परीक्षण के प्रशिक्षण से सशक्त बनाने की आवश्यकता पर भी बल दिया और उल्लेख किया कि इस मिशन ने पहले ही लगभग 9 करोड़ महिलाओं को पानी लाने के बोझ से मुक्त किया है, जो एक महत्वपूर्ण सामाजिक परिवर्तन है। राज्य के नेतृत्व पर विश्वास व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि आंध्र प्रदेश ह्यहर घर जलह्ल के लक्ष्य को प्राप्त करने और विकसित भारत 2047 के विजन में योगदान देने के लिए अच्छी स्थिति में है। उन्होंने प्रधानमंत्री द्वारा जल उपयोग दक्षता पर दिए गए जोर का भी उल्लेख किया, जिसमें पाइपलाइन आधारित आपूर्ति के माध्यम से कृषि के लिए पायलट पहल और ड्रिप सिंचाई को बढ़ावा देना शामिल है। उन्होंने जल संचय से जन भागीदारी के माध्यम से जल संरक्षण और सामुदायिक सहभागिता को प्रोत्साहित करते हुए स्त्रोत की स्थिरता पर भी बल दिया। साथ ही, उन्होंने राज्य से आग्रह किया कि जिला कलेक्टरों और अधिकारियों के साथ नियमित समीक्षा बैठकें आयोजित कर कार्यान्वयन में तेजी लाई जाए और निधियों का समयबद्ध उपयोग सुनिश्चित किया जाए, तथा मिशन के सफल क्रियान्वयन के लिए सरकार की ओर से पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।
आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री नारा चंद्रबाबू नायडू ने उपमुख्यमंत्री के साथ मिलकर जल जीवन मिशन 2.0 के प्रभावी कार्यान्वयन के प्रति राज्य सरकार की मजबूत प्रतिबद्धता को दोहराया। प्रधानमंत्री द्वारा मिशन की समय-सीमा बढ़ाने के लिए आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि इस निर्णय से राज्य को प्रत्येक घर तक नल जल कनेक्शन पहुंचाने की दिशा में निर्णायक रूप से आगे बढ़ने में मदद मिली है। मिशन को प्रत्येक घर को सुरक्षित और संरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने वाली एक समग्र पहल बताते हुए, राज्य के नेतृत्व ने इसके जन स्वास्थ्य और जीवन की गुणवत्ता पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभाव को उजागर किया। उन्होंने आश्वासन दिया कि आंध्र प्रदेश अब कार्यान्वयन में तेजी लाने और निर्धारित समयसीमा के भीतर मिशन को पूरा करने के लिए पूरी तरह तैयार है। विश्वसनीय, निरंतर और सुनिश्चित पेयजल सेवाओं पर ध्यान केन्द्रित करते हुए, जिसमें सेवा वितरण, स्थिरता और सामुदायिक सहभागिता पर जोर है, उन्होंने शेष कमियों को दूर करने के लिए सरकार से निरंतर सहयोग का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक घर तक नल जल पहुंचाना राज्य की शीर्ष विकास प्राथमिकताओं में से एक है और उन्होंने केन्द्र सरकार के नेतृत्व को आंध्र प्रदेश आकर प्रगति देखने तथा आगामी पेयजल और सिंचाई परियोजनाओं, विशेषकर गोदावरी पुष्करालु से पहले प्रस्तावित परियोजनाओं का उद्घाटन करने के लिए आमंत्रित किया।
ओडिशा के मुख्यमंत्री श्री मोहन चरण माझी ने कहा कि केन्द्र सरकार और ओडिशा सरकार के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर ह्यहर घर जलह्ल के लक्ष्य को प्राप्त करने और ह्यविकसित भारतह्ल के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने जल जीवन मिशन 2.0 के अंतर्गत मिशन के विस्तार में सरकार के निरंतर सहयोग की सराहना की, जिसमें सार्वभौमिक कवरेज और निरंतर सेवा वितरण पर विशेष ध्यान दिया गया है। उन्होंने बताया कि राज्य, सामुदायिक सहभागिता, वित्तीय स्थिरता, संचालन एवं रखरखाव तथा प्रभावी निगरानी पर जोर देते हुए, एक व्यापक ओ एंड एम नीति और समन्वित कार्यान्वयन प्रयासों के साथ जेजेएम 2.0 को लागू कर रहा है।
उन्होंने आगे बताया कि परिसंपत्तियों के सुदृढ़ीकरण और डिजिटल एकीकरण के लिए कदम उठाए जा रहे हैं, जिसके तहत जल आपूर्ति परिसंपत्तियों को ह्यसुजल भारतह्ल प्लेटफॉर्म पर पंजीकृत किया जा रहा है और बेहतर निगरानी, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए ह्यसुजल ग्राम आ-ईडीह्ल आवंटित की गई हैं। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि राज्य ह्यबसुधाह्ल हेल्पलाइन और व्हाट्सऐप इंटरफेस के माध्यम से नागा-रक-केन्द्रित सेवाओं को मजबूत कर रहा है तथा ग्राम जल एवं स्वच्छता समितियों के माध्यम से जन भागीदारी को बढ़ावा दे रहा है।
केन्द्रीय मंत्री श्री सी.आर. पाटिल ने जल आपूर्ति योजनाओं की निगरानी और जवाबदेही को बेहतर बनाने के लिए डिजिटल प्रणालियों को सुदृढ़ करने, जल शक्ति अभियान के तहत विशेष रूप से जल संरक्षण और जल संरचनाओं के पुनर्जीवन में हासिल की गई उल्लेखनीय प्रगति तथा हेल्पलाइन, शिकायत निवारण तंत्र और सशक्त ग्राम जल एवं स्वच्छता समितियों जैसी नागरिक-केन्द्रित पहलों के लिए ओडिशा की सराहना की, जो जन भागीदारी को बढ़ावा देती हैं।
यह सुधार-आधारित समझौता ज्ञापन सुनिश्चित करने का प्रयास करता है कि प्रत्येक ग्रामीण परिवार को नियमित रूप से निर्धारित गुणवत्ता के साथ पर्याप्त मात्रा में पेयजल उपलब्ध हो। इसके लिए समुदाय की भागीदारी (जन भागी-दारी) को मजबूत किया जाएगा और ग्रामीण जल आपूर्ति प्रणालियों के निरंतर संचालन एवं रखरखाव के लिए संरचनात्मक सुधार किए जाएंगे। इससे ग्रामीण समुदायों के जीवन स्तर में सुधार होगा और दीर्घकालिक जल सुरक्षा को बढ़ावा मिलेगा, जो विकसित भारत @2047 की राष्ट्रीय कल्पना के अनुरूप है।

नई दिल्ली में एसडीजी कार्यान्वयन पर अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला, वैश्विक सहयोग और मजबूत शासन पर जोर

समाज जागरण

स्वैच्छिक राष्ट्रीय समीक्षा और राष्ट्रीय सतत विकास लक्ष्य कार्यान्वयन शिक्षण पर एक अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला 24 से 25 मार्च, 2026 को नई दिल्ली में आयोजित की जा रही है। यह कार्यशाला नीति आयोग, जर्मन अंतरराष्ट्रीय सहयोग संगठन (जीआईजेड) और संयुक्त राष्ट्र आर्थिक एवं सामाजिक आयोग (यूनेस्केप) द्वारा भारत-जर्मन हरित एवं सतत विकास साझेदारी के ढांचे के तहत संयुक्त रूप से आयोजित की जा रही है।
इस आयोजन में विभिन्न देशों के नीति निमार्ताओं, विशेषज्ञों और कार्यकताओं के साथ-साथ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रतिनिधियों और प्रमुख केंद्रीय मंत्रालयों के अधिकारियों को एक साथ लाया गया है ताकि यह पता लगाया जा सके कि मजबूत शासन प्रणाली सतत विकास लक्ष्यों (एस-ाडीजी) तक कैसे तेजी से पहुंचा जा सकता है।
उद्घाटन सत्र में नीति आयोग के उपाध्यक्ष श्री सुमन के. बेरी ने मुख्य भाषण दिया। उन्होंने सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के स्थानीयकरण और शासन प्रणालियों को मजबूत करने के महत्व पर प्रकाश डाला ताकि वैश्विक प्रतिबद्धताओं को बेहतर विकास परिणामों में परिवर्तित किया जा सके। उन्होंने कहा कि भारत का अनुभव दशार्ता है कि एस-ाडीजी को राज्य और स्थानीय नियोजन प्रक्रियाओं में शामिल करने से स्वामित्व की भावना को बढ़ावा मिल सकता है और सभी क्षेत्रों में प्रगति को गति मिल सकती है।
अपने विशेष संबोधन के दौरान, भारत और भूटान में जर्मनी के राजदूत डॉ. फिलिप एकरमैन ने विकास प्रगति को मापने के लिए एक व्यापक ढांचे के रूप में सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) की निरंतर प्रासंगिकता पर जोर दिया। भारत में संयुक्त राष्ट्र के रेजिडेंट कोऑर्डिनेटर श्री स्टीफन प्रीसनर ने स्वैच्छिक राष्ट्रीय समीक्षाओं (वीएनआर) की विकसित होती भूमिका पर बल दिया, जो संस्थानों को सुदृढ़ करने, कार्यान्वयन में कमियों की पहचान करने और नीतिगत दिशा में सुधार लाने में सहायक हैं, विशेष रूप से योजना, वित्तपोषण और डेटा प्रणालियों के बेहतर समन्वय के माध्यम से।
सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के सचिव डॉ. सौरभ गर्ग ने सतत विकास लक्ष्यों की प्रगति की निगरानी करने और राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तर पर साक्ष्य आधारित निर्णय लेने में सक्षम बनाने में मजबूत डेटा और संकेतक ढांचों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला।
कार्यशाला में सतत विकास लक्ष्यों के कार्यान्वयन के प्रमुख आयामों को शामिल करते हुए चार महत्वपूर्ण विषयगत सत्र आयोजित किए गए। पहले सत्र में, सतत विकास लक्ष्यों के कार्यान्वयन पर भारत के अनुभव को साझा करते हुए, नीति आयोग के कार्यक्रम निदेशक (एसडीजी) श्री राजीव कुमार सेन ने इस बात पर जोर दिया कि वीएनआर प्रक्रिया निरंतर संवाद, हितधारकों की भागी-दारी और मंत्रालयों और राज्यों के बीच समन्वित कार्रवाई में अंतर्दृष्टि को परिवर्तित करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करती है।
अन्य सत्रों में क्षेत्रीय परिप्रेक्ष्य, वैश्विक प्रगति और सतत विकास लक्ष्यों के कार्यान्वयन से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। एशिया और प्रशांत क्षेत्र पर हुई चचाओं में क्षेत्र-विशिष्ट प्राथमिकताओं पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिनमें संस्थागत प्रणाली को मजबूत करना, उप-राष्ट्रीय रणनीतियों को आगे बढ़ाना और अंतर-क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा देना शामिल है। विचार-विमर्श से अब तक की प्रगति पर रणनीतिक चिंतन करने और 2030 के बाद वैश्विक सतत विकास लक्ष्यों की संरचना के विकास पर भी विचार करने का अवसर मिला।
किसी को पीछे न छोड़ने और स्त्री-पुरुष आधारित समानता, संस्थागत समन्वय और स्थानीय सरकार के एकीकरण तथा साक्ष्य-आधारित योजना का समर्थन करने के लिए डेटा इको-सिस्टम को मजबूत करने जैसे प्रमुख मुद्दों पर समानांतर विषयगत गोलमेज सम्मेलनों के माध्यम से गहन चचाएं की गईं।

उत्तर प्रदेश में सहकारी समितियों के लिए ऋण सुलभता में बाधाएं

नाबार्ड पात्र जिला केंद्रीय सहकारी बैंकों (ड-ीसीसीबी) द्वारा प्राथमिक कृषि क्रेडिट समितियों (पैक्स)/सदस्य किसानों को संवितरित ऋणों के लिए राज्य सहकारी बैंकों (एसटीसीबी) को पुनर्वित्त जारी करता है ।
नाबार्ड, पैक्स सहित सहकारी समितियों को सीधे पुनर्वित्त जारी नहीं करता है । राज्य सहकारी बैंक को मांग के आधार पर पुनर्वित्त प्रदान किया जाता है ।
मौजूदा दिशानिर्देशों और पात्रता मानदंडों के अनुसार नाबार्ड से पुनर्वित्त प्रदान किया जाता है ।सहकारी समितियां जिला केंद्रीय सहकारी बैंकों (डीसीसीबी) की सदस्य (नियमित/सामान्य या नाममात्र) हैं और ऋण उद्देश्यों के लिए उनसे जुड़ी हुई हैं ।तदनुसार, उनके ऋण/क्रेडिट प्रस्तावों पर संबंधित सहका-री बैंकों द्वारा विहित मानदंडों, प्रक्रियाओं और पात्रता शर्तों के अनुसार विचार किया जाता है। इसके अलावा, पैक्स और सदस्य किसानों को पर्याप्त और समय पर ऋण सुनिश्चित करने के लिए राज्य सहकारी बैंकों को पुनर्वित्त जारी करने के मानदंड और पात्रता मानदंड/प्रतिभूतियां उदार हैं । पुनर्वित्त को विभिन्न योजनाओं के अधीन तथा कृषि और ग्रामीण विकास कार्यकलापों के अंतर्गत विभिन्न प्रयोजनों के लिए परेशानी मुक्त तरीके से प्रदान किया जाता है । अतः, पुनर्वित्त मॉडल के अंतर्गत कठोर संपार्श्विक मानदंडों और प्रक्रियात्मक शर्तों तथा इसके कारण अस्वीकृति के संबंध में प्रश्न नहीं उठता है ।
नाबार्ड द्वारा राज्य सहकारी बैंकों को पुनर्वित्त प्रदान किया जाता है जो आगे डीसीसीबी को और पुनः उनके द्वारा प्राथमिक सहकारी समितियों को आगे ऋण देने के लिए जिम्मेदार होते हैं ।जहां तक उत्तर प्रदेश राज्य का संबंध है, पुनर्वित्त में ऐसी किसी कमी की सूचना रिपोर्ट नहीं की गई है ।
सरकार ने सहकारी ऋण संरचना को सशक्त करने और ऋण तक पहुंच में सुधार के लिए विभिन्न उपाय किए हैं जिनमें उच्चतर वित्तीयन संस्थानों के साथ एकीकरण सक्षम करने के आलोक में प्राथमिक कृषि क्रेडिट समितियों (पैक्स) एवं कृषि और ग्रामीण विकास बैंकों (एआरडीबी) का कंप्यूटरीकरण शामिल है। सहकारी बैंकों की प्रौद्योगिकी अवसंरचना को उन्नत करने, ऋण प्रसंस्करण समय को कम करने और सेवा प्रदाय में वृद्धि के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के अनुमोदन से ग्रामीण सहकारी बैंकों के लिए सहकार सारथी प्राइवेट लिमिटेड (एसएसपीएल) और शहरी सहकारी बैंकों के लिए नेशनल अर्बन कोऑपरेटिव फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (एनयूसीएफडीसी) की स्थापना की गई है । सहकार सारथी प्राइवेट लिमिटेड (एसएसपीएल) ने डिजी केसीसी, ई-केसीसी और सहकार सेतु सहित विभिन्न डिजिटल पहलों की शुरूआत की है जो ग्रामीण संस्थागत ऋण प्रदाय को सुविधाजनक और सुव्यवस्थित करने को लक्षित है ।
इसके अलावा, नाबार्ड से राज्य सहकारी बैंकों को पुनर्वित्त सहायता विभिन्न निधियों और योजनाओं के अधीन प्रदान की जाती है । अल्पकालिक सहकारी ग्रामीण ऋण (एसट-ीसीआरसी) निधि के अंतर्गत अल्पकालिक पुनर्वित्त प्रदान किया जाता है, जबकि अतिरिक्त मौसमी कृषि प्रचालन (एएसएओ) ऋण के माध्यम से कृषि क्षेत्र में ऋण प्रवाह में वृद्धि के लिए अतिरिक्त सहायता प्रदान की जाती है । कृषि क्षेत्र में दीर्घकालिक ऋणों के लिए रियायती पुनर्वित्त को दीर्घकालिक ग्रामीण ऋण निधि (एलटीआरसीएफ) के अधीन सहायता प्रदान की जाती है । आवश्यकतानुसार, अन्य दीर्घकालिक पुनर्वित्त उत्पादों के माध्यम से अतिरिक्त सहायता भी प्रदान की जाती है । मांग के आधार पर और लागू मानदंडों के अध्यधीन पुनर्वित्त प्रदान की जाती है ।

खेल को खिलाड़ी खेल भावना से खेलते हुए ऊंचाइयां हासिल करें

समाज जागरण अनिल कुमार

हरहुआ वाराणसी। खिलाड़ी खेल की भावना के साथ खेलते हुए ऊंचाइयां हासिल करें।

उक्त बातें शाहपुर फुटबाल संघ शाहपुर द्वारा प्राथमिक विद्यालय के खेल मैदान में आयोजित सांध्यकालीन साप्ताहिक फुटबाल प्रतियोगिता का बतौर मुख्य अतिथि शुभारम्भ करते हुए न्यू लक्ष्मी हॉस्पिटल एवम ट्रामा सेंटर सातो महुआ के डॉ0 रणधीर सिंह व एमडी डॉ0 अनिल कुमार यादव ने खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किया।

शुभारम्भ में शिएट कालेज बाबतपुर व पटेल स्पोर्टिंग क्लब गणेशपुर के बीच खेली गई। इस प्रतियोगिता में जनपद की दर्जनों टीमें भाग लेंगी।

उद्घाटन अवसर पर संघ के अध्यक्ष शिवशंकर सिंह, सचिव डॉ0 रामनरेश सिंह एडवोकेट ,मैनेजर रामसूरत राजभर,कोषाध्यक्ष ऋषिकेश सिंह एडवोकेट व कप्तान जितेंद्र पटेल उपकप्तान आदेश पटेल ने द्वय अतिथियों का अंगवस्त्र ,स्मृति चिन्ह सहित माल्यार्पण कर किया।

उद्घाटन अवसर पर प्रमुख रूप से कप्तान सिंह, टीम संरक्षक रामसजीवन पटेल,कोच आनन्द पटेल ,रेफरी विनोद कुमार सिंह(रिटायर्ड आर्मी) कमलेश कुमार सिंह एडवोकेट, लाइंस मैन ओमकार सिंह, नीरज राय, अनुज राय व विकास राय सहित सम्भ्रांत जन सहित खिलाड़ी उपस्थित रहे।

ग्राम स्तरीय बाल संरक्षण समिति की बैठक का आयोजन किया गया

समाज जागरण ओंकार नाथ चौधरी

जनपद बलरामपुर देहात इंडिया के तत्वाधान मे ब्लॉक तुलसीपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत बरदहवा में कंपोजिट विद्यालय में ग्राम स्तरीय बाल संरक्षण समिति की बैठक का आयोजन किया गया।

जिसमे बच्चों से जुड़े मुद्दों बाल संरक्षण, सरकारी योजनाओं,चाइल्ड हेल्पलाइन

1098 नंबर की जानकारी,ड्रॉप आउट बच्चों की स्थिति एवं शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने हेतु विषय पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई।

देहात संस्था के प्रोग्राम एसोसिएट अजय कुमार ने बताया कि इस बैठक का मूल उद्देश्य सभी हितधारकों को एक मंच पर एकत्रित होकर बाल विवाह,बालश्रम एवं मानव तस्करी,साइबर अपराध से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करना है तथा निराकरण भी निकलना है।

हमें ऐसे बालहित समाज का निर्माण करना है जिसमे बच्चों के अधिकार सुनिश्चित हो पाए और बच्चा जिम्मेदार नागरिक बने।

तत्पश्चात हितधारकों द्वारा संवाद स्थापित करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया। देहात संस्था से अजय कुमार,ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नफीस अहमद,पंचायत सहायक सुनीता सैनी,प्रधानाध्यापक जमील अहमद,देवी प्रसाद पांडे आंगनबाड़ी, रामकी देवी,सहायिका धनपता,ग्रामवासी, अभिभावक, बाल संसद बच्चे महिलाएं,आदि उपस्थित रहे !

कोचिंग जाती छात्रा से छेड़छाड़, दो के खिलाफ तहरीर

समाज जागरण

कांधला। थाना क्षेत्र के कस्बा एलम में एक छात्रा ने दो युवकों पर छेड़छाड़ और फब्तियां कसने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।थाना क्षेत्र के कस्बा एलम निवासी एक छात्रा कस्बे में ही कोचिंग के लिए आती-जाती है। आरोप है कि दो युवक पिछले कई दिनों से उसका पीछा कर रहे हैं और उस पर फब्तियां कसते हैं। छात्रा ने बताया कि जब उसने इस हरकत का विरोध किया तो आरोपियों ने उसके साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया और उसे डराने-धमकाने की कोशिश की।पीड़िता ने पूरे मामले की शिकायत थाने में दर्ज कराते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

गैस संकट गहराया, एजेंसियों पर उमड़ी भीड़, उपभोक्ता परेशान

समाज जागरण कांधला।(फुरकान जंग)

क्षेत्र में रसोई गैस सिलेंडरों की किल्लत दिन-ब-दिन गहराती जा रही है, जिससे उपभोक्ताओं से लेकर व्यापारियों तक सभी को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मंगलवार को थाना क्षेत्र के कस्बा एलम स्थित गैस एजेंसी पर सुबह एजेंसी खुलते ही उपभोक्ताओं की लंबी कतारें लग गईं और देखते ही देखते भारी भीड़ जमा हो गई।उपभोक्ताओं का कहना है कि

गैस बुकिंग के बाद मिलने वाला ओटीपी तो समय पर मिल जाता है, लेकिन इसके बावजूद सिलेंडर तत्काल उपलब्ध नहीं कराया जा रहा। कई उपभोक्ताओं को एक दिन बाद सिलेंडर दिया जा रहा है, जिससे उन्हें बार-बार एजेंसी के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। इससे समय और धन दोनों की बबार्दी हो रही है। महिलाओं और बुजुर्गों को विशेष रूप से अधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। गैस की इस किल्लत का असर अब बाजारों पर भी साफ दिखाई देने लगा है। कमर्शियल सिलेंडरों की कमी के चलते होटल, ढाबा, मिठाई और फास्ट फूड विक्रेताओं के सामने कामकाज चलाना मुश्किल हो गया है। मजबूरी में कई दुकानदारों ने कोयले की भट्ठियों का सहारा लेना शुरू कर दिया है, जिससे न केवल काम प्रभावित हो रहा है बल्कि पर्यावरण पर भी असर पड़ रहा है।

उपभोक्ताओं ने संबंधित विभाग से मांग की है कि गैस आपूर्ति व्यवस्था को जल्द दुरुस्त किया जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके और उन्हें इस तरह की परेशानी से निजात मिल पाए।

खेल को खिलाड़ी खेल भावना से खेलते हुए ऊंचाइयां हासिल कर पहचान बनाएं: के0 एन0 सिंह

समाज जागरण अनिल कुमार

हरहुआ वाराणसी। स्वस्थ शरीर मे ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास सम्भव है।खिलाड़ी खेल की भावना के साथ खेलते हुए ऊंचाइयां हासिल कर पहचान बनाये, हार कर भी जितने के इरादे से तकनीक अपनाएं।

उक्त बातें एस0 आर0 प्लेटिनम इंग्लिश स्कूल हरहुआ में आज मंगलवार को तीन दिवसीय खेल-कूद प्रतियोगिता का उद्घाटन करते हुए प्रबंध निर्देशक कौशलेन्द्र नारायण सिंह ने व्यक्त किया। प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्ग के छात्र-छात्राएं प्रतिभाग करेंगे। प्रतियोगिता में कबड्डी, खो-खो,

फुटबॉल, एथलेटिक्स, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल और जूडो जैसे खेल शामिल हैं। प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में शारीरिक और मानसिक विकास को बढ़ावा देना है। इस प्रतियोगिता में स्थानीय अन्य विद्यालय के बच्चे भी प्रतिभाग कर रहे हैं।

प्रधानाचार्य आर0पी0 सिंह ने कहा कि प्रत्येक छात्र को पढ़ाई के अलावा कम से कम एक खेल में अवश्य रुचि लेनी चाहिए। इस अवसर पर डॉ0 सर्वदेव सिंह ने छात्रों को उत्साहित किया। विद्यालय के खेल प्रशिक्षक कृष्ण कुमार सिंह एवं नरेंद्र यादव ने सभी प्रतिभागियों को उत्साहित किया।

सातों महुआ क्रॉसिंग पर ट्रैक्टर-कार में टक्कर, चालक बाल-बाल बचा

समाज जागरण अनिल कुमार

हरहुआ वाराणसी। बड़ागांव थाना अंतर्गत हरहुआ पुलिस चौकी क्षेत्र स्थित सातों महुआ क्रॉसिंग के समीप रोड क्रॉस कर रहे ट्रैक्टर और कार के बीच टक्कर में कार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के दौरान कार चालक की जान एयरबैग खुलने के कारण बच गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मंगलवार को केराकत थाने पर तैनात संजय यादव अपनी कार से पांडेयपुर स्थित अपने आवास की ओर जा रहे थे। जैसे ही वह सातों महुआ क्रॉसिंग के पास पहुंचे, उसी समय वाराणसी से बाबतपुर की ओर जा रहा एक ट्रैक्टर अचानक क्रॉसिंग से सड़क पार करने लगा। अचानक सामने आए ट्रैक्टर को देख कार चालक ने वाहन नियंत्रित करने की कोशिश की, लेकिन तेज रफ्तार के कारण कार सीधे ट्रैक्टर से जा टकराई।

हादसे के तुरंत बाद ट्रैक्टर चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया।

घटना के बाद संजय यादव ने डायल 112 पर सूचना दी। सूचना मिलते ही डायल 112 की पुलिस मौके पर पहुंची और प्राथमिक जांच की। इसके बाद हरहुआ पुलिस को मामले की जानकारी दी गई। कुछ ही देर में हरहुआ पुलिस चौकी का पैंथर दस्ता मौके पर पहुंच गया।

फिलहाल पुलिस फरार ट्रैक्टर चालक की तलाश में जुटी है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

अपर पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ की बैठक का आयोजन

अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने उठाईं व्यापारियों की समस्याएं

समाज जागरण

सम्भल ' अपर पुलिस अधीक्षक कार्यालय सम्भल स्थित सभागार में मंगलवार को अपर पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह की अध्यक्षता में व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ की बैठक का आयोजन हुआ जिसमें जिले के व्यापारियों ने भाग लिया जिसमें व्यापारियों की समस्याओं से अवगत कराते हुए अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के चेयरमैन गौरीशंकर चौधरी ने डिवाइडर पर रिफलेक्टर नहीं होने से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए रिफलेक्टर लगाने की बात कही तथा कशिश कौशल ने बाजार में लगने वाले जाम की समस्या को रखा तथा अध्यक्ष हर्षित शर्मा ने युवाओं में बढ़ते नशे के चलन को रोकने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने को कहा तथा हाजी

एहतेशाम ने बाजार में जेब कटने की घटनाओं को रोकने के लिए कहा व शाह आलम मंसूरी ने चंदौसी में ई रिक्साओं को वन वे करने की बात कही तथा सागर गुप्ता ने चंदौसी में खुले नालों के कारण होने बाली दुर्घटनाओं का मुद्दा उठाया इस अवसर पर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल पदाधिकारी अजय अग्रवाल प्रतीक गुप्ता विकास वर्मा पुष्कल गुप्ता हर्ष गुप्ता वैभव छाबड़ा साकिर हुसैन नाजिम सैफी फुरकान वारसी अशरफ सालीमार अतीकुरहमान एवं व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रभारी उप निरीक्षक यतेन्द्र कुमार, सहित अनेक व्यापारी मौजूद रहे।

समोसे के पैसे को लेकर मारपीट, दुकान पर हमला

- खौलता तेल फेंककर व लोहे की रॉड से दो सगे भाई घायल, आरोपी फरार

समाज जागरण
कांधला।(फुरकान जंग)

थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू में समोसे के पैसे को लेकर हुआ मामूली विवाद देखते ही देखते हिंसक रुप में बदल गया। आरोप है कि दो युवकों ने दुकानदार और उसके भाई पर खौलता तेल फेंकने के साथ-साथ लोहे की रॉड से हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। परिजनों ने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर हायर सेंटर रेफर किया है। पुलिस जांच में जुटी हुई है।

कस्बे के मोहल्ला रायजादगान निवासी कपिल पिछले करीब एक वर्ष से गांव गंगेरू में मिठाई एवं समोसे की दुकान संचालित कर रहा है। पीड़ित कपिल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि दो युवक उसकी दुकान पर विगत सोमवार को समोसे खाने आए थे, लेकिन पैसे दिए बिना ही धमकी देते हुए चले गए।मंगलवार दोपहर वही दोनों युवक दोबारा दुकान पर पहुंचे और फिर से बिना पैसे दिए समोसे खाने लगे। जब कपिल ने इसका विरोध किया तो दोनों आरोपियों ने उसके साथ अभद्रता शुरू कर दी। इसी दौरान कपिल का भाई मोहित भी मौके पर पहुंच गया और उसने युवकों से पैसे देने को कहा।

आरोप है कि इस पर गुस्साए युवकों ने कढ़ाई में खौलता हुआ तेल उठाकर मोहित पर फेंक दिया, जिससे वह बुरी तरह झुलस गया। अपने भाई को बचाने आए कपिल पर भी आरोपियों ने लोहे की रॉड से हमला कर दिया, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई। मारपीट के बाद दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए। आसपास मौजूद लोगों की मदद से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां से चिकित्सकों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया।

पीड़ित कपिल ने अज्ञात युवकों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है तहरीर प्राप्त हुई है आरोपियों की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

जल्द ही यात्री ट्रेन के रवाना होने से 30 मिनट पहले तक अपना बोर्डिंग स्टेशन बदल सकेंगे

रेल, सूचना एवं प्रसारण और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने आज घोषणा की कि 2026 के दौरान सुधार करने के भारतीय रेल के संकल्प के अनुरूप, पाँच नए सुधारों को स्वीकृति दी गई है। इन नए सुधारों की मंजूरी के साथ, वर्ष 2026 के लिए सुधारों की कुल संख्या नौ हो गई है।

श्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि वर्तमान ‟रिफॉर्म एक्सप्रेस‟ पहल के तहत, चार सुधारों की घोषणा पहले ही की जा चुकी थी और अब पाँच नए सुधार पेश किए जा रहे हैं। इन पाँच नए सुधारों में से दो माल ढुलाई से, एक निर्माण से और दो यात्रियों की सुविधा से संबंधित हैं।

नमक के परिवहन में सुधार

पांचवां सुधार नमक के परिवहन पर केंद्रित है। इसके बारे में श्री वैष्णव ने कहा कि भारत दुनिया में नमक के सबसे बड़े उत्पादकों और निर्यातकों में से एक है। नमक का उत्पादन करने वाले तीन प्रमुख राज्य तमिलनाडु, गुजरात और राजस्थान हैं। भारत में सालाना उत्पादित होने वाले लगभग 35 मिलियन टन नमक में से, लगभग 9.2 मिलियन टन प्रति वर्ष रेल द्वारा पहुँचाया जाता है, जो महत्वपूर्ण और ऐसा अवसर है जिसका अब तक उपयोग नहीं किया गया।

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि नमक के परिवहन में रेलवे की हिस्सेदारी उसके उपयोग के अनुसार अलग-अलग होती है - औद्योगिक नमक के लिए यह लगभग 25 प्रतिशत है, और मानव उपभोग के लिए इस्तेमाल होने वाले नमक के लिए यह लगभग 65 प्रतिशत है। उन्होंने यह भी कहा कि रेलवे द्वारा पहुँचाए जाने वाले कुल नमक का 62 प्रतिशत हिस्सा 1,000 से 2,500 किलोमीटर की दूरी तय करता है, जिससे यह खंड रेल परिवहन के लिए बेहद उपयुक्त बन जाता है।

श्री वैष्णव ने कहा कि नमक उत्पादकों और ट्रांसपोर्टरों के साथ विस्तृत विचार-विमर्श किया गया ताकि इस क्षेत्र की चुनौतियों को समझा जा सके। इस अध्ययन में कई प्रमुख समस्याओं की पहचान की गई, जिनमें वैगनों का अनुपयुक्त डिजाइन, नमक के कारण वैगनों में जंग लगना, तिरपाल से ढके होने के बावजूद खुले वैगनों में पानी का रिसाव होना, और सामान की कई बार लोडिंग-अनलोडिंग (हैंडलिंग) के कारण लागत में वृद्धि और नुकसान होना शामिल हैं।

इन समस्याओं को हल करने के लिए अब स्टेनलेस स्टील से बना, ऊपर से लोड होने वाला और बगल से खाली होने वाला कंटेनर सिस्टम सफलतापूर्वक विकसित किया गया है। यह कंटेनर जंग से बचाने के लिए स्टेनलेस स्टील से बनाया गया है, और इसमें ऊपर से लोड करने के लिए फ्लैप तथा बगल से खाली करने के लिए हाइड्रोलिक तंत्र लगा है, जिससे गंतव्य स्थान पर ट्रकों में नमक को आसानी से अनलोड किया जा सकता है।

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि नमक उत्पादन वाली जगहों पर सीधे लोडिंग के लिए कंटेनर रखे जा सकते हैं। फिर इन कंटेनरों को उठाकर कंटेनर ट्रेनों में लोड किया जा सकता है।

ग्राम प्रधान, स्थानीय प्राधिकारी निकाय के सदस्यों का ब्लाक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम सम्पन्न

*सेवामुक्त होने वाले शिक्षकों का हुआ विदाई।

समाज जागरण अनिल कुमार

हरहुआ वाराणसी। मंगलवार को विकास खण्ड हरहुआ के कम्पोजिट विद्यालय बेलवरिया में ग्राम प्रधान,स्थानीय प्राधिकारी निकाय के सदस्यों का ब्लाक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का उद्देश्य बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों/योजनाओं डी बी टी के माध्यम से यूनिफार्म, स्कूल बैग, स्वेटर, जूता मोजा क्रय हेतु धनराशि का सीधे अभिभावकों के बैंक खाते में प्रेषित किया जाना,निपुण भारत मिशन, एस. एम.सी.,बालिका शिक्षा, आऊट ऑफ स्कूल बच्चों हेतु विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं आपरेशन कायाकल्प विषयों पर ग्राम प्रधानों/स्थानीय प्राधिकारी को उन्मुखीकरण के तहत जानकारी कराया गया। इसके माध्यम से विभागीय कार्यक्रमों एवं गतिविधियों में अभिभावकों/समुदाय की सहभागिता पर विशेष ध्यान आकृष्ट

किया गया। सेवामुक्त शिक्षकों का विदाई किया गया।

कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अतिथि विनोद उपाध्याय, ब्लाक प्रमुख हरहुआ एवम बद्री प्रसाद खंड विकास अधिकारी हरहुआ द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। इस मौके पर शैलेन्द्र विक्रम सिंह राज्य पुरस्कार से पुरस्कृत अध्यापक, मयंक प्रकाश सिंह प्र.अ.,ने अपने विचार रखे तथा खंड शिक्षा अधिकारी हरहुआ पंकज कुमार द्वारा ग्राम प्रधान मुर्दहां, करोमा, डिहवा, गोसाईपुर मोहाव, भौमी, पयागपुर, हरहुआ व अन्य ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधानो का भी माल्यार्पण और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर दिनांक 31.03.2026 को सेवा मुक्त होने वाले 06 अध्यापको का भी विदाई समारोह किया गया. कार्यक्रम मे मुख्य रूप से डॉ राजेश्वर सिंह, अनिल सिंह ए आर पी , रणधीर सिंह ए आर पी , शैलेश मिश्रा ए आर पी, अरबिन्द सिंह राजीव सिंह, अजय श्रीवास्तव सहित समस्त प्रधानाध्यापक व नोडल प्रभारी उपस्थित रहे,कार्यक्रम का संचालन डॉ आशुतोष पाण्डेय ने किया।

माहवारी पर चुप्पी तोड़ें किशोरियां, यह स्वस्थ शरीर का संकेत: डीआईओएस

- बाल रक्षा भारत की 'सखी इनिशिएटिव' के तहत शिक्षकों की कार्यशाला
- जनपद गोंडा के 39 स्कूलों में जागरूकता अभियान जारी
- स्वच्छता और सही पोषण पर दिया गया विशेष जोर

समाज जागरण
ओंकार नाथ चौधरी

गोंडा (23 मार्च 2026): बाल रक्षा भारत एवं केंव्यू द्वारा संचालित 'सखी इनिशिएटिव टू सिक्योर हर फ्यूचर' परियोजना के तहत गोंडा में शिक्षकों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया इस दौरान सखी किट और सखी छात्रवृत्ति का लांच हुआ । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक (DIOS) डॉ. राम चन्द्र ने कहा कि मासिक धर्म कोई शर्म का विषय नहीं, बल्कि एक स्वस्थ शरीर का प्राकृतिक संकेत है।

उन्होंने बताया कि इस विषय पर समाज की 'चुप्पी' और सही पोषण की कमी के कारण किशोरियों में एनीमिया और थकान जैसी समस्याएं पनपती हैं। उन्होंने शिक्षकों से अपील की कि वे स्कूलों में एक ऐसा सुरक्षित माहौल बनाएं जहाँ किशोरियां माहवारी पर खुलकर बात कर सकें। इससे न सिर्फ उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा, बल्कि भ्रांतियां और झिझक भी दूर होंगी।

39 स्कूलों में चल रहा अभियान:

यह जागरूकता अभियान जिले के 5 ब्लॉकों और शहरी क्षेत्रों के 39 स्कूलों में चलाया जा रहा है। कार्यशाला में बाल रक्षा भारत के मैनेजर डॉ. संतोष कुमार कौशल, प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर अखिलेश शुक्ला, ज्योति सिंह, आशीष गुप्ता और सखी सहायक सदस्यों समेत कई प्रधानाध्यापक, शिक्षक और बच्चे मौजूद रहे।

युवा मंडल सम्मेलन में खिलाड़ियों को खेल सामग्री वितरण, आधुनिक मैदान की घोषणा

विवेक कुमार दैनिक समाज जागरण संवाददाता

मोहनलालगंज, लखनऊ। मेरा युवा भारत, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार तथा जननायक सुजीत पाण्डेय मेमोरियल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में कस्बा मोहनलालगंज स्थित पाण्डेय कॉम्प्लेक्स में आयोजित युवा मंडल सम्मेलन एवं खेल सामग्री वितरण कार्यक्रम युवाओं के लिए प्रेरणा और उत्साह का केंद्र बन गया। इस भव्य आयोजन ने क्षेत्र में खेल संस्कृति को नई दिशा देने का कार्य किया।

कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न विकास खंडों से आई 51 टीमों के खिलाड़ियों को क्रिकेट किट, फुटबॉल, वॉलीबॉल, बैडमिंटन सेट सहित अन्य खेल सामग्री वितरित की गई। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण एवं अर्धशहरी क्षेत्रों के युवाओं को खेल संसाधनों से जोड़ना और उनकी प्रतिभा को मंच प्रदान करना रहा। खेल सामग्री पाकर खिलाड़ियों में उत्साह और आत्मविश्वास साफ नजर आया।

मुख्य अतिथि जी.एन. श्रीवास्तव (जनरल मैनेजर, यू.पी.ए.एल.) ने कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को समान अवसर देने के साथ उनके व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने खेलों को अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का सशक्त माध्यम बताया।

विशिष्ट अतिथि सहायक पुलिस आयुक्त विकास पाण्डेय ने युवाओं को नशे और नकारात्मक प्रवृत्तियों से दूर रहकर खेलों में भविष्य बनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक रूप से मजबूत बनाते हैं, बल्कि मानसिक संतुलन भी प्रदान करते हैं।

कार्यक्रम के दौरान ट्रस्ट के प्रबंधक एवं समाजसेवी डॉ. अजय पाण्डेय सत्यम ने नगर पंचायत मोहनलालगंज में आधुनिक खेलकूद मैदान की स्वीकृति की घोषणा कर युवाओं को बड़ी सौगात दी। उन्होंने कहा कि यह मैदान क्षेत्र के खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण का अवसर देगा और भविष्य में राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार करने में सहायक होगा।

राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता अवधेश कुमार ने कहा कि ऐसे आयोजन ग्रामीण प्रतिभाओं को पहचान दिलाने का माध्यम बनते हैं। उन्होंने युवाओं को सीमित संसाधनों में भी अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया।

इस अवसर पर पूर्व सैनिक अजीत यादव, समाजसेवी दिनेश शर्मा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अंशिका यादव, शिवम साहू, विपिन यादव समेत बड़ी संख्या में खिलाड़ी, कोच, अभिभावक और क्षेत्रीय नागरिकों ने भाग लिया।

समापन पर आयोजकों ने सभी अतिथियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। यह आयोजन न केवल युवाओं के उत्साहवर्धन में सफल रहा, बल्कि क्षेत्र में खेल संस्कृति को मजबूत करने की दिशा में मील का पत्थर साबित हुआ।

ग्रामीण निकायों को मजबूती: केंद्र ने चार राज्यों को 4,383 करोड़ से अधिक अनुदान जारी किए

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने ग्रामीण स्थानीय निकायों को सशक्त बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान बिहार, उत्तर प्रदेश, झारखंड और महाराष्ट्र को पंद्रहवें वित्त आयोग के तहत कुल 4,383.98 करोड़ रुपये के टाइड और अनटाइड अनुदान जारी किए हैं। यह राशि पंचायती राज संस्थाओं (PRI) और ग्रामीण स्थानीय निकायों (RLB) को मजबूत करने के उद्देश्य से दी गई है।

बिहार में 38 जिला पंचायतों, 533 ब्लॉक पंचायतों और 8,053 ग्राम पंचायतों को टाइड अनुदान की दूसरी किस्त के रूप में 1,203.60 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। साथ ही पहली किस्त के रोके गए हिस्से से 2.09 करोड़ रुपये अतिरिक्त रूप से पात्र पंचायतों को प्रदान किए गए हैं।

इसी तरह उत्तर प्रदेश में 75 जिला पंचायतों, 826 ब्लॉक पंचायतों और 57,694 ग्राम पंचायतों को 2,339.10 करोड़ रुपये की दूसरी किस्त जारी की गई है। वहीं, रोकी गई पहली किस्त से 16.52 करोड़ रुपये अतिरिक्त रूप से पात्र पंचायतों को दिए गए हैं।

झारखंड में 24 जिला पंचायतों, 253 ब्लॉक पंचायतों और 4,342 ग्राम पंचायतों के लिए 412.69 करोड़ रुपये का टाइड अनुदान जारी किया गया है।

वहीं महाराष्ट्र को पूर्व वित्तीय वर्षों की रोकी गई किस्तों के तहत कुल मिलाकर सैकड़ों करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि जारी की गई है, जिसमें टाइड और अनटाइड दोनों प्रकार के अनुदान शामिल हैं।

राजू की मुट्ठी में पीसीबी के कायदे, खुले वाहनों से डोर है ओवरलोड रखड़, कोल माइंस में गड्ढों को भरने के नाम पर करोड़ों का खेल, बैग ओपन में नियम विपरीत चल रहा राजू का ऑपरेशन

समाज जागरण

अमरकंटक थर्मल पावर प्लांट से निकलने वाली राख (राखड़) के परिवहन और निस्तारण के नाम पर बड़ा खेल सामने आया है। ठेकेदार राजू सिंह पर आरोप है कि उसने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, कोल माइंस और प्रशासनिक तंत्र से सांठगांठ कर नियमों को दरकिनार कर दिया है। खुले और ओवरलोड वाहनों से राख परिवहन, पर्यावरण मानकों की अनदेखी और फर्जी भुगतान के जरिए करोड़ों का खेल लंबे समय से जारी है।

शहडोल जिले में अमरकंटक थर्मल पावर केंद्र से निकलने वाली राख (राखड़) के परिवहन और निस्तारण में बड़े स्तर पर अनियमितताओं का मामला सामने आया है। आरोप है कि राजू सिंह नामक ठेकेदार ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (पीसीबी), कोल माइंस प्रबंधन और स्थानीय प्रशासन के साथ सांठगांठ कर पूरे सिस्टम को अपने नियंत्रण में ले रखा है। स्थिति यह है कि नियम-कायदों को ताक पर रखकर खुलेआम पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार, अमरकंटक थर्मल पावर प्लांट से रोजाना दर्जनों हाइवा वाहनों के जरिए राख को सुहागपुर और जमुना-कोतमा क्षेत्र की खदानों में भेजा जाता है। इन खदानों में कोयला निकालने के बाद बने विशाल गड्ढों को भरने के नाम पर राख डाली जा रही है। हालांकि इस प्रक्रिया के लिए पर्यावरणीय मानकों का पालन अनिवार्य है, लेकिन मौके पर स्थिति इसके विपरीत नजर आती है। सोमवार को सामने आए मामले में धनपुरी नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत स्थित बंद हो चुकी बैग ओपन कास्ट माइंस में बड़े पैमाने पर राख डंपिंग की जा रही थी। यहां पाया गया कि राख को बिना पूरी तरह ढके खुले वाहनों में लाया जा रहा है, जिससे रास्ते भर धूल उड़ रही है और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, अमलाई से धनपुरी तक सड़क के दोनों किनारों पर राख की परत जम चुकी है, जिससे आसपास के इलाकों में रहने वाले लोगों के स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ रहा है। सांस संबंधी बीमारियों का खतरा बढ़ गया है, लेकिन प्रशासन इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। इस पूरे मामले में सबसे गंभीर बात यह है कि अधिकांश वाहन ओवरलोड हैं, जबकि न्यायालय और परिवहन विभाग द्वारा ओवरलोडिंग पर सख्त प्रतिबंध है। इसके बावजूद न तो पुलिस कोई कार्रवाई कर रही है और न ही स्थानीय थाना प्रभारी इस पर ध्यान दे रहे हैं। आरोप है कि राजू सिंह की मैनेजमेंट के चलते पूरा सिस्टम मौन है।

राख के परिवहन में पारदर्शिता की भी भारी कमी सामने आई है। सूत्रों के अनुसार, प्लांट से कितनी राख निकाली जा रही है और कितनी खदानों में डंप की जा रही है, इसका कोई स्पष्ट रिकॉर्ड नहीं रखा जा रहा। भुगतान भी ठेकेदार द्वारा बताए गए आंकड़ों के आधार पर ही किया जा रहा है, जिससे बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितताओं की आशंका है।

पर्यावरणीय दृष्टि से भी स्थिति बेहद चिंताजनक है। जिस बैग ओपन कास्ट माइंस में राख डाली जा रही है, वहां वर्षों से पानी भरा हुआ था और बड़ी संख्या में जलीय जीव-जंतु निवास करते थे। बिना किसी वैकल्पिक व्यवस्था के सीधे राख डालने से इन जीवों के जीवन पर संकट आ गया है। विशेषज्ञों के अनुसार, इस तरह की गतिविधियां पर्यावरण संतुलन को गंभीर नुकसान पहुंचा सकती हैं।

नियमों के अनुसार, गड्ढों को भरने से पहले राख को फिर मिट्टी की परत डालकर उसे कम्पैक्ट करना होता है, लेकिन मौके पर केवल राख डाली जा रही है। जहां मिट्टी का उपयोग किया गया, वह भी आसपास के क्षेत्रों को खोदकर लाई गई है, जिससे नए गड्ढे बन गए हैं और पर्यावरण को दोहरा नुकसान हो रहा है। हालांकि, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच की जाएगी और नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। लेकिन सवाल यह है कि जब यह गतिविधि लंबे समय से चल रही है, तो अब तक कोई ठोस कार्रवाई क्यों नहीं की गई।

खुले और ओवरलोड वाहन बने खतरा

खुले हाइवा वाहनों से राख परिवहन के कारण सड़कों पर धूल का गुबार उड़ रहा है। अधिकांश वाहन ओवरलोड हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ गया है। परिवहन और पुलिस विभाग की निष्क्रियता पर सवाल उठ रहे हैं।

पीसीबी के नियमों की खुली अनदेखी

प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद राख परिवहन और डंपिंग में पर्यावरणीय मानकों का पालन नहीं हो रहा। बिना ढंके वाहनों और गलत तरीके से डंपिंग से प्रदूषण बढ़ रहा है।

कोल माइंस में गड्ढों के नाम पर खेल कोयला खदानों के गड्ढों को भरने के नाम पर भारी अनियमितता सामने आई है। निर्धारित प्रक्रिया के विपरीत केवल राख डाली जा रही है, जिससे पर्यावरण को नुकसान हो रहा है।

जलीय जीवों पर संकट

जिस क्षेत्र में राख डाली जा रही है, वहां वर्षों से जलभराव था। बिना जीव-जंतुओं को सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित किए सीधे राख डालने से उनकी मौत का खतरा बढ़ गया है। भुगतान में भी गड़बड़ी की आशंका राख की मात्रा का सही आकलन नहीं होने से भुगतान प्रक्रिया संदिग्ध है। ठेकेदार द्वारा बताए गए आंकड़ों के आधार पर भुगतान होने से करोड़ों के घोटाले की आशंका जताई जा रही है।

जल गंगा संवर्धन अभियान: का आस्था शिक्षण समिति वेंकटनगर में 19 मार्च से शुरू हुआ अभियान

समाज जागरण

वेंकट नगर/-मध्य प्रदेश में 19 मार्च से जल गंगा संवर्धन अभियान शुरू हुआ, जिसका उद्देश्य जल संरक्षण, जल स्त्रोतों का पुनरुद्धार और जनभागीदारी से प्रदेश की जल-संस्कृति को पुनर्जीवित करना है। इस अभियान के तहत प्रदेशभर में नदियों, तालाबों और जल स्त्रोतों के आसपास कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं

अभियान की मुख्य बातें:

- जल संरक्षण: जल संरक्षण की पारंपरिक पद्धतियों के साथ नवीन तकनीकी नवाचारों को अपनाया जा रहा है। - जनभागीदारी: स्वयंसेवी संस्थाओं और युवाओं से आगे बढ़कर श्रमदान करने का आह्वान किया गया है।
- जल स्त्रोतों का पुनरुद्धार: नदियों, तालाबों, बावड़ियों, कुओं सहित अन्य जल संरचनाओं का पुनरुद्धार मिशन मोड में किया जा रहा है।
- जल गुणवत्ता परीक्षण: जल गुणवत्ता परीक्षण के कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है २६।

क्या आप जल गंगा संवर्धन अभियान के बारे में और जानना चाहते हैं या मध्य प्रदेश में जल संरक्षण के प्रयासों के बारे में पूछना चाहते हैं?

पत्रकार सूरज यादव को मिली बड़ी जिम्मेदारी, बने भारतीय पत्रकार संघ के राष्ट्रीय सचिव और छत्तीसगढ़ युवा इकाई प्रदेश अध्यक्ष,

समाज जागरण

गौरेला-पेंड्रा-मरवाही। छत्तीसगढ़ के जीपीएम जिले के पत्रकार सूरज यादव को भारतीय पत्रकार संघ (बीपीएस) के राष्ट्रीय सचिव और छत्तीसगढ़ युवा इकाई प्रदेश अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष श्री रणजीत सिंह ठाकुर के प्रस्ताव और राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित श्री बलराम मिश्र के निदेर्शानुसार की गई है।

पत्रकार सूरज यादव की नियुक्ति पर भारतीय पत्रकार संघ के राष्ट्रीय पदाधिकारियों और विभिन्न राज्यों के प्रदेश अध्यक्षों ने बधाई दी है। उन्हें पत्रकारों के अधिकारों की रक्षा, सम्मान, सुरक्षा, संगठनात्मक एकता और पत्रकार कल्याण के लिए काम करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

पत्रकार सूरज यादव ने कहा कि वे अपने पद और दायित्वों का निर्वहन करते हुए संगठन को और अधिक सशक्त और विस्तृत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

वे संगठन की नीतियों, उद्देश्यों और अनुशासन का पूर्णतः पालन करते हुए संगठनात्मक गतिविधियों को सक्रिय रूप से संचालित करेंगे और पत्रकारों से जुड़ी समस्याओं के समाधान में अपनी प्रभावी भूमिका निभाएंगे।

केवई नदी पर बैराज बना खतरे की घंटी, कोतमा के भविष्य को लेकर युवाओं ने उठाई आवाज

समाज जागरण

कोतमा/अनूपपुर। कोतमा क्षेत्र की जीवनदायिनी केवई नदी पर अनूपपुर सुपर थर्मल पॉवर प्लांट द्वारा बनाए गए एनीकट (बैराज) को लेकर अब विरोध तेज होता जा रहा है। पहले जहां ग्रामीणों और जन प्रतिनिधियों ने कंपनी द्वारा नदी की बहती धारा रोकने को लेकर आंदोलन छेड़ा था, वहीं अब जागरूक युवाओं ने भी मोर्चा संभाल लिया है। युवाओं का कहना है कि अगर समय रहते इस गंभीर मुद्दे पर ध्यान नहीं दिया गया, तो आने वाले समय में पूरे कोतमा नगर में जल संकट गहरा सकता है।

भविष्य में विकट जलसंकट की जताई चिंता

इसी कड़ी में स्थानीय युवा नेता अनुज गौतम के नेतृत्व में युवाओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने नगर पालिका कोतमा की मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में स्पष्ट रूप से बताया गया कि केवई नदी पर अनूपपुर सुपर थर्मल पॉवर प्लांट द्वारा बनाए गए बैराज के कारण नदी की स्वाभाविक धारा प्रभावित हो रही है, जिससे भविष्य में जल आपूर्ति पर गंभीर असर पड़ सकता है। युवाओं ने अपने ज्ञापन में उल्लेख किया कि कोतमा नगर की जल व्यवस्था काफी हद तक केवई नदी पर निर्भर है। यदि नदी की धारा इसी तरह बाधित होती रही, तो गर्मी के मौसम में स्थिति और भी विकट हो सकती है। उन्होंने चेतावनी दी कि यह समस्या केवल वर्तमान की नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी खतरा बन सकती है। उच्चाधिकारियों को भविष्य में होने वाले संकट की जनकारी देने की मांग ज्ञापन के माध्यम से युवाओं ने नगर पालिका से मांग की है कि इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए तत्काल संबंधित विभागों को पत्राचार किया जाए और उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जाए, ताकि बैराज निर्माण से हो रही परेशानियों का स्थायी समाधान निकाला जा सके। गौरतलब है कि हाल ही में केवई नदी पर बने बैराज के कारण नदी का बहाव रुक गया था, जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखने को मिला। विरोध प्रदर्शन के बाद कंपनी को पोकलेन मशीन के जरिए बैराज खोलकर पानी की धारा बहाल करनी पड़ी थी। इस घटनाक्रम ने साफ कर दिया है कि बैराज निर्माण क्षेत्र की जल व्यवस्था के लिए कितना संवेदनशील मुद्दा बन चुका है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि प्रशासन और संबंधित कंपनी ने समय रहते संतुलित और जनहित में निर्णय नहीं लिया, तो यह मुद्दा एक बड़े जनआंदोलन का रूप ले सकता है। फिलहाल सभी की नजरें प्रशासनिक कार्रवाई पर टिकी हुई हैं कि आखिर कब तक कोतमा के भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए ठोस कदम उठाए जाते हैं। ज्ञापन सौपने के दौरान कोतमा के केवई बचने के लिए लगातार आंदोलित हो रहे अनुज गौतम, अरुण लखेरा, तरुण यादव, आकाश समुद्रे, सुजल समुद्रे, गुड्डू प्रजापति, अमन श्रीवास, निहाल समुद्रे आदि शामिल थे।

ईद उल फितुर पर मोहम्मदी वेलफेयर सोसायटी ने पेश की कौमी एकता की मिसाल

दिया इंसानियत और भाईचारे का संदेश

समाज जागरण
विजय तिवारी धनपुरी

ईद उल फितुर के पावन अवसर पर धनपुरी में मोहम्मदी वेलफेयर सोसायटी द्वारा आयोजित कार्यक्रम ने हिन्दू-मुस्लिम कौमी एकता की एक प्रेरणादायक मिसाल पेश की। कार्यक्रम का आयोजन सोमवार शाम 7 बजे से वेलकम पैलेस में प्रारम्भहुआ इस आयोजन में हिन्दू मुस्लिम, सिक्ख, इसाई सभी विभिन्न धर्मों और समुदायों के लोगों की उल्लेखनीय भागीदारी देखने को मिली, जिसने विविधता में एकता की भारतीय परंपरा को और मजबूत किया। कार्यक्रम का आयोजन बड़े ही उत्साह और सौहार्दपूर्ण वातावरण में किया गया, जहां मंच संचालन कलाम मोहम्मद एड ने अपने शायराना अंदाज में किया वहीं मंच पर जिला मजिस्ट्रेट हिदायत उल्ला खान विशेष अतिथि के रूप में मौजूद थे। धनपुरी-बुढ़ार समेत आसपास के सभी हिन्दू मुस्लिम समाज के लोगों ने एक साथ बैठकर ईद की खुशियां साझा कीं। लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी और समाज में प्रेम, भाईचारा तथा शांति बनाए रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सोसायटी के पदाधिकारियों में मोहम्मदी वेलफेयर सोसायटी सरपरस्त शाह आलम खान ,सदर मोहम्मद आजाद अली, सेकेट्री मोहम्मद अली (पप्पू)(सना कार पार्लर), कैसीयर मोहम्मद फैज कलाम, मोहम्मद एडवोकेट, नसीर राजा, सलमान शेख, मेराज, जावेद, जुल्फीकार, आरिफ, शोहेल, रुस्तम, रफीक, सभी मित्र और सहयोगी गण और गणमान्य नागरिकों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि त्योहार केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं होते, बल्कि वे समाज को जोड़ने और आपसी रिश्तों को मजबूत करने का माध्यम भी हैं। उन्होंने कहा कि आज के समय में जब समाज को एकजुट रहने की सबसे ज्यादा जरूरत है, ऐसे आयोजन आपसी विश्वास और सद्भाव को बढ़ावा देते हैं। वक्ताओं ने जोर देकर कहा कि धर्म, जाति और पंथ की सीमाओं से ऊपर उठकर इंसानियत को अपनाना ही सच्ची सेवा है। उन्होंने आज के समाज व देश के सभी नागरिकों से अपील की कि वे समाज में फैल रही नफरत और भेदभाव की भावनाओं को खत्म कर प्रेम, सहिष्णुता और सहयोग की भावना को बढ़ाएं। कार्यक्रम के दौरान सामाजिक एकता, राष्ट्रहित और मानवीय मूल्यों को सुदृढ़ करने पर विशेष बल दिया गया। साथ ही जरूरतमंद लोगों की सहायता करने और समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प भी लिया गया। आयोजन में पूर्व विधायक छोटेलाल सरावगी, जिला मजिस्ट्रेट हिदायत उल्ला खान, कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी, जिला कार्यवाहक अध्यक्ष बलमीत सिंह खनूजा, नपा उपाध्यक्ष हनुमान खंडेलवाल, नगर परिषद अध्यक्ष शालिनी सरावगी, सुजीत सिंह चंदेल, राजेश चमडिया, मुबारक मास्टर, रोहणी गर्ग, राजू सेठिया, मनोज जैन, पुष्पेंद्र ताम्रकार, पियूष शुक्ला, अरविंद जैन, बबलू सिंह, नसीर राजा, प्रकाश कृष्णानी मंचासिन रहे सभी ने इस अवसर पर अपने अपने उद्बोधन से समाज को संदेश दिया और सदैव आपस में भाईचारा व सौहार्द बनाए रखने की अपील की।अंत मे सभी उपस्थित लोगों ने एकजुट होकर यह संदेश दिया कि भारत की असली ताकत उसकी एकता और विविधता में निहित है, और इसे बनाए रखना हर नागरिक की जिम्मेदारी है।

इस कार्यक्रम ने यह साबित कर दिया कि जब लोग दिल से जुड़ते हैं, तो हर दीवार अपने आप टूट जाती है और समाज में प्रेम और इंसानियत की रोशनी फैलती है।

भारतीय किसान संघ राष्ट्रीय मार्ग पर करेंगे चक्का जाम

* प्रशासन पर अनदेखी के आरोप

* अनिश्चितकालीन घेरा डालो, डेरा डालो आंदोलन की चेतावनी*

समाज जागरण

उमरिया। जिले में किसानों की समस्याओं को लेकर अब किसान शांत बैठने वाला नहीं है, बताया जाता है कि शासन प्रशासन से बार बार आग्रह कर वह थक चुका है , और अब वह आर पार के लडाई का मन बना लिया है।बताया जाता है कि किसानों की जायज मांगों की उपेक्षा लगातार जिला प्रशासन के व्दारा किया जा रहा है।जिससे किसानों में व्यापक जनक्रोष बढता जा रहा है और स्थित इतनी बिगड गयी है कि भारतीय किसान संघ ने प्रशासन की इस अनदेखी से नाराज होकर आंदोलन का रास्ता चुन लिया है। भारतीय किसान संघ ने अब साफ तौर पर उग्र आंदोलन छेडने की तैयारी कर ली है।भारतीय किसान संघ ने इसके लिए विधिवत आंदोलन छेडने की चेतावनी भी दे दी है कि यदि किसानों की समस्याओं का समाधान समय रहते नहीं हुआ तो भारतीय किसान संघ अब बिना देर किये ही शहडोल -घुनघुटी हाईवे पर चक्का जाम आंदोलन कर अपने मांगों की लड़ाई लडेगा।

भारतीय किसान संघ जिला अध्यक्ष अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि कई बार भारतीय किसान संघ के व्दारा कलेक्टर उमरिया को विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा गया है बाबजूद इसके प्रशासन के व्दारा किसानों की सुविधाओं को लेकर ऐहतियाती कदम नहीं उठाये गये। भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष ने बताया कि इसके बाद प्रथम स्मरण पत्र कलेक्टर को और द्वितीय स्मरण पत्र आयुक्त शहडोल संभाग को दिया गया, लेकिन अब तक किसी भी स्तर पर ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

संघ का आरोप है कि प्रशासन किसानों की समस्याओं को लेकर पूरी तरह उदासीन बना हुआ है। एक ओर जहां प्रदेश सरकार किसानों के हित में योजनाओं और घोषणाओं की बात करती है, वहीं दूसरी ओर उमरिया जिला प्रशासन इन समस्याओं से आंखें मूंदे बैठा है।

किसान संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि कई बार प्रशासन से चर्चा और बैठक के माध्यम से समाधान निकालने का प्रयास किया गया, लेकिन हर बार उन्हें नजरअंदाज किया जा रहा है, जिससे किसान आंदोलित होने को मजबूर हो गया है।

हाईवे जाम और अनिश्चितकालीन आंदोलन की चेतावनी

भारतीय किसान संघ ने ऐलान किया है कि अब घेरा डालो, डेरा डालो आंदोलन के तहत शहडोल-घुनघुटी हाईवे को पूरी तरह बंद किया जाएगा। इस आंदोलन में 42 गांवों के किसान शामिल होंगे, जो सड़क पर ही रहकर खाना-पीना और डेरा डालेंगे। संघ ने साफ कर दिया है कि यह आंदोलन तब तक जारी रहेगा जब तक किसानों की मांगें पूरी नहीं हो जातीं। आंदोलन के दौरान किसी भी प्रकार की स्थिति के लिए पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

प्रशासन पर गंभीर आरोप

किसान संघ ने प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि अधिकारी किसानों की समस्याएं सुनने के बजाय ठेकेदारों और कंपनियों को खुश करने में लगे हैं। विभागों के अधिकारी कंपनी एवं ठेकदार से मिले हुए है, यही कारण है कि बार-बार अवगत कराने के बावजूद समस्याओं का समाधान नहीं किया जा रहा। भारतीय किसान संघ ने स्पष्ट किया है कि देश के सबसे बड़े संगठन में से है, जिले के सभी ग्रामों में किसानों की समितियां हैं, किसानों को कमजोर समझना शासन की भूल है, किसान खेत में कार्य करता है तो उसे खेत में ही कार्य करने दे, प्रशासन किसानों को रोड में आने के लिए मजबूर ना करें, किसान अगर पूरे विश्व का पेट भरना जानता है तो अपने अधिकारियों के लिए लड़ना भी जानता है ।

बिलासपुर में बर्ड फ्लू की पुष्टि, 1 किमी क्षेत्र इन्फेक्टेड जोन और 10 किमी सर्विलांस जोन घोषित

समाज जागरण

बिलासपुर, 24 मार्च 2026/ जिला प्रशासन ने शासकीय कुक्कुट पालन क्षेत्र कोनी में बर्ड फ्लू (एवियन इन्फ्लुएंजा) की पुष्टि होने के बाद सख्त कदम उठाए हैं। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी संजय अग्रवाल द्वारा जारी आदेश के अनुसार, प्रभावित क्षेत्र के 1 किलोमीटर के दायरे को इन्फेक्टेड जोन तथा 10 किलोमीटर के दायरे को सर्विलांस जोन घोषित किया गया है।

संचालनालय पशु चिकित्सा सेवाएं, रायपुर के निर्देश पर की गई जांच में एनआईएचएसएडी भोपाल द्वारा बर्ड फ्लू की पुष्टि की गई है। इसके बाद प्रशासन ने तत्काल प्रभाव से सर्विलांस जोन में पोल्ट्री उत्पादों के क्रय-विक्रय और परिवहन पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। आदेश में पुलिस अधीक्षक, वन मंडलाधिकारी एवं जिला परिवहन अधिकारी को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने विभागों के माध्यम से चेकपोस्ट स्थापित कर सर्विलांस जोन के भीतर और बाहर पोल्ट्री पक्षियों की आवाजाही पर कड़ी निगरानी रखें। साथ ही, अन्य क्षेत्रों में भी पोल्ट्री मूवमेंट पर सतत नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे निर्धारित प्रोटोकॉल के तहत आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए समय-समय पर जानकारी उपलब्ध कराएं, ताकि संक्रमण के फैलाव को प्रभावी रूप से रोका जा सके।

निजी गेस्ट हाउस में आयोजित किसान पंचायत कार्यक्रम के दौरान जोश , उत्साह और शक्ति प्रदर्शन का माहौल बना रहा ।

विवेक कुमार दैनिक
समाज जागरण संवाददाता

मोहनलालगंज, लखनऊ 24/3/26 को मोहनलालगंज क्षेत्र स्थित एक निजी गेस्ट हाउस में आयोजित किसान पंचायत उस समय ऐतिहासिक बन गई, जब हजारों की संख्या में पहुंचे किसानों ने जोरदार उपस्थिति दर्ज कराते हुए अपनी एकजुटता का परिचय दिया। पूरे कार्यक्रम के दौरान जोश, उत्साह और शक्ति प्रदर्शन का माहौल बना रहा। इसी बीच भारतीय किसान क्रांति यूनियन के गठन की औपचारिक घोषणा की गई, जिसे लेकर किसानों में खासा उत्साह देखने को मिला। किसान पंचायत में प्रदेश के अलग-अलग जिलों से किसान पहुंचे थे। कार्यक्रम स्थल पर सुबह से ही किसानों का जुटान शुरू हो गया था, जो दोपहर तक जनसैलाब में तब्दील हो गया। आयोजन स्थल पर किसानों की भीड़ और उनके जोशीले नारों ने पूरे माहौल को किसानमय बना दिया।कार्यक्रम का सबसे आकर्षक दृश्य तब देखने को मिला जब संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट ऋषि मिश्रा का किसानों ने फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया और वही दूसरी तरफ प्रदेश मीडिया प्रभारी मुकेश द्विवेदी का भी माल्यर्पण कर जोरदार स्वागत किया गया इसके बाद उन्हें कार्यक्रम स्थल के मुख्य द्वार से बैलगाड़ी पर बैठाकर जुलूस के रूप में मंच तक लाया गया। यह नजारा पूरे आयोजन का केंद्र बिंदु रहा, जिसे देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। अपने संबोधन में ऋषि मिश्रा ने कहा कि यह संगठन किसानों के हक और अधिकार की लड़ाई लड़ने के लिए बनाया गया है। उन्होंने बताया कि वह पहले किसान यूनियन भानु गुट में प्रदेश प्रभारी के पद पर कार्यरत थे, लेकिन किसानों की आवाज को और मजबूती देने के उद्देश्य से उन्होंने उस संगठन से इस्तीफा देकर नया संगठन खड़ा किया है।उन्होंने स्पष्ट कहा कि अब किसानों के मुद्दों को दबने नहीं दिया जाएगा और जरूरत पड़ी तो सड़क से सदन तक आंदोलन किया जाएगा। राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल वर्मा ने अपने संबोधन में कार्यक्रम में आए सभी किसानों और अतिथियों का अभिवादन करते हुए कहा कि संगठन की ताकत उसकी एकजुटता में है। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वे अपने अधिकारों के लिए एक मंच पर एकत्र होकर संघर्ष करें। कार्यक्रम के दौरान संगठन की संरचना को भी मजबूती देने का ऐलान किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बताया कि प्रदेश के 38 जिलों में जिलाध्यक्षों और मंडल स्तर के पदाधिकारियों की नियुक्ति कर दी गई है, जिससे संगठन को गांव-गांव तक मजबूत किया जा सके।बैठक में किसानों से जुड़े विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। संगठन की ओर से जल्द ही प्रधानमंत्री के नाम 11 सूत्रीय ज्ञापन सौंपने की घोषणा की गई, जिसमें किसानों की प्रमुख समस्याओं के समाधान की मांग की जाएगी।ज्ञापन में फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी सुनिश्चित करने, किसानों के कर्ज माफी के लिए ठोस नीति लागू करने, सिंचाई व्यवस्था को बेहतर बनाने और नहरों में नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित करने की मांग प्रमुख रूप से शामिल है।इसके साथ ही पंचायत में किसानों ने बिजली, सड़क और पानी की समस्याओं को भी प्रमुखता से उठाया। ग्रामीण क्षेत्रों में अनियमित बिजली आपूर्ति, जर्जर सड़कों और पेयजल संकट को लेकर किसानों में नाराजगी देखने को मिली। किसानों ने मांग की कि गांवों में 24 घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, खराब सड़कों का जल्द निर्माण कराया जाए और हर घर तक स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जाए।इसके अलावा आवारा पशुओं से फसलों को हो रहे नुकसान को रोकने, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में बांधों की नियमित निगरानी और मरम्मत कराने की भी मांग उठाई गई। साथ ही गरीब परिवारों के मकानों के ध्वस्तीकरण पर रोक लगाने और पुनर्वास के बाद ही कार्रवाई करने की बात कही गई।इसके अलावा किसानों को समय पर उर्वरक, बीज और कृषि उपकरण उपलब्ध कराने, गन्ने का समर्थन मूल्य बढ़ाने और 14 दिन के भीतर भुगतान सुनिश्चित कराने की मांग भी प्रमुख रूप से रखी गई। गौवंश के गोबर की खरीद कर जैविक खाद बनाने की योजना लागू करने और पुलिस-प्रशासन की कार्यशैली को पारदर्शी व जवाबदेह बनाने की मांग भी ज्ञापन में शामिल है।कार्यक्रम के अंत में संगठन के पदाधिकारियों ने साफ तौर पर चेतावनी दी कि यदि सरकार द्वारा किसानों की समस्याओं का जल्द समाधान नहीं किया गया, तो आने वाले समय में व्यापक स्तर पर आंदोलन छेड़ा जाएगा।

सहकारिता उमरिया जिले में मची लूट नियम विरूद्ध पदस्थ है, कर्मचारी,

आय से ज्यादा सम्पत्ति सहकारिता उमरिया जिले की षिकायत भोपाल तक

समाज जागरण

उमरिया ।म.प्र. शासन सहकारिता विभाग में स्पष्ट निर्देष है कि सोसायटी के संचालन नियम से किए जाए लेकिन उमरिया जिले में कोई सिंघ साहब नाम का चर्चित अधिकारी है जो उमरिया जिले के मजमानी कला एवं मझौली, नवगवां में पदस्थ प्रभारी प्रबंधको को खुलेआम अभयदान देकर नियम विरूद्ध कार्य कराए जा रहे हैं। सूत्रों से मिले जानकारी के अनुसार जनता दल यू. किसान सभा के प्रदेष अध्यक्ष, पूर्व भाजस अध्यक्ष, विधायक दल नेता निजी सचिव बी.पी.तिवारी ने लिखित षिकायत जिला कलेक्टर उमरिया, कमिष्नर शहडोल मुख्यमंत्री के साथ पी.ओ.ड्ब्ल्यू. लोकायुक्त सहकारिता सचिव तक लिखित षिकायत कर शीघ्र कार्यवाही की मांग की है।

षिकायत में मिली जानकारी के अनुसार मधुवानीकला एवं मझौली में श्रीकांत तिवारी नान कैडर का आदमी होते हुए भी दो दो सोसायटी का संचालन सहकारिता विभाग के चर्चित अधिकारी के अभयदान से संचालित की जा रही है। साथ ही अभय चतुर्वेदी की नियुक्ति सहकारी समिति नवगवां में नियमों से हटकर की गई है, नियम को दरकिनार करते हुए विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों ने पदोन्नति कर नियम की धज्जियां उड़ाई गई है, समिति की दुकानों की राषि अभय चतुर्वेदी द्वारा कई लाखों की नही की गई है। जो कई लाखों रू. सहकारिता को जमा करा लेनी चाहिए भ्रष्ट अधिकारी जो प्रषासन का धृता बताकर गैर जिम्मेदार गैर कैडर एवं नियम विरूद्ध भर्ती कर खुलेआम लूट मचा रखी है, जिसकी षिकायत पर शीघ्र कार्यवाही की मांग की गई है।

ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रीष्म ऋतु में पेयजल समस्या/शिकायत हेतु जनपद एंव विकास खण्ड स्तर पर कन्ट्रोल रूम किये गये स्थापित

कन्ट्रोल रूम के माध्यम से पेयजल समस्या का त्वरित गति से किया जायेगा निस्तारण- जिलाधिकारी

समाज जागरण/ आदिवासी
सुनील त्रिपाठी

सोनभद्र। जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने अवगत कराया है कि ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रीष्म ऋतु में पेयजल समस्या /शिकायत के त्वरित निस्तारण हेतु जनपद स्तर एंव विकास खण्ड स्तर पर कन्ट्रोल रूम स्थापित किये गये है कन्ट्रोल रूम के माध्यम से पेयजल समस्या का निस्तारण किया जायेगा इस हेतु नोडल अधिकारी नामित गये है। कन्ट्रोल रूम में दैनिक रूप से प्राप्त होने वाली शिकायतों एंव उसके निस्तारण आख्या को निर्धारित प्रारूप पर पंजिका में दर्ज किया जायेगा। शिकायतों एवं उसके निस्तारण की सूचना निर्धारित प्रारूप पर शासन एवं राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के ई-मेल पर उपलब्ध कराया जायेगा, समस्त नोडल अधिकारी को शिकायत एंव उसके निस्तारण की सूचना तथा टैंकर संचालन की सूचना निर्धारित प्रारूप पर प्रत्येक दिन सांय 4.00 बजे तक विकास भवन में स्थित पेयजल कन्ट्रोल रूम में मेल एंव वाट्सअप के माध्यम से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेगें।

कम्पोजिट स्कूल गोठानी वार्षिकोत्सव समारोह व शिक्षा चौपाल का आयोजन

समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी

जुगैल/ सोनभद्र। आदिवासी क्षेत्र के रेणुका नदी पार ग्राम पंचायत गोठानी में न्याय पंचायत सिन्दूरीया द्वारा कम्पोजिट स्कूल गोठानी वार्षिकोत्सव समारोह व शिक्षा चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि संजीव त्रिपाठी, मंडल अध्यक्ष चोपन संजय केशरी मौजूद रहे। कार्यक्रम के संचालक मनीष श्रीवास्तव ने किया इस दौरान मां सरस्वती पुजन कर शुभारंभ कराया गया। कम्पोजिट स्कूल के बच्चों द्वारा संस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से नृत्य करते दिखी बच्चे और आदिवासी क्षेत्र कि सरकारी स्कूल के बच्चों का बहुत अच्छा कला देखने को मिला जिसमें बच्चों ने भक्ति गाना व देश भक्ति, बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ के गाना पर बच्चों डांस प्रस्तुत किए। देखा जा रहा है कि आदिवासी क्षेत्र मे शिक्षा मे अब छात्र छात्राएं किसी भी मामले में कम नहीं है शिक्षा के क्षेत्र में आगे देखने को मिल रहा है। और एक बच्ची ने छात्र वित्तीय परिक्षा में पास हो गई उस बच्ची को इंटर शिक्षा के लिए सरकार द्वारा प्रतिमाह 1000 हजार रूपया मिलेगा यह बहुत ही गर्व कि बात है आदिवासी क्षेत्र की बेटी के लिए। इस कार्यक्रम में ग्राम प्रधान गोठानी धरमू सहीत समस्त एआरपी ब्लाक चोपन अध्यापक संतोष अंजू जायसवाल, मीरा सिंह, सत्य प्रकाश, रीना शर्मा, नीतू, संगीता सिंह, अजीत सिंह, सुशील वर्मा, नितिन कुमार, अर्चना सहर्ष सिंह, सिंदुरिया न्याय पंचायत के समस्त शिक्षक शिक्षामित्र और अनुदेशक के साथ सैकड़ों ग्रामीण बच्चे मौजूद रहे।

आई०जी०आर०एस० पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का निस्तारण शासन की मंशा के अनुरूप ससमय किया जाये सुनिश्चित- जिलाधिकारी

ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण

सोनभद्र। जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर प्राप्त होने वाली जन शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण हेतु जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ ही अन्य सम्बन्धित अधिकारियों के उपस्थिति में बैठक की गयी। बैठक

में आई०जी०आर०एस० पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में अधिक से संख्या में असंतुष्ट फिडबैक पाये जाने पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण, अधिशासी अभियन्ता नगरीय अधिशासी अभियन्ता विद्युत पिपरी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, खाद्य विपणन अधिकारी, ज्येष्ठ खान अधिकारी को आई0 जी0 आर0 एस0 पोर्टल पर

प्राप्त शिकायतों के ससमय व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण न किये जाने पर वेतन भुगतान पर रोक व स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिये। इस दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के मा0 मुख्यमंत्री जी की मंशा है कि जनता दर्शन, तहसील दिवस, आई0जी0 आर0एस0, थाना समाधान दिवस में प्राप्त होने वाली शिकायतों का निस्तारण ससमय व गुणवत्ता पूर्ण तरीके से सुनिश्चित किया जाये, जिससे कि जन मानस की समस्याओं का ससमय निस्तारण हो सकें। उन्होंने कहा कि आई0जी0 आर0 एस0 पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायातों के निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारी स्थल पर जाकर शिकायतकर्ता का फीडबैक प्राप्त करते हुए शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण करें, निस्तारण के दौरान स्थल पर कार्यवाही सम्बन्धी जी0पी0एस0 फोटोग्राफ्स अपलोड करना सुनिश्चित करें, सम्बन्धित अधिकारी प्रतिदिन आई0 जी0आर0एस0 पोर्टल को लागिन करते हुए प्राप्त होने वाली शिकायतों का फीडबैक भी प्राप्त करते रहें और प्राप्त शिकायतों का निस्तारण भी ससमय कराना सुनिश्चित करें, अंतिम दिवस में शिकायतों के निस्तारण करने वाले अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 वागीश कुमार शुक्ला, अपर जिलाधिकारी न्यायिक रमेश चन्द्र, जिला विकास अधिकारी हेमन्त कुमार सिंह, डी0सी0 मनरेगा रविन्द्र वीर सिंह, समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह भदौरिया, जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरण सहित जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहें।

महिला सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरि

सोनभद्र। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सोनभद्र पुलिस द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के दूसरे चरण के अंतर्गत जनपद में व्यापक एवं प्रभावी जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है।

पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के कुशल निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर समाज के सभी वर्गों को जागरूक किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित प्रमुख सामाजिक विषयों–जैसे लिंगानुपात, लैंगिक समानता, बाल विवाह, लैंगिक शोषण, महिलाओं एवं बच्चों के प्रति होने वाली हिंसा, साक्षरता एवं स्वास्थ्य–पर विशेष रूप से प्रकाश डालते हुए जनमानस को जागरूक किया गया।

इस क्रम में विद्यालयों, महाविद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, बाजारों एवं ग्राम सभाओं में संवाद कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं एवं बालिकाओं को गुड टच-बैड टच, आत्मरक्षा के उपाय, महिला उत्पीड़न से संबंधित विधिक अधिकारों, तथा विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही साइबर अपराधों के बढ़ते खतरे को दृष्टिगत रखते हुए ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी कॉल/लिंक, सोशल मीडिया के दुरुपयोग, बैंकिंग धोखाधड़ी एवं OTP साझा न करने के संबंध में विशेष जागरूकता उत्पन्न की गई।

जनसुनवाई में एसपी ने सुनी आमजन की समस्याएं, त्वरित एवं निष्पक्ष निस्तारण के दिए निर्देश

समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरि

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा द्वारा पुलिस कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई/जनता दर्शन कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए नागरिकों की शिकायतों को गंभीरता, संवेदनशीलता एवं पूर्ण तत्परता के साथ सुना गया। कार्यक्रम के दौरान राजस्व प्रकरणों एवं अन्य पुलिस संबंधी मामलों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं। पुलिस अधीक्षक महोदय ने प्रत्येक प्रकरण का स्वयं संज्ञान लेते हुए संबंधित क्षेत्राधिकारी एवं थाना प्रभारियों को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु स्पष्ट निर्देश प्रदान किए।

उन्होंने निर्देशित किया कि सभी शिकायतों की गुणवत्तापूर्ण एवं तथ्यपरक जांच की जाए तथा पीड़ितों को की गई कार्यवाही से समय पर अवगत कराया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही, विलंब या उत्पीड़न पाए जाने पर कठोर कार्यवाही की चेतावनी भी दी गई। जिन मामलों में त्वरित हस्तक्षेप आवश्यक है, उनमें तत्काल विधिक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

जनसुनवाई कार्यक्रम पुलिस और जनता के मध्य विश्वास, संवाद एवं पारदर्शिता को सुदृढ़ करने का प्रभावी माध्यम है। आमजन की समस्याओं का त्वरित, निष्पक्ष एवं संतोषजनक समाधान ही पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

व्यापारी बन्धुओं/बैंक मित्रों के साथ की गयी बैठक, समस्याओं को लेकर किया गया विचार-विमर्श

समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरि

सोनभद्र। अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सोनभद्र अनिल कुमार की अध्यक्षता में आज दिनांक 24.03.2026 को पुलिस लाइन चुर्क, सोनभद्र स्थित सभागार कक्ष में व्यापारी सुरक्षा के सम्बन्ध में जनपद के प्रमुख व्यापारियों, उद्यमियो, पेट्रोल पम्प मालिकों व बैंक मित्रों के साथ गोष्ठी आयोजित की गयी । गोष्ठी में

जनपद के प्रमुख व्यापारियों, उद्यमियों, पेट्रोल पम्प मालिकों व बैंक मित्रों के साथ उनकी सुरक्षा एवं नगर में यातायात व्यवस्था को सुदृढ करने के सम्बन्ध में विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा व्यापारियों को सुरक्षा के दृष्टिकोण से अपने-अपने दुकानों/संस्थानों मे सीसीटीवी कैमरे का प्रयोग अनिवार्य रूप से करने हेतु बताया गया। साथ ही साथ उनकी समस्याओं के विषय मे जानकारी की गयी व उनके निराकरण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया तथा उनको सुरक्षा के सम्बंध मे पुलिस द्वारा हरसम्भव मदद का भरोसा दिलाया गया। इस मौके पर जनपद के व्यापारीगण/पेट्रोल पम्प मालिक/सरार्फा व्यापारी/बैंक मित्र मौजूद रहे।

नव निर्माण के नौ वर्ष पूर्ण होने अवसर जिला सेवायोजन कार्यालय में रोजगार मेले का हुआ आयोजन

ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण

सोनभद्र। जिला सेवायोजन कार्यालय, सोनभद्र द्वारा उत्तर प्रदेश सुशासन के नवनिर्माण के 9 वर्ष की उपलब्धियों के अवसर पर आज जिला सेवायोजन कार्यालय, लोढ़ी, राबर्ट्सगंज, सोनभद्र के परिसर में रोजगार मेला का आयोजन किया गया और मेले में आये हुए अभ्यर्थियों को सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग द्वारा नव निर्माण के नौ वर्ष पर आधारित पुस्तक व फोल्डर का वितरित किया गया। मेला में लगभग 150 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। मेला में कुल 07 कम्पनियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें मुख्यतः हिटाची कैश मैनेजमेन्ट सर्विसेज प्रा० लि०, लखनऊ, ठाकुर पब्लिकेशन, लखनऊ, सोलेरा इण्डस्ट्रीज प्रा० लि०, राबर्ट्सगंज, सोनभद्र एवं कृतिका एडवरटाईजिंग, राबर्ट्सगंज, सोनभद्र रहीं। इस मेले में विभिन्न पदों पर कम्पनियों द्वारा कुल 67 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। इस अवसर पर जिला पर्यटन अधिकारी राजेश भारती, जिला सूचना अधिकारी विनय सिंह, जिला सेवा योजन अधिकारी, प्रमोद तिवारी, सेवायोजन कार्यालय के रोजगार मेला प्रभारी जितेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, जमील अहमद, प्रदीप सिंह, पवन कुमार सोनकर, यंग प्रोफेशनल श्री सुरेन्द्र प्रजापति, मनोज एवं अशोक उपस्थित रहे।

जनजातीय उत्सव में गूंजा वीरता का स्वर, लोक रंगों से सजा मंच

सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग द्वारा नव निर्माण के नौ वर्ष पर आधारित पुस्तक व फोल्डर का वितरण किया गया

ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण

सोनभद्र। उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार एवं जिला प्रशासन सोनभद्र के संयुक्त तत्वावधान में, संत

कीनाराम स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राबर्ट सगंज के सहयोग से आयोजित तीन दिवसीय जनजातीय उत्सव के दूसरे दिन मंगलवार को लोक परंपराओं की अद्भुत छटा देखने को मिली। कार्यक्रम की शुरूआत वीर रस से ओतप्रोत आल्हा गायन से हुई। अंजनि सिंह एवं दल ने जैसे ही स्वर छेड़ा ह्लबारह बरिस तक कुत्ता जीवे, सोलह बरिस सियार, बरिस अठारह क्षत्रिय जीवे, आगे जीवन बेकार पूरा वातावरण जोश, उत्साह और वीरता की भावना से भर उठा। दर्शक देर तक इस प्रस्तुति में डूबे रहे। इसके पश्चात ह्लास कुमार मारावी द्वारा रीना शैला नृत्य, सोना राम एवं दल द्वारा गरदबाजा नृत्य, राम आधार एवं दल द्वारा करमा नृत्य, तेजकरण एवं दल द्वारा चकरी व कालबेलिया नृत्य तथा लिखीराम रुवे द्वारा गुदुम्बाजा नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियों ने जनजातीय संस्कृति की विविधता को सजीव कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राधिका पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि प्रमीला जायसवाल, जिला मंत्री, भाजपा द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. गोपाल सिंह, प्रधानाचार्य, संत कीनाराम महाविद्यालय, रॉबर्ट्सगंज, सोनभद्र रहे, जबकि कार्यक्रम की सम्पूर्ण परिकल्पना केंद्र निदेशक सुदेश शर्मा द्वारा की गई। सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग द्वारा नव निर्माण के नौ वर्ष पर आधारित पुस्तक व फोल्डर का वितरण किया गया।

इस अवसर पर विनय सिंह (सूचना अधिकारी) राजेश भारती (सहायक पर्यटन अधिकारी), पुष्पा सिंह (महिला मोर्चा भाजपा), राजेश कुमार मिश्रा, विनोद कुमार एवं कार्यक्रम समन्वयक मनोज कुमार सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

खेत में लगा खुला ट्रांसफार्मर दुर्घटना को दे रहा दावत, विभाग बना मौन

समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता

सोनभद्र। चोपन थाना क्षेत्र के पटवध-कुरुहुल पश्चिम टोला में सुनील पाठक घर के समीप खेत में 100 केबीए का खुला विद्युत ट्रांसफार्मर लगा रखने से हमेशा दुर्घटना की सम्भावना बनी रहती है।इस संबंध में बस्ती के ग्रामीणों ने सम्बंधित विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों से खुला ट्रांसफार्मर को फाउंडेशन

बनाकर तार का घेराबंदी करने के सम्बंध में दर्जनों बार अवगत करवाया जा चुका है बावजूद इसके आज तक सुरक्षा की दृष्टिकोण से कोई पहल नहीं किया गया है। जिससे पशु-पक्षियों समेत आम जनमानस के लिए हमेशा दुर्घटना की सम्भावना बनी रहती है। इस सम्बंध में अनिल पाठक, जितेंद्र तिवारी, प्रमोद साहनी, रामविलास गुप्ता, देवेंद्र दत्त इत्यादि ग्रामीणों ने सम्बंधित विभागीय उच्चाधिकारियों से सुरक्षा की दृष्टिकोण उचित कार्यवाही कराने की मांग किया है जो जनहित में होगा।

भेष बदलकर भगवान भोलेनाथ ने किए बालक राम के दर्शन , भजनों पर झूमे भक्त

समाज जागरण ब्यूरो

सोनभद्र/बीजपुर। स्थानीय दुधहिया देवी मंदिर प्रांगण में आयोजित नौ दिवसीय संगीतमयी श्रीराम कथा के पांचवें दिन सोमवार को श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। सुप्रसिद्ध कथा व्यास श्रीराम मोहन दास रामायणी ने प्रभु श्री राम की मनमोहक बाल लीलाओं का वर्णन कर भक्तों को भावविभोर कर दिया।कथा के दौरान व्यास जी ने उस प्रसंग का जीवंत वर्णन किया जब भगवान भोलेनाथ बालक राम के दर्शन की लालसा में भेष बदलकर अयोध्या पहुंचे थे। कथा के बीच जब लाला की सुन कर मैं आयी कौशल्या मैया दे दो बधाई और मेरी झोपड़ी में राम आए हैं जैसे भजनों की प्रस्तुति हुई तो पूरा पंडाल तालियों की गूँजऔर जयकारों से सराबोर हो गया। श्रद्धालु भक्ति भाव में डूबकर नृत्य करने लगे। आध्यात्मिक अनुष्ठान के क्रम में कथा के पश्चात पंडाल में नौ कन्याओं का विधि-विधान से पूजन किया गया।इसके उपरांत सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया और उपस्थित भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण हुआ। इस अवसर पर बेड़िया हनुमान मंदिर के महंत मदन गोपाल दास ने उपस्थित जनसमूह को अपना आशीर्वाद दिया।उन्होंने संदेश देते हुए कहा श्रीराम कथा केवल श्रवण का माध्यम नहीं है बल्कि यह जीवन की पाठशाला है।हमें भगवान राम के आदर्शों और उनके चरित्र को अपने वास्तविक जीवन में उतारना चाहिए तभी ऐसी कथाओं की सार्थकता है। इस दौरान क्षेत्र के गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में महिला व पुरुष श्रद्धालु उपस्थित रहे।

पुलिस अधीक्षक ने Zero Fatality District (ZFD) अभियान के अंतर्गत क्रिटिकल कॉरिडोर टीमों की समीक्षा

समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरि

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के नेतृत्व में Zero Fatality District (ZFD) अभियान के तहत जनपद में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से गठित क्रिटिकल कॉरिडोर (CC) टीमों की विस्तृत समीक्षा की गई।

समीक्षा बैठक के दौरान रॉबर्ट्सगंज, चोपन, घोरावल एवं बभनी थाना क्षेत्रों में कार्यरत टीमों द्वारा सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत किए जा रहे कार्यों, प्रवर्तन कार्रवाई तथा जागरूकता अभियानों का बारीकी से मूल्यांकन किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी टीम प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि अपने-अपने क्षेत्र के चिन्हित क्रिटिकल कॉरिडोर पर निरंतर सतर्कता बनाए रखते हुए दुर्घटना संभावित कारणों पर विशेष फोकस करें तथा प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करें।

विशेष रूप से निम्न बिंदुओं पर कड़ाई से कार्यवाही के निर्देश दिए गए– बिना हेलमेट एवं बिना सीट बेल्ट वाहन चलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई ओवरलोडिंग एवं ओवरस्पीडिंग पर प्रभावी नियंत्रण

गलत दिशा में वाहन संचालन (Wrong Side Driving) पर रोक वाहन चलाते समय मोबाइल फोन के प्रयोग पर सख्त प्रतिबंध सड़क किनारे अवैध पार्किंग/अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान इसके अतिरिक्त, सभी सड़क दुर्घटनाओं से संबंधित मामलों का IRAD/eDAR पोर्टल पर समयबद्ध एवं शत-प्रतिशत डाटा फीडिंग सुनिश्चित करने, दुर्घटनाओं के मूल कारणों का वैज्ञानिक विश्लेषण कर सुधारात्मक उपाय लागू करने तथा चिन्हित ब्लैक स्पॉट एवं दुर्घटना संभावित स्थलों का नियमित निरीक्षण कर आवश्यक इंजीनियरिंग एवं प्रवर्तन उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

पुलिस अधीक्षक ने यह भी निर्देशित किया कि प्रवर्तन के साथ-साथ आमजन को जागरूक करने हेतु नियमित सड़क सुरक्षा अभियान चलाए जाएं, जिससे जनसहभागिता बढ़े और दुर्घटनाओं में प्रभावी कमी लाई जा सके। जनपद पुलिस द्वारा Zero Fatality District (ZFD) अभियान के अंतर्गत सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने, जनमानस की सुरक्षा सुनिश्चित करने एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था स्थापित करने हेतु निरंतर प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक(मुख्यालय)अनिल कुमार, क्षेत्राधिकारी यातायात डॉ. चारू द्विवेदी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

डाला नपं अध्यक्षा ने किया अष्टकोणीय पोल व एलईडी लाइट का शिलान्यास

समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरि

डाला/ सोनभद्र। नगर पंचायत डाला बाजार में मंगलवार को अध्यक्षा फुलवन्ती कुमारी व ई.ओ के नेतृत्व में पंडित दीनदयाल आदर्श पंचायत योजना के अंतर्गत नगर के प्रमुख क्षेत्रों में अष्टकोणीय पोल के साथ आधुनिक एलईडी लाइट लगाने के कार्य की आधारशिला रखी गई।यह लाइटिंग कार्य

हाईवे मस्जिद से लेकर शहीद स्थल तक और वार्ड नंबर 8 में लक्ष्मण नगर बॉर्डर पुलिया से गणेश पांडेय के पीछे नगर पंचायत बॉर्डर तक कराया जाएगा। इस अवसर पर अध्यक्षा फुलवन्ती कुमारी जी ने कहा कि नगर का सर्वांगीण विकास और जनता को बेहतर सुविधाएं देना ही उनकी प्राथमिकता है। इस आधुनिक प्रकाश व्यवस्था से नगर की सुंदरता बढ़ेगी और राहगीरों को आवागमन में सुरक्षा व सुविधा मिलेगी। इस मौके पर सभासद अवनीश पाण्डेय, आशा देवी, नितेश कुमार, ऋषि कुमार यदि लोग उपस्थित रहे।

नवरात्रि के मद्देनजर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 5 लोग शांति भंग में गिरफ्तार

समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरि

सोनभद्र। चैत्र नवरात्रि को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से कोन थाना पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए विभिन्न प्रकरणों में 5 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई उच्चाधिकारियों के निर्देशन में की गई।

थाना प्रभारी संजीव कुमार सिंह के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत सभी आरोपियों को बीएनएसएस की धारा 170/ 126/ 135 के तहत गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों को उपजिला मजिस्ट्रेट ओबरा न्यायालय में पेशी हेतु भेज दिया गया है।

गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों में नन्दलाल जायसवाल (55 वर्ष) एवं उनके पुत्र प्रिंस कुमार (18 वर्ष) निवासी लौकवाखांडी, चन्दन (19 वर्ष) निवासी बड़ाप कचनवा, ओमप्रकाश (26 वर्ष) निवासी लौक वाखांडी तथा भोलानाथ उरांव (55 वर्ष) निवासी बागेसोती शामिल हैं। पुलिस का कहना है कि नवरात्रि के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

मुंसिफ कोर्ट में पार्किंग की सुविधा होगी मुहैया: बार अध्यक्ष कुलभूषण पांडेय

समाज जागरण ब्यूरो

सोनभद्र/दुद्धी। मुंसिफ कोर्ट परिसर में साफ सफाई को लेकर दुद्धी बार की नई कार्यकारिणी काफी सक्रिय नजर आ रही है। दुद्धी बार अध्यक्ष कुलभूषण पांडेय ने बताया कि नगर पंचायत दुद्धी के सहयोग से मुंसिफ कोर्ट परिसर में जेसीबी मशीन से कचरा व झाड़ियों को साफ-सफाई कराकर पार्किंग स्थल बनवाया जा रहा है। ताकि कचहरी परिसर में पार्किंग की सुविधा व्यवस्थित रहे और बेतरतीब खड़े हो रहे कार, बाईक इत्यादि को सुव्यवस्थित ढंग से पार्क/खड़ा किया जा सके। आये दिन अधिवक्ता एवं वादकारी अपने वाहनों को इधर उधर खड़ा करते हैं, जिससे व्यवधान उत्पन्न होता है। इसी बीच उच्च न्यायाधिकारियों के लगातार के निरीक्षण के दौरान इन सभी बातों से उन्हें अवगत कराया गया था। जिसके क्रम में जिला जज के निर्देश के बाद न्यायालय में कायाकल्प के तहत अन्य सुविधाएं की बहाल की जा रही हैं। कार्य की मॉनिटरिंग दुद्धी बार सचिव दिनेश गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष कैलाश गुप्ता एवं अन्य वरिष्ठ अधिवक्ताओं द्वारा की जा रही है।

थाना रामपुर बरकोनिया पुलिस की कार्यवाही, 26 मुकदमों में बरामद 209 लीटर कच्ची शराब की गयी नष्ट

समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरि

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक जनपद सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन मे व अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार के मार्गदर्शन में तथा क्षेत्राधिकारी सदर राज सोनकर के पर्यवेक्षण में थाना रामपुर बरकोनिया पर

रखे वर्ष 2025 के आबकारी अधिनियम से संबंधित माल मुकदमात का निस्तारण किया गया। उक्त क्रम में कुल 26 मुकदमों में बरामद अवैध कच्ची शराब लगभग 209 लीटर को न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट, जनपद सोनभद्र के आदेश के अनुपालन में नायब तहसीलदार (मजिस्ट्रेट), तथा प्रभारी निरीक्षक थाना रामपुर बरकोनिया की उपस्थिति में नियमानुसार विनष्ट कराया गया।

किन फलों को छीलकर खाएं और किन्हें बिना छिलकों के

फल खाते और काटते वक्त कई बार समझ नहीं आता कि छिलका हटाकर फल को खाएं या इसे छिलका के साथ ही खा लें. आजकल मिलावट और कैमिकल्स की वजह से ज्यादातर लोग फलों के छिलके हटाकर खाते हैं. जानिए किन फलों को छिलकों के साथ और बिना छिलकों के खाया जा सकता है.

फलों के बिना हमारा भोजन संपूर्ण नहीं है. दालों और अनाज के साथ-साथ फलों को डाइट में शामिल करना बेहद जरूरी है. बता दें कि फलों में तमाम विटामिन, मिनरल और फाइबर समेत पोषक तत्व होते है. ये सारे तत्व हमारे हमारे शरीर के विकास के लिए जरूरी हैं. लेकिन फल को खाते समय समझ नहीं आता कि किसके छिलके उतारकर खाएं और किसके नहीं. मिलावट और केमिकल के चलते लोग फलों के छिलके उतारकर खाते हैं.

अपोलो हॉस्पिटल में चीफ न्यूट्रिशिनिस्ट डॉ. प्रियंको रोहतगी के कहती हैं कि फलों को अच्छी तरह से धोकर छिलके के साथ खाना सेफ माना जाता है. इससे जरूरी फाइबर और विटामिन मिलते हैं. सेब, चीकू और अंगूर को छिलकों के साथ ही खाया जाता है. हालांकि, कुछ लोग अपने पाचन तंत्र को ध्यान में रखकर फल छिलके उतार कर ही खाते हैं.

किन फल को छिलकों के साथ खाएं

डॉ. प्रियंको रोहतगी कहती हैं कि फलों को छिलकों के साथ खाने में कोई रिस्क नहीं है लेकिन इन्हें पहले अच्छी तरह से धो लें. ताकि हानिकारक केमिकल्स निकल जाएं. जानिए किन फलों को छिलकों के साथ खाया जा सकता है.

सेब

आपको बता दें कि सेब के छिलके में एंटीऑक्सीडेंट और फाइबर भरपूर मात्रा में पाया जाता है. ऐसे में इसे अच्छी तरह धोकर छिलकों के साथ ही खाना चाहिए.

आलू बुखारा

सुर्ख लाल रंग का दिखने वाला आलू बुखारा खाने में खट्टा और मीठा लगता है. इस फल को भी छिलकों के साथ खाया जाना चाहिए.

नाशपाती

नाशपाती को छीलकर खाएंगे तो इसके पोषक तत्व कम हो जाएंगे. इसलिए इसे धोने के बाद छिलकों के समेत ही खाना चाहिए.

चीकू

चीकू के छिलके में विटामिन सी, एंटीऑक्सीडेंट, पोटेशियम और आयरन होता है. आपकी स्किन को हेल्दी रखने और आंत को स्वास्थ्य रखने में मदद करता है.

इन फलों को छिलके उतार कर खाएं

तरबूज

तरबूज का छिलका बहुत सख्त और मोटा होता है. इसे खाना भी आसान नहीं है. इसलिए तरबूज को आप छिलकों को उतारकर ही खाएं.

कीवी

कुछ लोग कीवी को भी छिलकों के साथ ही खाना पसंद करते हैं. लेकिन अगर आपको इसके छिलके से परेशानी है तो इसे छीलकर ही खाएं.

संतरा

संतरा का छिलका विटामिन सी, विटामिन बी 6, कैल्शियम और राइबोफ्लेविन से भरपूर होता है. हालांकि, जब इसे खाया जाए तो ये स्वाद में कड़वा लगता है.



रोजाना दो कीवी का सेवन हर साल बचा सकता है आपके हजारों रुपये, सेहत के लिए ये बहुत लाभकारी

अध्ययनों से स्पष्ट होता है कि अगर आहार में ही सुधार कर लिया जाए तो कई प्रकार की बीमारियों के खतरे को कम किया जा सकता है। आहार में गड़बड़ी को शारीरिक और मानसिक दोनों प्रकार की सेहत के लिए गंभीर दुष्प्रभावों वाला माना जाता है। प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ाने से लेकर पाचन को ठीक रखने, त्वचा और मेटाबॉलिज्म को सुधारने के लिए नियमित रूप से कीवी का सेवन करना आपके लिए फायदेमंद हो सकता है।

कई गंभीर बीमारियों के जोखिमों से बचाने में भी कीवी खाने को फायदेमंद पाया गया है। यानी अगर आप नियमित रूप से कीवी का सेवन करते हैं तो आप हर माह बीमारियों पर होने वाले खर्च को कम कर सकते हैं।

कीवी लो कैलोरी वाले फल के साथ फाइबर से भरपूर होता है। इसमें प्रोटीन पाचन एंजाइम और विटामिन-सी होता है, जिसका अर्थ है कि यह प्रभावी रूप से वजन घटाने और प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूती देने में आपके लिए विशेष लाभकारी है। यदि आप अपने हृदय और पाचन स्वास्थ्य में सुधार करना चाहते हैं तो रोजाना एक-दो कीवी खाना बेहतर विकल्प हो सकता है।

प्रतिरक्षा को मजबूत करती हैं कीवी

कीवी में विटामिन-सी की अधिकता होती है, 100-ग्राम कीवी से दैनिक विटामिन सी का 80त्न तक प्राप्त किया जा सकता है। विटामिन-सी शरीर में एक शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट के रूप में कार्य करता है और कोशिकाओं को ऑक्सीडेटिव डैमेज से बचाता है। प्रतिरक्षा प्रणाली के मजबूत होने से कई प्रकार के संक्रामक रोगों का खतरा कम होता है, इसलिए रोजाना कीवी का सेवन आपके लिए बहुत लाभकारी है।

पोटेशियम का अच्छा स्रोत है कावी

हृदय, किडनी, मांसपेशियों और तंत्रिकाओं को ठीक से काम करने के लिए पोटेशियम की आवश्यकता होती है। एक कीवी में 215 मिलीग्राम तक पोटेशियम होता है, ऐसे में कीवी का सेवन करना आपके रक्तचाप और तंत्रिकाओं के लिए लाभकारी है। आहार के माध्यम से पोटेशियम की पूर्ति करना उच्च रक्तचाप और स्ट्रोक जैसी हृदय संबंधी समस्याओं को कम करने, किडनी की पथरी और ऑस्टियोपोरोसिस जैसी समस्याओं से बचाने में आपके लिए फायदेमंद है।

ब्लड क्लॉटिंग होती है कम

नसों में रक्त का थक्का जमना हृदय और मस्तिष्क में रक्त के संचार को बाधित कर सकता है, जिससे हार्ट अटैक और स्ट्रोक का खतरा हो सकता है। कीवी, रक्त में वसा के स्तर को कम करके रक्त के थक्के को जमने से बचा सकती है। प्रतिदिन दो से तीन कीवी फल खाने से रक्त को पतला करने और समय के साथ हृदय स्वास्थ्य को बढ़ाने में मदद मिल सकती है। स्ट्रोक के खतरे को कम करने में भी इसके लाभ हैं।

पाचन स्वास्थ्य में मिलता है लाभ

कीवी में अघुलनशील और घुलनशील दोनों प्रकार के फाइबर होते हैं। अध्ययनों से पता चलता है कि कीवी में लगभग एक-तिहाई घुलनशील और दो-तिहाई अघुलनशील फाइबर होता है। फाइबर, रक्त शर्करा के स्तर को ठीक रखने के साथ, हृदय और पाचन स्वास्थ्य को लाभ पहुंचा सकता है। फाइबर का सेवन करना आपके संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है।

टीबी उन्मूलन की दिशा में ऐतिहासिक कदम: जिले के 7 पंचायत घोषित 'टीबी मुक्त'

- विश्व टीबी दिवस पर जिला पदाधिकारी ने किया सम्मान, 100 दिवसीय विशेष अभियान का शुभारंभ
- सुदृढ़ जांच, निःशुल्क इलाज और जनभागीदारी से मिली बड़ी सफलता

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।

स्वास्थ्य के क्षेत्र में जागरूकता और सामूहिक प्रयास का सकारात्मक परिणाम सामने आया है। विश्व टीबी दिवस के अवसर पर किशनगंज जिले ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए सात पंचायतों को टीबी मुक्त पंचायत घोषित किया है। यह उपलब्धि न केवल जिले के लिए गर्व का विषय है, बल्कि यह दशार्ती है कि सुनियोजित प्रयास और सामुदायिक सहभागिता से गंभीर बीमारियों पर भी प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है।

इस अवसर पर जिला यक्ष्मा केंद्र, किशनगंज में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें जिला पदाधिकारी श्री विशाल राज, कोचाधामन विधायक श्री सरवर आलम, जिला परिषद अध्यक्ष, रेड क्रॉस सोसाइटी के प्रतिनिधि आभाष कुमार साहा सहित कई वरीय अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत 100 दिवसीय विशेष अभियान (100 डेज कैंपेन) का शुभारंभ केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री के लाइव प्रसारण के माध्यम से किया गया।

जिला यक्ष्मा नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. मंजर आलम ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य अगले 100 दिनों में अधिक से अधिक संभावित टीबी मरीजों की पहचान, उनकी जांच और उपचार सुनिश्चित करना है। इसके लिए घर-घर स्क्रीनिंग, सघन जांच और व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे।

7 पंचायतों को मिला टीबी मुक्त का दर्जा

कार्यक्रम के दौरान जिले के सात पंचायतों–पोठिया प्रखंड के कोलथा, ठाकुरगंज प्रखंड के पटेशरी एवं तातपौवा, दिघलबैंक प्रखंड के धनगरा, कोचाधामन प्रखंड के डेरामारी, टेढ़ागाछ प्रखंड के बेगना तथा किशनगंज प्रखंड के हालामाला–को टीबी मुक्त पंचायत घोषित किया गया। इन पंचायतों में पिछले एक वर्ष के दौरान टीबी के नए मामलों में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है तथा सभी चिन्हित मरीजों का सफलतापूर्वक उपचार पूरा कराया गया है।

जनभागीदारी से मिली सफलता

जिला पदाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि यह उपलब्धि स्वास्थ्य विभाग, जनप्रतिनिधियों और आम जनता के संयुक्त प्रयास का परिणाम है। उन्होंने कहा कि टीबी पूरी तरह से इलाज योग्य बीमारी है। समय पर जांच और उपचार से इसे पूरी तरह समाप्त किया जा सकता है। यदि किसी व्यक्ति को दो सप्ताह से अधिक खांसी, बुखार या वजन में कमी जैसे लक्षण दिखाई दें, तो तुरंत जांच करानी चाहिए।

सुदृढ़ स्वास्थ्य व्यवस्था और रणनीति

जिले में टीबी उन्मूलन के लिए बहुस्तरीय रणनीति अपनाई गई है। आशा कार्यकर्ता, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (CHO) और अन्य स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा घर-घर जाकर संभावित मरीजों की पहचान की जा रही है। संदिग्ध मरीजों की तत्काल जांच कर उन्हें निःशुल्क दवा उपलब्ध कराई जा रही है तथा नियमित फॉलो-अप से उपचार पूरा कराना सुनिश्चित किया जा रहा है।

निक्षय योजना से मिल रही पोषण सहायता

टीबी मरीजों को निक्षय योजना के तहत प्रति माह 1000 रुपये की पोषण सहायता सीधे उनके बैंक खाते में दी जा रही है। इसके साथ ही जिले में टीबी की जांच और उपचार पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध है, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को बड़ी राहत मिल रही है

आधुनिक तकनीक का उपयोग

जिले में 7 ट्रू-नैट मशीन एवं 1 सीबीएनएएटी मशीन के माध्यम से त्वरित जांच की जा रही है। इसके अलावा, सदर अस्पताल में 3 अल्ट्रा पोर्टेबल हैंडहेल्ड एक्स-रे मशीनों की सुविधा शुरू की गई है, जिससे दूरस्थ क्षेत्रों में भी मरीजों की शीघ्र पहचान संभव हो रही है।

उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों का सम्मान

सिविल सर्जन डॉ. राज कुमार चौधरी ने बताया कि टीबी उन्मूलन में उत्कृष्ट योगदान देने वाले स्वास्थ्य कर्मियों को भी इस अवसर पर सम्मानित किया गया। इनमें विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों के बीएचएम, लैब टेक्नीशियन और अन्य कर्मी शामिल हैं, जिनकी मेहनत से यह सफलता संभव हो पाई है।

टीबी मुक्त समाज की ओर बढ़ता किशनगंज

कोचाधामन विधायक श्री सरवर आलम ने कहा कि यह उपलब्धि जिले के लिए प्रेरणादायक है और आने वाले समय में सभी पंचायतों को टीबी मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने विश्वास जताया कि जनभागीदारी और सरकारी प्रयासों के संयुक्त बल से टीबी मुक्त भारत का सपना अवश्य साकार होगा।

पटना में अवैध गैस भंडारण का भंडाफोड़

32 सिलेंडर जब्त, मकान मालिक फरार

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश

पटना/ राजधानी के पटना सिटी इलाके में प्रशासन ने अवैध एलपीजी भंडारण के खिलाफ एक बड़ी स्ट्राइक की है। पूर्वी नंदगोला स्थित एक मकान में चल रहे काले खेल का पदार्फाश करते हुए संयुक्त टीम ने भारी मात्रा में गैस सिलेंडर बरामद किए हैं। छापेमारी की भनक लगते ही मुख्य आरोपी मकान मालिक मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही है। प्रशासन को सूचना मिली थी कि घनी आबादी वाले इलाके में सुरक्षा मानकों को ताक पर रखकर गैस सिलेंडरों का अवैध स्टॉक जमा किया जा रहा है। जिलाधिकारी के निर्देश पर मालसलामी थाना पुलिस, अनुमंडल आपूर्ति पदाधिकारी और प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी की एक संयुक्त टीम गठित की गई। टीम ने जब चिह्नित मकान पर धावा बोला, तो वहां का नजारा देख अधिकारी भी दंग रह गए। मौके से बिना किसी शुरक्षा मानक या अनुमति के अवैध रूप से रखे गए कुल 32 गैस सिलेंडर बरामद हुई है। अधिकारियों के अनुसार, इस तरह का अवैध भंडारण एक 'टाइम बम' की तरह है, जिससे पूरे मोहल्ले की सुरक्षा खतरे में थी। मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। छापेमारी के साथ-साथ प्रशासन ने बाजार में फैल रही गैस किल्लत की अफवाहों पर भी कड़ा प्रहार किया है। सोशल मीडिया पर चल रही उन खबरों को पूरी तरह भ्रामक बताया गया है, जिनमें मध्य-पूर्व (मिडल ईस्ट) के तनाव के कारण आपूर्ति प्रभावित होने का दावा किया जा रहा था। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि राज्य में घरेलू गैस का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है। कृत्रिम किल्लत पैदा करने वालों पर कड़ी नजर है। अनावश्यक बुकिंग रोकने के लिए OTP (वन टाइम पासवर्ड) सिस्टम अनिवार्य कर दिया गया है।यह कार्रवाई केवल पटना तक सीमित नहीं है। बिहार पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर अररिया, सहरसा, बेगूसराय और गोपालगंज सहित 7 जिलों में छापेमारी जारी है। अब तक कुल 400 से अधिक सिलेंडर जब्त किए जा चुके हैं और 21 से ज्यादा गिरफ्तारियां हुई हैं। प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत हेल्पलाइन नंबर 0612-2219810 पर दें। आपकी एक सूचना बड़ी दुर्घटना को टाल सकती है।

पालीगंज में किसान की बेटी ने रचा इतिहास

अंशु कुमारी बनीं इंटर स्कूल टॉपर, भूगोल में गाड़े झंडे

समाज जागरण

पटना/ प्रतिभा संसाधनों की मोहताज नहीं होती, इसे एक बार फिर सच कर दिखाया है पालीगंज (टोला बिगहा) की बेटी अंशु कुमारी ने। साधारण किसान परिवार से आने वाली अंशु ने 10+2 राजकीयकृत महावीर उच्च विद्यालय, झुनाठी में 412 अंक हासिल कर इंटर आर्ट्स में पूरे स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उनकी इस ऐतिहासिक सफलता से न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है।अंशु की सफलता की सबसे बड़ी खासियत उनका संतुलित प्रदर्शन रहा। उन्होंने भूगोल में 100 में से 93 अंक प्राप्त कर सबको चौंका दिया। इसके अलावा गृह विज्ञान और संस्कृत में 89-89, हिंदी में 71 और राजनीति विज्ञान में 70 अंक हासिल किए। शिक्षकों का कहना है कि पढ़ाई के प्रति अंशु का समर्पण शुरू से ही प्रेरणादायक रहा है। अंशु के पिता बलिराम सिंह यादव एक शिक्षक हैं और माता अनीता देवी गृहिणी हैं। अपने भाई आनंद सिंह यादव (समाजसेवी) और माता-पिता के प्रोत्साहन से अंशु ने यह मुकाम पाया है। परिवार की सबसे छोटी संतान होने के नाते उन पर सबका स्नेह था, लेकिन अपनी मेहनत से उन्होंने पूरे स्कूल का मान बढ़ा दिया। पिता बलिराम का कहना है कि हमें उम्मीद तो थी कि बेटी अच्छा करेगी, लेकिन स्कूल टॉपर बनकर उसने हमारी उम्मीदों से कहीं ज्यादा खुशियां दी हैं। अंशु की यह उपलब्धि बताती है कि यदि इरादे मजबूत हों, तो ग्रामीण परिवेश से निकलकर भी सफलता के शिखर को छुआ जा सकता है।

पटना में बाइक सवार बदमाशों का तांडव

महिला अधिकारी से सोने की चेन और हीरा लूट फरार

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश

पटना/ राजधानी के पॉश इलाके कदमकुआं में बाइक सवार अपराधियों ने दिनदहाड़े दुस्साहस का परिचय देते हुए एक महिला अधिकारी को अपना निशाना बनाया। हेलमेट पहनकर आए दो बदमाशों ने बिजली विभाग में कार्यरत आईटी मैनेजर सुष्मिता से सोने की चेन और हीरे का लॉकेट झपट लिया और तेज रफ्तार में ओझल हो गए। इस घटना ने एक बार फिर शहर की चाक-चौबंद सुरक्षा के दावों की पोल खोल दी है।पीड़िता सुष्मिता, जो आलमगंज के बजरंगपुर की निवासी हैं, अपने कार्यालय का काम निपटाकर लौट रही थीं। इसी दौरान घात लगाए बैठे अपराधियों ने उनका पीछा करना शुरू किया। सुनसान मौका देख बदमाशों ने उनके गले पर झपट्टा मारा और करीब 9 ग्राम सोने की चेन व कीमती हीरे का लॉकेट छीन लिया। शोर मचाने और स्थानीय लोगों द्वारा पीछा करने के बावजूद, अपराधी अपनी तेज रफ्तार बाइक की बदौलत गलियों में गायब हो गए। कदमकुआं थाना पुलिस ने अज्ञात अपराधियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है। पुलिस अब घटनास्थल और भागने के रास्तों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है। हालांकि, अपराधियों के हेलमेट पहने होने के कारण उनकी पहचान करना पुलिस के लिए एक बड़ी चुनौती बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कदमकुआं और आसपास के इलाकों में मोबाइल और चेन छिनतई की घटनाएं आम हो गई हैं। लोगों ने पुलिस गश्त बढ़ाने और अपराधियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की है।पुलिस अधिकारियों का दावा है कि हुलिए और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जल्द ही गिरोह का पदार्फाश कर दिया जाएगा।

बिहार दिवस के दूसरे दिन पटना में रहा गुलजार

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश



पटना/ बिहार के 114वें स्थापना दिवस समारोह के दूसरे दिन बॉलीवुड के पार्श्व गायक शान ने अपनी ऊजार्वान प्रस्तुति से गांधी मैदान में मौजूद हजारों दर्शकों का दिल जीत लिया। उन्होंने अपने सुपरहिट गाने ह्यमैं हूँ डॉनह्न से धमाकेदार शुरूआत की, जिसके बाद ह्यचांद सिफारिशह्न जैसे रूमानी गीतों ने फिजा में चाशनी घोल दी। शान की हर धुन पर युवा और बुजुर्ग समान रूप से झूमते नजर आए। श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में भरतनाट्यम

जहाँ एक ओर गांधी मैदान आधुनिक संगीत से गुलजार है, वहीं श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में शास्त्रीय नृत्य की अविरल धारा बह रही है। डॉ. एन. विजायलक्ष्मी द्वारा प्रस्तुत भरतनाट्यम ने दर्शकों को दक्षिण भारतीय संस्कृति और परंपरा से रूबरू कराया। उनकी सधी हुई मुद्राओं और भाव-भंगिमाओं ने कला प्रेमियों को सम्मोहित कर लिया। महोत्सव के दौरान विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार ने भी गांधी मैदान पहुंचकर इन प्रदर्शनियों का जायजा लिया। उन्होंने विशेष रूप से आपदा प्रबंधन विभाग के स्टॉल का बारीकी से निरीक्षण किया और कहा की मेरे पिता (मुख्यमंत्री) ने आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में क्रांतिकारी कार्य किए हैं। आम जनता को इन स्टॉलों पर आकर सरकार की योजनाओं को जरूर समझना चाहिए। यह तीन दिवसीय उत्सव न केवल बिहार की सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक बना, बल्कि राज्य की विकास यात्रा की एक सजीव झांकी के रूप में भी उभरा है।

शिशु ज्ञान सरोवर सरौनी में वार्षिक परीक्षा का दिया गया रिजल्ट।

मिंटू कुमार समाज जागरण हजारीबाग।

शिशु ज्ञान सरोवर सरौनी ,सदर प्रखंड हजारीबाग में वार्षिक परीक्षा का रिजल्ट दी गई । बच्चे अभिभावक के साथ विद्यालय आए और अपना प्रोग्रेस रिपोर्ट कार्ड प्राप्त किया । इसी विद्यालय के कुछ सीनियर क्लास के बच्चे भी अपने

छोटे भाई बहन के लिए रिजल्ट रिसीव करने आए । कक्षा नर्सरी से लेकर सातवीं तक के बच्चों को वार्षिक परीक्षा फल देते हुए विद्यालय के संस्थापक प्रभु दयाल कुशवाहा ने कहा रिजल्ट पाकर बच्चे खुशी खुशी घर गए । विद्यालय का रिजल्ट सत प्रतिशत रहा । नर्सरी क्लास से लेकर आठवीं क्लास तक के बच्चों का नामांकन चल रहा है।नए सत्र 2026- 27 के लिए शिक्षकों और अभिभावकों के साथ कार्य योजना बनाई गई ताकि नए सत्र में और अधिक बेहतर प्रदर्शन किया जा सके । बच्चों की प्रतिभा को निखारने के लिए योजना तरीके से कार्य करने का संकल्प लिया गया।

टीबी मुक्त अभियान में पंचायतों की अहम भूमिका,कुकड़ू प्रखंड के तिरुलडीह और लेटेमदा के मुखिया बने मिसाल

दैनिक समाज जागरण, संवाददाता

सरायकेलाः जिले में टीबी उन्मूलन को लेकर चल रहे अभियान में अब पंचायत स्तर पर भी सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहे हैं। विश्व क्षय दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में ऐसे जनप्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने जमीनी स्तर पर काम कर लोगों को जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

कुकड़ू प्रखंड के तिरुलडीह पंचायत के मुखिया सुधीर सिंह मुंडा (रामबालक) और लेटेमदा पंचायत के मुखिया भवानी सिंह मुंडा को उनके उत्कृष्ट प्रयासों के लिए जिला प्रशासन ने सम्मानित किया।

जिला उपायुक्त नीतीश कुमार सिंह ने दोनों प्रतिनिधियों को प्रशस्ति पत्र, शॉल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम जिला मुख्यालय स्थित उपायुक्त कार्यालय में आयोजित किया गया, जहां स्वास्थ्य विभाग के कई अधिकारी भी मौजूद रहे।

इस दौरान सिविल सर्जन डॉ. सरयू प्रसाद सिंह और ईचागढ़ सीएचसी प्रभारी डॉ. हरेंद्र सिंह मुंडा सहित अन्य अधिकारियों ने बताया कि टीबी के खिलाफ लड़ाई में पंचायत प्रतिनिधियों की भागीदारी बेहद प्रभावी साबित हो रही है।

उन्होंने कहा कि जब जनप्रतिनिधि खुद आगे आकर लोगों को जागरूक करते हैं, तो अभियान को गति मिलती है और समाज में इसका व्यापक असर देखने को मिलता है।

पशिचम बंगाल सीमा से सटे इलाकों में अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

समाज जागरण, संवाददाता

सरायकेलाझखरसावाँ जिले में अवैध चुलाई शराब के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए संयुक्त छापामारी अभियान चलाया। इस कार्रवाई में तीन अवैध शराब निर्माण अड्डों का भंडाफोड़ किया गया, जबकि बड़ी मात्रा में जावा महुआ को नष्ट कर दिया गया।

उपायुक्त सरायकेलाझखरसावाँ एवं उत्पाद अधीक्षक के निर्देश पर, आगामी पशिचम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 को देखते हुए यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अवैध शराब निर्माण और तस्करी पर रोक लगाने के उद्देश्य से झारखंड और पश्चिम बंगाल के उत्पाद विभाग की संयुक्त टीम ने यह कार्रवाई की।

मंगलवार को नीमडीह थाना क्षेत्र के लाकड़ी, चातरमा और डोडोडीह जंगलों में छापेमारी की गई। इस दौरान कुल तीन अवैध शराब अड्डों का उद्भेदन हुआ। मौके पर लगभग 1100 किलोग्राम जावा महुआ को नष्ट किया गया, जबकि 50 लीटर अवैध चुलाई शराब बरामद की गई। प्रशासन ने संबंधित अड्डा संचालकों के खिलाफ झारखंड उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। उत्पाद अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि अवैध शराब के निर्माण, भंडारण और परिवहन के खिलाफ आगे भी लगातार कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

ईवी सेक्टर को बढ़ावा: टीडीबी-डीएसटी ने स्वचालित बैटरी स्वैपिंग प्रोजेक्ट को दी मंजूरी

दैनिक समाज जागरण,

भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) के अंतर्गत प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड (टीडीबी) ने बेंगलुरु की इन्फिनिटीएक्स इनोवेशन प्राइवेट लिमिटेड के साथ "इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के लिए स्वचालित बैटरी स्वैपिंग स्टेशन" नामक परियोजना हेतु एक करार पर हस्ताक्षर किए हैं। बोर्ड ने एक स्वदेशी बैटरी स्वैपिंग इकोसिस्टम के व्यावसायीकरण और विस्तार के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की है।

सहायता प्राप्त यह परियोजना स्वचालित और आईओटी समर्थित बैटरी स्वैपिंग स्टेशनों को विकसित करने और तैनात करने पर केंद्रित है, जिन्हें इलेक्ट्रिक मोबिलिटी ऑपरेशंस की दक्षता को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाने के लिए डिजाइन किया गया है। यह तकनीक 40 सेकंड से भी कम समय में पूरी तरह से बैटरी बदलने में सक्षम बनाती है, जो इलेक्ट्रिक वाहन अपनाने की राह में आने वाली प्रमुख बाधाओं में से एक–चार्जिंग समय–का समाधान करती है, विशेष रूप से वाणिज्यिक बेड़े और लास्ट-माइल डिलीवरी क्षेत्रों के लिए। इन्फिनिटीएक्स इनोवेशन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा विकसित यह साल्यूशन उन्नत बैटरी प्रणालियों को स्वचालित स्वैपिंग बुनियादी ढांचे के साथ एकीकृत करता है, जो विविध भारतीय परिस्थितियों में उच्च तापीय स्थिरता और परिचालन विश्वसनीयता प्रदान करता है। इसकी मॉड्यूलर बैटरी संरचना विभिन्न वाहन प्लेटफार्मों के बीच अनुकूलता सुनिश्चित करती है, जिससे इसके उपयोग में अंतर-संचालनीयता और विस्तार की सुविधा मिलती है। यह प्रणाली उच्च-उपयोग वाले मामलों को ध्यान में रखकर तैयार की गई है, जो इसे विशेष रूप से गिग इकोनॉमी कार्यकताओं और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी की ओर बढ़ रहे फ्लीट ऑपरेटरों के लिए उपयुक्त बनाती है।

वैश्विक दक्षिण के राजदूतों के समक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी क्षमताओं का प्रदर्शन; दक्षिण-दक्षिण सहयोग मजबूत हुआ

वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) और विदेश मंत्रालय, भारत सरकार ने संयुक्त रूप से नई दिल्ली स्थित इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में वैश्विक दक्षिण देशों के राजदूतों एवं उच्चायुक्तों के लिए एक उच्च स्तरीय "क्षमता खोज सत्र" का आयोजन किया। इस सत्र में ओशिनिया, खाड़ी देशों, पश्चिम एशिया, उत्तरी अफ्रीका, मध्य अमेरिका और कैरेबियन देशों के राजनयिकों ने हिस्सा लिया।

इस सत्र का नेतृत्व भारत विदेश मंत्रालय की सचिव (दक्षिण) डॉ. नीना मल्होत्रा तथा सीएसआईआर की महानिदेशक और वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान विभाग (डीएसआईआर) की सचिव डॉ. एन. कलैसेल्वी ने संयुक्त रूप से किया।

इस सत्र का उद्देश्य सतत विकास, जलवायु परिवर्तन, स्वास्थ्य समानता, खाद्य एवं जल सुरक्षा, सुदृढ़ अवसंरचना और समावेशी तकनीकी विकास सहित वैश्विक प्राथमिकताओं के अनुरूप विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार (एसटीआई) के माध्यम से दक्षिण-दक्षिण सहयोग को सुदृढ़ करना है। कार्यक्रम का आयोजन सीएसआईआर के अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मामलों के निदेशालय (आईएसटीएडी) द्वारा किया गया। आईएसटीएडी के प्रमुख डॉ. रामा स्वामी बंसल ने प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया और वैज्ञानिक ज्ञान को व्यावहारिक एवं

किफायती समाधानों में परिवर्तित करने वाली वैश्विक साझेदारियों को बढ़ावा देने के लिए सीएसआईआर की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया।

सीएसआईआर की महानिदेशक और डीएस-ाआईआर की सचिव डॉ. एन. कलैसेल्वी ने सीएसआईआर के अनुसंधान एवं विकास पारिस्थितिकी तंत्र पर प्रकाश डाला, जिसमें स्वास्थ्य सेवा, कृषि, पर्यावरण इंजीनियरिंग, समुद्र विज्ञान, अवसंरचना एवं उन्नत सामग्री जैसे क्षेत्रों में क्रियाशील 37 प्रयोगशालाएं शामिल हैं। उन्होंने प्रौद्योगिकी के सह-विकास एवं तैनाती के लिए कनेक्ट, कोलैबोरेट, कन्वर्ज और कन्वर्ट दृष्टिकोण पर आधारित सीएसआईआर के वैश्विक सहभागिता संरचना पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सीएसआईआर सुलभ, प्रासंगिक, किफायती एवं वैश्विक स्तर पर स्वीकार्य प्रौद्योगिकियों पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। उन्होंने सीएस-ाआईआर और वैश्विक दक्षिण देशों के बीच सहयोग के लिए संयुक्त परियोजनाओं, दोतरफा आवागमन, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण एवं ज्ञान साझाकरण का स्वागत किया।

विदेश मंत्रालय की सचिव (दक्षिण) डॉ. नीना मल्होत्रा ने वैश्विक दक्षिण में साझा विकासात्मक प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाने में विज्ञान कूटनीति की भूमिका पर बल दिया, विशेष रूप से स्वास्थ्य सेवा, जलवायु परिवर्तन से निपटने की क्षमता एवं सतत संसाधन प्रबंधन के क्षेत्र में। उन्होंने वैश्विक दक्षिण के साथ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संबंधों को मजबूत करने में सीएसआईआर की भूमिका एवं क्षमताओं की जानकारी दी।

विषयगत प्रस्तुतियों के दौरान, सीएसआईआर के वैज्ञानिकों ने वैश्विक चुनौतियों से निपटने वाली प्रौद्योगिकियों का प्रदर्शन किया। सीएस-ाआईआर-एनआईआईएसटी के निदेशक डॉ. सी. आनंदरामकृष्णन ने किफायती खाद्य प्रसंस्करण एवं पैकेजिंग समाधान प्रस्तुत किया; सीएसआईआर के विशिष्ट वैज्ञानिक डॉ. राम विश्वकर्मा ने औषधीय अनुसंधान एवं रोगाणुरोधी प्रतिरोध से निपटने के लिए वैश्विक सहयोग की आवश्यकता पर प्रकाश डाला; सीएसआईआर-सीएसएमसीआरआई के उत्कृष्ट वैज्ञानिक डॉ. कन्नन श्रीनिवासन ने विलवणीकरण एवं अपशिष्ट जल पुनर्चक्रण प्रौद्योगिकियों पर प्रस्तुति दी; सीएस-ाआईआर-एनईआरआई के निदेशक डॉ. एस. वेंकट मोहन ने बायोमास मूल्यवर्धन एवं चक्रीय अर्थव्यवस्था के दृष्टिकोणों पर चर्चा की। सीएसआईआर-एनआईओ के निदेशक प्रोफेसर सुनील कुमार सिंह ने सतत समुद्री संसाधन उपयोग और महासागर-जलवायु संबंधों पर प्रकाश डाला जबकि सीएसआ-ईआर-सीआरआरआई के निदेशक डॉ. चालुमुरी रवि शेखर ने कार्बन निर्माण में कमी एवं लचीली अवसंरचना में नवाचारों का प्रदर्शन किया।

अपने समापन भाषण में, डॉ. राम विश्वकर्मा ने भागीदार देशों को वैश्विक दक्षिण में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने एवं सामाजिक चुनौतियों से निपटने के लिए प्रौद्योगिकी-आधारित समाधानों को लागू करने में सीएसआईआर के साथ सहयोग करने के लिए आमंत्रित किया।

इस कार्यक्रम ने वैश्विक दक्षिण के लिए एक प्रमुख विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी भागीदार के रूप में सीएसआईआर की भूमिका की पुष्टि की और सतत विकास के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने में भारत के नेतृत्व को रेखांकित किया।